RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 95
नई दिल्ली, बुधवार, 8 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा
स्पोर्ट्स-12

# अडाणी मामले में कांग्रेस के हमले पर भाजपा का पलटवार

## तीन दिन के गतिरोध के बाद चली संसद, ज्यादातर विपक्ष दलों के सदस्यों ने लिया भाग

- राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर साधा निशाना तो भाजपा ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया, कहा- कांग्रेस खुद घोटालेबाज





लोकसभा में मंगलवार को बोलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। वहीं उनको उत्तर देते भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अडाणी** मुद्दे पर मंगलवार को विपक्ष की ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हमले की अगुवाई की। उन्होंने कई आरोप लगाए जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में अडाणी को विभिन्न सेक्टरों में ठेके दिलाने में मदद की और इसके चलते नौ सालों में वे अमीरों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए जबकि 2014 में उनका स्थान 609 वां था। भाजपा ने भी कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेबुनियाद, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए।

पार्टी ने कहा कि कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही है, जिससे देश की छवि धूमिल हुई है। अडाणी मुद्दे पर संसद में दोनों में सदनों में तीन दिन तक जारी गतिरोध के बाद कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा में भाग लेने पर सहमति जताई। लेकिन शिवसेना जैसे कुछ दल बॉयकॉट पर अड़े रहे। उनका कहना था कि विवाद पर पहले जेपीसी गठित की जाए। ज्यादातर विपक्षी दलों ने संसद की कार्यवाही में भाग लेने का फैसला किया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग उठाते रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष की ओर पर पहले वक्ता के रूप में राहुल ने गौतम अडाणी शीर्ष पर पहुंचने को मोदी के सत्ता में आने से जोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के दौरान नियम बदलकर हवाई अड्डों के ठेके अडाणी समूह को दिए गए तथा प्रधानमंत्री के विदेश दौरों के बाद दूसरे देशों में भी इस उद्योगपति को कई व्यावसायिक ठेके मिले। सदन में राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तीखा विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को लोकसभा में तथ्यहीन आरोप नहीं लगाने चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेबुनियाद, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही है, जिससे देश की छवि धूमिल हुई है। प्रसाद ने संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निराधार, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके नेता उन सभी बड़े घोटालों में शामिल थे, जिन्होंने भारत की छवि को धूमिल (शेष पेज 8)

# भारत ने भेजी मदद, तुर्किए ने कहा- शुक्रिया दोस्त

- मलबा हटाने की मशीनों व चिकित्सा उपकरणों के साथ दो विमान पहुंचे तुर्किए
- लोकसभा ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि, मोदी ने हर संभव मदद का भरोसा दिया



तुर्की में भूकंप पीड़ितों के लिए विमान में राहत सामग्री भरते एनडीआरएफकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विनाशकारी** भूकंप से प्रभावित तुर्किए के लिए भारत ने मदद के दरवाजे खोल दिए हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को दो विमानों के जरिए राहत व बचाव दल, उपकरण और चिकित्सकों की टीमें भेजी हैं। एनडीआरएफ का 101 कर्मियों का दस्ता तुर्किए में बचाव कार्यों में सहायता करेगा।

इसी प्रकार सेना की ओर से 99 डॉक्टरों की टीम अस्थायी अस्पताल बनाकर घायलों का इलाज करेगी। इस मदद के लिए तुर्किए ने भारत को अपना दोस्त बताते हुए शुक्रिया अदा किया है। चौबीस घंटे के अंदर मदद पहुंचाने के लिए सीरिया ने भारत का धन्यवाद किया है। संकट की इस घड़ी में नई दिल्ली द्वारा दिखाई गई आत्मीयता की सराहना करते हुए भारत में तुर्किए के राजदूत फिरत सुनेल ने कहा कि ज़रूरत में काम आने वाला दोस्त ही सच्चा दोस्त होता है। सुनेल ने ट्वीट कर कहा कि 'दोस्त' तुर्की और हिंदी में एक आम शब्द है। हमारे यहां तुर्की की कहावत है कि दोस्त करा गुंडे बेली ओलुर। यानी जरूरत में काम आने वाला दोस्त ही दोस्त होता है। भारत का बहुत-बहुत शुक्रिया। उन्होने कहा कि भूकंप के कुछ घंटों के भीतर ही भारत द्वारा तुर्किए को दी गई मदद की हम सराहना करते हैं। भारत उन देशों में शामिल है, जिसने खोज और बचाव कार्यों के लिए अपनी टीमें भेजी हैं। तुर्किए में पहले भूकंप के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर एनडीआरएफ ने एक समन्वय बैठक की।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी तुर्किए और सीरिया के दूतावास जाकर अपनी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी दोनों देशों तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने जानमाल की हानि पर गहरा दुख जताया और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगेन को टैग करते हुए ट्वीट किया कि भारत हर संभव मदद के लिए तैयार है। इसी प्रकार भारत में सीरिया (शेष पेज 8)

# बजट में हर वर्ग का ध्यान: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में पेश आम बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार द्वारा पेश किए गए हर बजट में गरीबों के हित केंद्र में रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को बजट पेश किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की पहली बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी इसे चुनावी बजट नहीं कह रहा है, जबकि यह अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले अंतिम पूर्ण बजट था।

उन्होंने कहा कि समग्र विकास और समाज के हर वर्ग के हितों ने बजट प्रस्तावों को प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोदी के भाषण का हवाला देते हुए पत्रकारों से कहा कि यहां तक कि जो लोग वैचारिक रूप से भाजपा के विरोधी रहे हैं, उन्होंने भी बजट का स्वागत किया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से गरीब और मध्यम वर्ग सहित अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को बजट के संबंधित पहलुओं के बारे में सूचित करने का आह्वान किया। उनके मुताबिक ऐसा करते हुए मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने चुनावी अनुभवों को याद किया और कहा कि जब काम को लोगों द्वारा मान्यता दी जाती है, तो सत्ता विरोधी लहर जैसी कोई चीज नहीं होती है।

बजट की व्यापक स्वीकार्यता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी केवल 25 मेहमानों के पारिवारिक समारोह में हर किसी की पसंद को पूरा करना मुश्किल होता है, लेकिन बजट प्रस्ताव 130 करोड़ से अधिक लोगों के देश में समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कामयाब रहे हैं। मोदी ने वर्षों से बजट के साथ अपनी भागीदारी को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वह 2001 से 2014 के बीच गुजरात के मुख्यमंत्री सहित करीब 25 बजट से जुड़े रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने सांसदों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों के सांसदों से खेल कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए भी कहा क्योंकि ऐसा देखा गया है कि शहर के युवा खेलों में ज्यादा हिस्सा नहीं ले रहे हैं। मोदी ने सांसदों से बार-बार खेल बैठकें आयोजित करने के लिए कहा है।मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने अब तक विभिन्न स्थानों पर जी-20 से संबंधित करीब 20 (शेष पेज 8)

# अडाणी पर बैंकों का कर्ज ज्यादा नहीं: रेटिंग एजेंसियां

- ग्रुप की ऋण गुणवत्ता पर किसी तरह के जोखिम से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों फिच और मूडीज ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह की कंपनियों को भारतीय बैंकों की तरफ से दिया गया कर्ज इतना अधिक नहीं है कि उनकी ऋण गुणवत्ता पर किसी तरह का जोखिम पैदा हो। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बैंकों को असाधारण सरकारी समर्थन मिलने की उम्मीद को ध्यान में रखते हुए बैंक रेटिंग निर्धारित की जाती हैं।

अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की प्रतिकूल रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह के शेयरों में तगड़ी गिरावट आई है। इसकी वजह से भारतीय बैंकों के समूह को दिए गए कर्ज को लेकर भी आशंका जताई जाने लगी है। फिच रेटिंग्स ने इस संदर्भ में अपनी एक टिप्पणी में कहा कि अडाणी समूह को भारत के बैंकों का कर्ज अपने-आप में इतना अधिक नहीं है कि बैंकों के ऋण प्रोफाइल को किसी तरह का ठोस जोखिम पैदा हो सके। उसने कहा कि बैंकों की रेटिंग इस उम्मीद पर आधारित होती है कि उन्हें कर्ज फंसने की स्थिति में जरूरत पड़ने पर असाधारण सरकारी समर्थन मिल जाएगा। फिच ने कहा कि अगर अडाणी समूह के बड़े हिस्से के दबाव में आने की काल्पनिक स्थिति में भी भारतीय बैंकों का कर्ज जोखिम प्रबंधन-योग्य होगा और इन बैंकों की व्यवहार्यता रेटिंग पर भी उसका कोई प्रतिकूल परिणाम नहीं होगा।

हालांकि फिच ने कहा कि अडाणी समूह से संबंधित कुछ ऐसे गैर-पोषित कर्ज हो सकते हैं जिनकी जानकारी नहीं दी गई हो। लेकिन रेटिंग एजेंसी को ऐसी होल्डिंग के वितरित कर्ज की तुलना में कम ही रहने की उम्मीद है। इसी के साथ फिच ने ऐसे जोखिम को लेकर आगाह भी किया है कि इस विवाद का असर (शेष पेज 8)

# महापौर के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एमसीडी** के महापौर का चुनाव जल्द कराने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई होगी। यह याचिका आप की महापौर उम्मीदवार शैली ओबेराय और अन्य लोगों की तरफ से दाखिल की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने आप की ओर से पेश अधिवक्ता की उस दलील का संज्ञान लिया, जिसमें याचिका पर तुरंत सुनवाई का अनुरोध किया गया था। इससे पहले सोमवार को एमसीडी सदन हंगामे के कारण तीसरी बार भी महापौर का चुनाव करने में नाकाम रहा। यह हंगामा पीठासीन अधिकारी के यह कहने के बाद हुआ कि उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत किए गए एल्डरमैन भी चुनाव में मतदान करेंगे। इसके बाद आप के आक्रोशित नेताओं ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा और आप, दोनों ही दल एक-दूसरे पर महापौर चुनाव (शेष पेज 8)

# गौरी ने ली शपथ, नियुक्ति के खिलाफ दायर अर्जी खारिज

- निर्धारित समय से पांच मिनट पहले पूर्वाह्न 10.25 बजे बैठी पीठ, 10.48 बजे शपथ दिलाई गई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**शीर्ष** अदालत में अपनी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बीच वकील लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण ले ली। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने गौरी की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी राजा ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पढ़ने सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद गौरी को अतिरिक्त न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। चेन्नई में गौरी के अलावा चार अन्य जजों ने भी मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। अतिरिक्त न्यायाधीश पद पर गौरी की नियुक्ति के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजय खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की विशेष पीठ अदालत के निर्धारित समय से पांच मिनट पहले यानी पूर्वाह्न 10.25 बजे बैठी।

पीठ ने कहा कि हम रिट याचिका पर विचार नहीं करने जा रहे हैं। वजह बताई जाएगी। मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने गौरी को पूर्वाह्न 10.48 बजे शपथ दिलाई, जब शीर्ष अदालत इस संबंध में दलीलें सुन रही थी कि उन्हें न्यायाधीश क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए। सुनवाई (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,286 | ↓ | 220 | |
| निफ्टी | 17,721 | ↓ | 43 | |
| सोना | 57,275 | ↑ | 128 | /10g |
| चांदी | 67,975 | ↓ | 38 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जेईई-मेन में 20 छात्रों ने परफेक्ट 100 हासिल किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा मंगलवार को घोषित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी संस्करण के नतीजों में 20 प्रतिभागियों ने परफेक्ट 100 हासिल किए है। इसमें बताया गया कि 100 एनटीए अंक हासिल करने वाले सभी प्रतिभागी पुरुष है। इनमें सामान्य वर्ग से 14, अन्य पिछड़ा वर्ग से चार और सामान्य-ईडब्ल्यूएस और अनुसूचित जाति वर्ग से एक-एक प्रतिभागी शामिल है। मोहम्मद साहिल अख्तर जहां 99.9848042 एनटीए स्कोर के साथ पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) श्रेणी में टॉपर है, वही एससी श्रेणी में देशांक प्रताप सिंह 100 एनटीए स्कोर के साथ शीर्ष पर है, जबकि अनुसूचित जनजाति वर्ग में 99.99041 एनटीए स्कोर के साथ धीरावथ थानुज शीर्ष पर है।

# महिला आरोपी का कौमार्य परीक्षण असंवैधानिक

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने दी व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को व्यवस्था दी कि महिला आरोपी का कौमार्य परीक्षण कराना असंवैधानिक, लैंगिक भेदभाव और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि ऐसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है जो कौमार्य परीक्षण का प्रावधान करती हो और ऐसा परीक्षण अमानवीय व्यवहार का एक रूप है।

यह आदेश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सिस्टर सेफी की याचिका पर सुनाया, जिन्होंने 1992 में केरल में एक नन की मौत से संबंधित आपराधिक मामले के सिलसिले में उनका कौमार्य परीक्षण कराए जाने को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, यह घोषित किया जाता है कि हिरासत में ली गई एक महिला, जांच के दायरे में आरोपी, पुलिस या न्यायिक हिरासत में गई महिला का कौमार्य परीक्षण असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है, जिसमें गरिमा का अधिकार भी शामिल है।

न्यायाधीश ने कहा कि इसलिए, यह अदालत व्यवस्था देती है कि यह परीक्षण लैंगिक भेदभाव पूर्ण है और महिला अभियुक्त की गरिमा के मानवाधिकार का उल्लंघन है, अगर उसे हिरासत में रखते हुए इस तरह का परीक्षण किया जाता है। अदालत ने जोर देकर कहा कि एक महिला की हिरासत में गरिमा की अवधारणा के तहत पुलिस हिरासत में रहते हुए भी सम्मान के साथ जीने का महिला का अधिकार शामिल है और उसका कौमार्य परीक्षण करना न केवल उसकी शारीरिक (शेष पेज 8)

# कम्युनिस्टों के साथ मिलकर सुरक्षा में सेंध लगा रही कांग्रेस: योगी

- त्रिपुरा विधानसभा के चुनावी समर में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला





त्रिपुरा में एक चुनावी सभा में वहां के मुख्यमंत्री माणिक साहा व अन्य नेताओं के साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**त्रिपुरा** विधानसभा के चुनावी समर में मंगलवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उतर गए। उन्होंने यहां दो विधानसभा क्षेत्रों में विजय संकल्प रैली बागबासा, कल्याणपुर-प्रमोदनगर व एक विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर विकास कार्यों के बलबूते दूसरी बार त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनाने की अपील की तो कुशासन व घोटाले गिनाकर कम्युनिस्टों और कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश को ठगने का रहा है। दोनों पार्टियां आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने आई हैं। अन्य राज्यों की भांति यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ को यहां की जनता ने भी सिरमौर बनाकर रखा। योगी जी आयो रे, योगी जी आयो रे, सबका साथ और सबका विकास आदि के गीतों पर बागबासा में आमजन ने गोरक्षपीठाधीश्वर का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। बागबासा में योगी के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी मौजूद रहे।

योगी ने आरोप लगाया कि त्रिपुरा विधानसभा चुनाव साथ लड़ रही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस भगवान राम या कृष्ण के अस्तित्व में विश्वास नहीं करती हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इन दोनों दलों ने उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और राम मंदिर के निर्माण को रोकने की भी कोशिश की। बागबासा से भाजपा उम्मीदवार जादब लाल नाथ के पक्ष में योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा की। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष में डबल इंजन की सरकार के कार्यों ने त्रिपुरा को अलग पहचान दिलाई है। पीएम मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास का वास्तविक रूप त्रिपुरा में धरातल पर (शेष पेज 8)

### सिर्फ तृणमूल ही भाजपा को सत्ता से बाहर कर सकती है: ममता बनर्जी



**अगरतला।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी एकमात्र दल है जो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बाहर कर सकती है और देश के लोगों को भाजपा का विकल्प मुहैया करा सकती है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा के शासन में त्रिपुरा में लोकतंत्र को पीछे धकेल दिया गया, (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 फरवरी, 2023



# इंटरनेशनल गेमिंग साइट से 400 करोड़ की ठगी

## जांच में 26 बैंक अकाउंट मिले, दुबई में डी. कंपनी तक पहुंची जांच, लखनऊ, जालौन, झांसी से 16 गिरफ्तार

● नोएडा पुलिस ने मामले की रेकी करने के लिए खुद किराएदार बनकर लिया फ्लैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा पुलिस ने एक इंटरनेशनल गेमिंग बैटिंग साइट महादेव गेमिंग एप का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में अलग.अलग शहरों से 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने डेढ़ महीने में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन किए हैं। ट्रेसिंग में इनका सरगना दुबई से बैठकर यहां गेमिंग को ऑपरेट करता हुआ मिला है। डी.कंपनी से भी ये मामला जुड़ रहा है। पुलिस इस मामले में ईडी से संपर्क कर रही है।



नोएडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार इंटरनेशनल गेमिंग फर्जीवाड़े के आरोपी।

हालांकि पुलिस ने इस बारे में अभी साफ नहीं किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से झांसी नंबर की 2 लग्जरी कारें भी मिली हैं।

डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि महादेव बुक का ऑनर सौरभ चंद्राकर है। इंडिया में उसका एक एजेंट सचिन सोनी पूरे मामले को डील करता था। डीसीपी ने बताया कि नोएडा में सेक्टर.108 के मकान नंबर डी.309 फ्लैट से ये ऑनलाइन गेम ऑपरेट हो रहा था। ये मकान वेब डिजाइनिंग के कार्य के लिए 68 हजार किराए पर प्रतिमाह लिया गया था। ये मकान मीन मंजिला का है। ग्राउंड फ्लोर पर गाड़ियां खड़ी होती थी। तीसरे फ्लोर पर इन लोगों ने अपना सेटअप लगाया था। अंदर व बाहर जाने के दौरान ये लोग ताला लगाकर जाया करते थे।

नोएडा पुलिस ने खुद किराएदार बनकर वहां एक फ्लैट लिया। और इनकी रेकी की। मामला संदिग्ध होने पर दबिश दी गई। डीसीपी ने बताया कि दो माह में 10 बैंकों के 26 फर्जी बैंक खातों में 4 अरब 5 करोड़ 91 लाख 90 हजार रुपए के ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली। इन पैसों को अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। शेष 1 करोड़ 86 लाख से ज्यादा की रकम को पुलिस ने फ्रीज किया है। पुलिस सोर्स के मुताबिक, इस इंटरनेशनल गेमिंग बैटिंग साइट का संचालक मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर है। ये अभी दुबई में है। वहीं से ये वॉट्सऐप कॉल के जरिए इन लोगों से जुड़ता था। ऑनलाइन गेमिंग की ट्रेनिंग देता था।

सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे ईडी भी लगी हुई है। सामने आया है कि वो इंडिया नहीं आता है। पकड़े गए सभी आरोपी इसी के लिए काम करते हैं।

## एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा

**नोएडा।** नोएडा में एमबीबीएस में एडमिशन का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार किया गया है। छात्रों को फंसाने के लिए उसने फर्जी कंसलटेंसी ऑफिस खोला था। नेट क्वालीफाई न कर पाने छात्रों को फोन पर कांटेक्ट करता था और 35 लाख में एडमिशन कराने का दावा करता था। इसके बाद रुपए लेकर फरार हो जाता था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम यशवंत चौबे है। वह गिरोह का मास्टरमाइंड है। उस पर 25 हजार का इनाम था। आरोपी को थाना सेक्टर-126 पुलिस ने महामाया फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1.28 लाख कैश, 2 सोने की अंगूठी, सोने की चेन, 5 फर्जी आधार कार्ड और 2 मोबाइल बरामद किए गए है। गैंग ने गुजरात, लखनऊ, कानपुर और राजस्थान के छात्रों के साथ करोड़ों की ठगी की है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि 3 जनवरी को एक शख्स ने एमबीबीएस एडमिशन के नाम ठगी की शिकायत की थी।

# मकान मालिक से 30 लाख रंगदारी मांगने में चाऊमीन विक्रेता गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक हफ्ते पहले व्यापारी से 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को लिंक रोड थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह उसी का किरायेदार निकला, जो चाउमीन का ठेला लगाता है। कड़कड़ मॉडल निवासी राजेश राघव ने 1 फरवरी को इस संबंध में केस दर्ज कराया था।

राजेश राघव के मुताबिक, अज्ञात नंबर से उन्हें 31 जनवरी की रात में कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि अगर अपने 12 वर्षीय बेटे को जिंदा देखना चाहता है तो 4 दिन में 30 लाख रुपयों का इंतजाम कर ले।

लिंक रोड थाना पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को कीश्वर कुमार नायक नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वो भी कड़कड़ मॉडल की सरस्वती कॉलोनी में रहता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले वो राजेश राघव के मकान में किराए पर रहता था और राजेश के साथ मिलकर काम भी करता था। अब वो कड़कड़ मॉडल में चाऊमीन का ठेला लगाता है। फिलहाल ये काम धंधा ठीक नहीं चल रहा था।

## लोन के नाम पर कई व्यापारियों से धोखाधड़ी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की गोविन्दपुरी कॉलोनी में एक दर्जन से अधिक व्यापारियों से लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने इस संबंध में थााने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गोविनदपुरी कॉलोनी निवासी भानू प्रताप सिंह छोटी मार्किट में दुकान करते है। उन्होंने बताया कि एक युवक मेरे पास आया और खुद को राष्ट्रीय बैंक में कार्यरत बताया कि और उसने लोन कराने के नाम पर कई व्यापारियों को ठग लिया।

# एक्सप्रेसवे ट्रैफिक का तलाशेंगे विकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● बाधित हो सकती है यातायात व्यवस्था, रोजाना निकलते हैं 1 लाख से ज्यादा वाहन

नोएडा की लाइफ लाइन एक्सप्रेस वे का विकल्प जल्द नहीं तलाशा गया तो यहां ट्रैफिक सिस्टम कोलैप्स कर सकता है। 2013 में सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट सीआरआरआई की स्टडी के मुताबिक, 24 घंटे में यहां से करीब 44 हजार 440 वाहन निकलते थे। वर्तमान में ये संख्या दो गुना से ज्यादा हो चुकी है। एक्सप्रेस वे का विकल्प के लिए कंसल्टेंट कंपनी का चयन किया जाएगा। जिसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी जारी की जा रही है।

नोएडा एक्सप्रेस वे दिल्ली को नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ता है। ये एक्सप्रेस वे जीरो पाइंट पर यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ता है। यानी दिल्ली से आगरा, इटावा, कानपुर और लखनऊ तक का सारा ट्रैफिक इसी एक्सप्रेस वे होकर आता-जाता है। यही वजह है कंस्ट्रक्शन काम होने से यहां पिछले डेढ़ साल से लोग रोजाना जाम झेल रहे है। वर्तमान में इस एक्सप्रेस की सरफेसिंग, अंडर पास का काम किया जा रहा है। 2002 में जब ये एक्सप्रेस वे शुरू हुआ। उस समय स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा थी। वर्तमान में रोजाना यहां से एक लाख से ज्यादा वाहन गुजरते है।

यातायात दबाव बढ़ने से कोई भी वाहन 60 से 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अधिक की स्पीड से यहां नहीं चल सकता। यहां बड़े औद्योगिक सेक्टर विकसित किए जा रहे है। यह प्रदेश का पहला डबल डैकर एक्सप्रेस वे होगा। योजना के तहत ये एलिवेटड महामाया फ्लाईओवर के पास से उठाकर सीधे सेक्टर-151 स्थित नोएडा प्रवेश द्वार पर उतारा जाए और एक स्लिप एलिवेटड जो सीधे यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ कर बनाई जाए।

## ईनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपरहण व जान से मारने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

कासना थाने पर 25 मार्च को रोहित द्वारा शिकायत किया था। कि उसके मालिक अमित कुमार मुर्तजा ने स्कॉर्पियो कार सवार परविंदर व उसके साथियों ने गन प्वाइंट पर लेकर अपहरण कर लिया।

अपनी स्कॉर्पियों और ब्रेजा गाड़ी में दोनों को गन पॉइंट पर ले जाकर मारपीट की। इसके बाद सुनसान जगह पर मुझको छोड़कर मालिक को कहीं और लेकर चले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई और उसको गिरफ्तार कर लिया।

# मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बस-कैंटर की भिड़ंत, 6 जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में कराया गया भर्ती

गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज बस ने कैंटर में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में बैठे करीब छह यात्री घायल हुए हैं। पुलिस ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। ये हादसा गाजियाबाद में वेव सिटी के सामने हुआ है।

कौशांबी डिपो की रोडवेज बस मेरठ से गाजियाबाद की तरफआ रही थी। बस के आगे एक कैंटर चल रहा था। अचानक बस और कैंटर में भिड़ंत हो गई। बस का ड्राइवर साइड वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के चलते यात्रियों में चींख.पुकार मच गई। आनन.फानन में वेव सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी यात्रियों को बस से नीचे उतारा। करीब 6 यात्री ऐसे थे, जो मामूली रूप से चोटिल थे। इन्हें तुरंत डॉक्टर के पास भेजा गया। बस के ड्राइवर को भी मामूली रूप से चोट आई हैं। उधर, हादसे के चलते कुछ देर के लिए एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के पहिये थम गए। फिर पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और कैंटर को एक्सप्रेस.वे के किनारे खड़ा करवाकर यातायात सुचारू कराया।

## हाथ में पिस्टल लेकर बनाई रील, शूट किए वीडियो

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फिर एक रील वायरल हो रही है। इसे दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वे पर एक लड़के ने पिस्टल के साथ बनाया है। उसने एक्सप्रेस.वे के किनारे गाड़ी खड़ी की और उसकी बोनट पर बैठ गया। जैसे ही रील की शूटिंग शुरू हुई वो बोनट से उतरा और अपनी कमर में लगी पिस्टल को निकाल लिया। पिस्टल को अपनी उंगलियों में फंसाकर नचाने लगा। बैकग्राउंड में एक मार्गी गरीबी, दूजे मार के करीबी, होके दुनिया से तंग बदमाश बन जा, गाना चल रहा था। मामला विजयनगर क्षेत्र का है। गाजियाबाद पुलिस की एसीपी अंशु जैन ने बताया कि एक्सप्रेस-वे की इस वीडियो में दिख रहे शख्स की पहचान पुनीत भारती के रूप में की गई हे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेट्रो लाइन से केबल काटने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये चोर मेट्रो लाइन से केबल काटकर चोरी किया करते थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि इनके दो साथी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस उनके दो साथियों की तलाश कर रही है। दरसअल, 21 जनवरी को नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 148 मेट्रो स्टेशन और नॉलेज पार्क 2 मेट्रो स्टेशन के बीच से करीब 1000 मीटर केबिल को काट के चोरी कर लिया गया था।

### कलक्ट्रेट का घेराव कर रालोद ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद किसान संदेश अभियान चला रहा है। इसी क्रम में आज गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित किए जाने, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने और गन्ना किसानों के बकाए का ब्याज समेत भुगतान की मांग को लेकर रालोद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव और प्रदर्शन किया। रालोद की महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी और जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा कि वर्तमान सत्र शुरू हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक गन्ने के मूल्य की घोषणा नहीं की गई है।

### नई इकाइयों के लिए चाहिए आधारभूत ढांचा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नए चीफइंजीनियर के तौर पर नीरज स्वरूप ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मुरादाबाद से आए नवनियुक्त अधिकारी नीरज स्वरूप ने बताया कि वह डिस्ट्रीब्यूशन से पहले ट्रांसमिशन से जुड़े थे और लखनऊ में तैनात रहे। डिस्ट्रीब्यूशन में यह उनकी दूसरी पोस्टिंग है। अपने कार्यकाल के पहले दिन चीफइंजीनियर नीरज स्वरूप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देना है। शासन से निर्धारित घंटे के अनुसार उपभोक्ता तक सप्लाई पहुंचाई जाएगी।

### केक काटकर किया नवजात बच्ची का स्वागत

**नोएडा।** सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने बेटी बचाओ संदेश को लोगों तक पहुंचाने को लेकर अपने अभियान मिशन बेटी के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन्मी नवजात बच्चियों का केक काटकर स्वागत किया। संस्थापक डा राहुल वर्मा ने कन्या जन्म पर खुशी मनाओ. कन्या जन्मोत्सव मनाओ का नारा देते हुए कहा कि बेटियों के जन्म पर भी खुशियां मनाने की आवश्यकता है।

### संभव में नगर आयुक्त ने सुनी लोगों की शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम सभागार में आज संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम में 17 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थीं, हालांकि इनमें कई मांगे भी शामिल है। संभव कार्यक्रम में आज नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।


**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995

पंजी. कार्यालय : एनएस 92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली 110043

ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : http:www.superiorfinlease.com

31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31 12 2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 09 2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31 12 2021 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31 12 2022 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31 12 2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 03 2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 36.54 | 51.51 | 25.85 | 138.22 | 75.12 | 140.30 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 2.17 | 25.52 | 1.46 | 39.98 | 38.13 | 25.40 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.17 | 25.52 | 1.46 | 39.98 | 38.13 | 25.40 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 2.17 | 25.52 | 1.46 | 39.98 | 38.13 | 18.80 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 2.17 | 25.52 | 1.46 | 39.98 | 38.13 | 18.80 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/ प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (क) मूल (रू. में) | 0.01 | 0.09 | - | 0.13 | 0.13 | 0.06 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 0.01 | 0.09 | - | 0.13 | 0.13 | 0.06 |

नोट :
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और नौ माह समाप्त परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in तथा www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन : 02463693

तिथि : 06 02 2023
स्थान : नई दिल्ली



**SRF LIMITED**

Regd. Office: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder/ Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S 0006208 | SARLA GUPTA | 41607 | 2477176 | 2477200 | 25 |
| | | | 145862 | 5834898 | 5834909 | 12 |
| | | | 341473-75 | 16546864 | 16546889 | 26 |
| | | | 490473-75 | 24566656 | 24566681 | 26 |
| | | | 90174217 | 13090025 | 13090039 | 15 |
| 2 | A 0002891 | ANILA SHAMA | 49004-5 | 2675601 | 2675700 | 100 |
| | | | 55496 | 2819467 | 2819499 | 33 |
| | | | 95679-80 | 4096335 | 4096400 | 66 |
| 3 | SRF0030631 | JAGDISH B K | 90065491-93 | 8917666 | 8917765 | 100 |
| | | | 90189794 | 14924620 | 14924669 | 50 |
| 4 | SRF0138628 | DERSHAN LAL JAIN | 458968 | 23919914 | 23919963 | 50 |
| 5 | P 0001567 | PARVEEN ARORA | 25131 | 2009026 | 2009050 | 25 |
| | | | 137376 | 5634507 | 5634522 | 16 |
| | | | 976430 | 18585439 | 18585446 | 8 |
| 6 | B 0003861 | BRIJESH KUMAR GUPTA | 99065 | 4185813 | 4185838 | 26 |
| | | MRS KAMLA DEVI (Joint Holder1 ) | 975300 | 18550171 | 18550223 | 53 |
| 7 | SRF0038304 | RAKNA GANGAR | 375679-81 | 17140329 | 17140351 | 23 |
| | | JAYESH GANGAR (Joint Holder1 ) | 524679- 81 | 25160121 | 25160143 | 23 |
| | | | 90080537 | 9372930 | 9372949 | 20 |
| 8 | K 0001692 | SAVITA SETHI (Claimant) | 124831 | 5245086 | 5245101 | 16 |
| | | KAUSHALYA KAPUR (Deceased Shareholder) | 975872 | 18568622 | 18568654 | 33 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For SRF LIMITED
Sd/-
RAJAT LAKHANPAL
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 07-02-2023



**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

कार्पोरेट पहचान संख्या : एल65929डीएल1947पीएलसी001240

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

फोन : 7303495375, ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,

वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2022 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31-12-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-12-2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 115.26 | 972.29 | 180.41 | 1,561.56 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 69.38 | 772.52 | 118.88 | 1,358.48 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 69.38 | 280.74 | 118.88 | 1,358.48 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 67.20 | 159.72 | 98.74 | 1,116.99 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 7,105.76 | 22,370.44 | (2,387.48) | (5,136.95) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर) | 320.00 | 320.00 | 320.00 | 320.00 |
| 7 | अन्य इक्विटी (वर्ष की समाप्ति पर) | | | | 243,434.01 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू. में) | 2.10 | 4.99 | 3.08 | 34.91 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 2.10 | 4.99 | 3.08 | 34.91 |

1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित, सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 07 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 07 फरवरी, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों की प्रमुख संख्या निम्नानुसार हैं :-

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31-12-2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय | 111.31 | 919.90 | 129.16 | 1,186.00 |
| अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 66.42 | 703.45 | 68.52 | 986.77 |
| अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 64.70 | 590.49 | 57.09 | 810.59 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | 6,407.26 | 12,968.85 | -2,461.64 | -3,962.02 |

4. संगत तिमाही के आंकड़े, जहां आवश्यक है, वर्तमान तिमाही प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
(श्वेता सक्सेना)
निदेशक एवं कम्पनी सचिव
डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 07 फरवरी, 2023



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Mr. Vikas sharma S/o Om Prakash sharma who is the owner of the subject property PLOT NO. 15A, AREA MEASURING 570.20 SQ. MTRS., SITUATED AT VILLAGE/SECTOR NAMOLI, KISAN ABADI , GREATER NOIDA, DISTRICT GAUTAM BUDH NAGAR, (U.P.) ; from Mr. Vikas sharma S/o Om Prakash sharma who is the owner of the subject property by virtue of and the bo Mr. Vikas sharma intend to mortgage against the financial assistance from Aditya Birla Housing Finance Limited. That the Original Lease Deed-01.03.2019- Executed by Greater Noida Industrial Development Authority in favour of Mr. Gurbachan Singh Singh in respect of Plot No. 15-A,area measuring 570.20 Sq. Mtrs., duly registered vide Document No.7774, Book No.1, Volume No. 31611, on pages 1-42, dated 01.03.2019, SRO-Greater Noida, Gautam Budh Nagar. have been Lost and not available and an FIR has lodged on dated 03.02.2023 with LR No:112459/2023 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing at the address mentioned below, about his objections within 3 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, Charge, disputes etc.

**Chetan Sharma Advocate**
**G-37, Jangpura Extn. Ground floor Delhi**



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रजेश चंद्र झा संतोष/ सोनल कपूर/ LBDEL00002106093 | फ्लैट नंबर- 5122, 12वीं मंज़िल, टॉवर-5वां, टाइप-ए एटीएस ट्राइफ, सेक्टर- 104, हरियाणा, गुड़गांव/04 फरवरी, 2023 | अक्टूबर 14, 2022 रु. 2,21,52,603/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : फरवरी 08, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



**सार्वजनिक सूचना**

सभी को ज्ञात हो कि मैं, शीला पत्नी श्री रतन लाल, निवासी 17/469, डीडीए जनता फ्लैट, मदनगीर, नई दिल्ली-110062 ने फ्लैट नंबर 17/469, डीडीए जनता फ्लैट, मदनगीर, नई दिल्ली के रूपांतरण - लीज होल्ड से फ्री होल्ड के लिए आवेदन किया है। उपरोक्त फ्लैट का मूल दस्तावेज अर्थात मांग-सह आवंटन पत्र खो गया है। इस आशय की प्राथमिकी थाना क्राइम ब्रांच एस.ओ. नंबर 430/2014, एलआर नंबर 112964/2023 दिनांक 03/02/2023 में दर्ज करायी गयी है। कोई भी व्यक्ति जो किसी भी अधिकार, हित का दावा करता है, कोई आपत्ति रखता है या उसके पास मूल दस्तावेज पाया जाता है, वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते/फोन नंबर 9310333947 पर लिख/संपर्क कर सकता है। इस संपत्ति के संबंध में किसी भी अधिकार, हित, आपत्तियों का दावा करने वाला व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से निदेशक (एलएबी) एच या निदेशक (एच)-1, डी ब्लॉक, तीसरी मंजिल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को सूचित या लिख सकता है।



**जिंदल लीजफिन लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252

पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली-110001

31-12-2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31.12.2022 अलेखापरीक्षित | नौ माह समाप्त 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | - | - | -0.45 | - | -0.45 | 19.92 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व #) | -2.02 | -3.19 | -3.48 | -10.43 | -11.48 | 8.97 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद #) | -2.02 | -3.19 | -3.48 | -10.43 | -11.48 | 8.97 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद #) | -1.68 | -10.68 | -4.31 | -8.97 | -14.4 | 19.47 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | -9.08 | 1.4 | -0.52 | -3.47 | 5.96 | 40.1 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है। | 486.55 | 495.63 | 455.87 | 486.55 | 455.87 | 490.01 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/ प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) 1. मूल | -0.06 | -0.03 | -0.14 | -0.03 | -0.48 | 0.65 |
| | 2. तनुकृत | -0.06 | -0.03 | -0.14 | -0.03 | -0.48 | 0.65 |

नोट :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स www.bseindia.com पर उपलब्ध है। उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.jlltd.co.in पर भी उपलब्ध है।
2. लेखापरीक्षा समिति द्वारा सम्यक् पुनरीक्षित उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 07-02-2023 को आयोजित उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./-
(सुरेन्द्र कुमार जिंदल)
प्रबंध निदेशक

तिथि : 07-02-2023
स्थान : नई दिल्ली


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम महापौर चुनाव की लड़ाई सड़क पर आई

## हार के डर से भाजपा नहीं चाहती चुनाव : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भाजपा मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

महापौर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा आमने-सामने हैं। आप ने भाजपा की घेराबंदी की तो भाजपा ने आम आदमी पार्टी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के पार्षदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने उपराज्यपाल और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पार्टी का कहना है कि यह संघर्ष लंबा है और वह इसके लिए तैयार हैं। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी दुनिया की सबसे छोटी पार्टी को कुचलना चाहती है इसलिए अब वह दुनिया के सबसे मजबूत न्यायालय जाएंगे। अब वहीं न्याय मिल सकता है।

आम आदमी पार्टी के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि उनकी पार्टी के पास संख्या बल ज्यादा है। दिल्ली वाले खुद समझ लें कि चुनाव कौन नहीं होने देना चाहता है। भाजपा के पास संख्या बल कम है इसलिए वह चुनाव से भाग रही है। यह लोग जोड़-तोड़ की राजनीति रहे थे कि आम आदमी पार्टी के पार्षदों को खरीद लेंगे लेकिन आप पार्षद कट्टर ईमानदार निकल गए। हर साल एमसीडी का बजट 16000 करोड़ है। 15 साल के हिसाब से जोड़ें तो भाजपा नेताओं ने कितना भ्रष्टाचार किया है। एक-एक फाइल उनके पास मौजूद है, जिस निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी एक-एक के खिलाफ जांच कराई जाएगी। इनके कई पार्षदों को पॉश कॉलोनियों में कई फ्लैट हैं। आम आदमी पार्टी का संघर्ष लंबा है। ऐसे कई प्रदर्शन करने पड़ेंगे, लाठियां खानी पड़ेंगी, पानी की बौछारों को सहना पड़ेगा। इन सबके लिए तैयार हैं। आम आदमी पार्टी का फैसला यही है कि मेयर, डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य भी आम आदमी पार्टी के ही बनेंगे।

ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पीठासीन अधिकारी पर न्यायालय की अवमानना का मामला बनता है। सोमवार को निगम सदन में पीठासीन अधिकारी ने हाईकोर्ट का एक ऑर्डर दिखाते हुए कहा कि इसके आधार पर एल्डरमैन वोट करेंगे। सच्चाई तो यह है कि ऐसा कोई आदेश मौजूद ही नहीं है। इस प्रकार झूठ बोलना अदालत का निरादर है। कल हाउस में पीठासीन अधिकारी ने कहा कि एल्डरमैन वोट करेंगे। आजतक के इतिहास में कभी भी एल्डरमैन ने वोटिंग नहीं की है।

## संवैधानिक मर्यादा तोड़ रही आप : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी कार्यालय पर धरने पर बैठे सांसद, विधायक और पार्षद।

आम आदमी पार्टी पर मेयर चुनाव में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। आप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मेयर मिलने तक यह संघर्ष चलता रहेगा।

उन्होंने आप पार्षदों पर नगर निगम के सदन में हंगामा व नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा, दिल्ली को मेयर मिलना चाहिए और इसके लिए आप के पार्षदों को मर्यादा में रहना होगा। यदि नहीं रहेंगे तो भाजपा को मर्यादा में रखने के दूसरे तरीके आते हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने किया और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी, सांसद रमेश विधूड़ी एवं प्रवेश साहिब सिंह, विधायक अनिल वाजपेयी आदि ने सम्बोधित किया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि महापौर के चुनाव के समय आम आदमी पार्टी दादागिरी पर उतर चुकी है और संवैधानिक मार्यादाओं को तार तार करने का काम आप के दबंग नेता सदन के अंदर कर रहे हैं। पीठासीन अधिकारी का माइक छिनना, मेज पर चढ़कर हंगामा करना और महिला पार्षदों को मारने के बाद आप के नेता कहते हैं कि सदन में चुनाव नहीं हो पा रहा है। सचदेवा ने केजरीवाल को चेतावनी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को दादागिरी छोड़नी होगी क्योंकि भाजपा दिल्ली को बर्बाद होते और नहीं देख सकती। भाजपा महापौर के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर उनके पार्टी के पार्षद जब भी महापौर के चुनाव के लिए निगम के सदन में एकत्रित हो रहे हैं तब ही वे हंगामा कर देते हैं। यहां तक भाजपा महिला पार्षदों के साथ मारपीट और गाली गलौच भी करते हैं। दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की आदत केजरीवाल की पुरानी हो चुकी है। सांसाद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि पहले केजरीवाल यह कहकर जनता को गुमराह करते रहे कि एलजी उन्हें काम नहीं करने देते और अब डर है कि कही महापौर का चुनाव हो गया तो उनके बराबर का अधिकारी बन जाएगा और साथ ही केजरीवाल ने चुनाव के वक्त जिन निगम प्रत्याशियों को पैसा लेकर टिकट दिए वे अब वोट देने के बदले पैसे वापस मांग रहे हैं।

# दावा : शिक्षा मंत्रालय ने दिया 244 प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त करने का प्रस्ताव

- उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय का पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रधानाध्यापकों के 244 पदों को खत्म करने का प्रस्ताव दिया था और पांच साल तक नहीं भरे जाने के कारण इन्हें समाप्त समझा गया। इससे पहले गत रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया था कि 370 प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से संबंधित फाइल उपराज्यपाल कार्यालय को भेजी गई थी लेकिन उपराज्यपाल ने केवल 126 को ही मंजूरी दी और मामूली आधार पर शेष 244 पदों की नियुक्तियों को रोक दिया। उन्होंने उपराज्यपाल पर सेवा विभाग को असंवैधानिक रूप से संभालने का भी आरोप लगाया था।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि वह उपमुख्यमंत्री के प्रस्ताव से सहमत नहीं थे और उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रधानाध्यापकों के पदों को समाप्त करने या बनाए रखने पर एक रिपोर्ट तैयार करने की सलाह दी। कार्यालय ने सिसोदिया द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें स्पष्ट रूप से गलत, तथ्य रहित, भ्रामक और संवैधानिक प्रावधानों और दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वाला करार दिया। साथ ही कहा 12 अप्रैल, 2017 के वित्त मंत्रालय के मेमो के अनुसार, इन पदों को समाप्त माना गया था क्योंकि शिक्षा विभाग उन्हें पांच साल से अधिक समय तक नहीं भर सका।

वित्त मंत्रालय के मेमो में प्रावधान है कि समाप्त मानने की श्रेणी में आने वाले पद को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नहीं भरा जा सकता है।

# हाथ पर मेहंदी लगाने के बाद नौ साल की बच्ची को दौरा पड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सर गंगाराम अस्पताल ने मंगलवार को बताया कि उनके सामने एक अनोखा मामला आया जिसमें नौ साल की एक बच्ची को हाथों पर मेहंदी लगाने के बाद उसकी महक से दौरे पड़ने लगे। इस मामले में शोध पत्र क्लिनिकल न्यूरोफिजियोलॉजी के जनवरी 2023 संस्करण में प्रकाशित हुआ है।

सर गंगा राम अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक (कर्नल) पीके सेठी के ने बतया कि हाल ही में एक अनोखा मामला आया जिसमें नौ साल की बच्ची को मेहंदी लगाने के बाद दौरे पड़ रहे थे। अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि मेहंदी लगाने के बाद बच्ची को जब पहला दौरा पड़ा तो अचानक वह बेहोश होकर गिर गई और 20 सेकंड तक उसका शरीर तड़फड़ाता रहा।

# आप-भाजपा की लड़ाई में पिस रही जनता : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि आप और भाजपा की सत्ता हथियाने की नूरा कुश्ती के कारण मेयर चुनाव नहीं हो पा रहा है। इसके चलते एमसीडी में संवैधानिक संकट उत्पन्न होने का खतरा मंडरा रहा है। जिसके लिए भाजपा और आप दोनों बराबर की जिम्मेदार हैं। कांग्रेस दोनों पार्टियों की अलोकतांत्रिक लड़ाई का विरोध करती है क्योंकि दोनों के झगड़े में जनता पिस रही है।

अनिल भारद्वाज ने कहा कि संशोधित डीएमसी एक्ट के तहत संवैधानिक तरीके से यदि एल्डरमैन को मेयर चुनाव में वोटिंग अधिकार है तब आप इसका विरोध क्यों कर रही है। यदि उन्हें अधिकार नहीं है तो आम आदमी पार्टी ने 26 जनवरी को जब सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी कि तब उन्होंने एल्डरमैन के वोटिंग अधिकार के विरोध में अपनी बात सुप्रीम कोर्ट में क्यों नहीं रखी और बिना कारण याचिका वापस क्यों ली। आप और भाजपा दोनो एक दूसरे पर पार्षदों की खरीद फरोख्त का आरोप लगा रहे हैं जिससे यह बात सिद्ध होती है कि दोनों दल खरीद फरोख्त में लिप्त हैं।



संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस नेता अनिल भारद्वाज व अन्य।

## झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन केजरीवाल से मिले

**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया। गौरतलब है कि अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाला है, इसलिए चुनाव से पहले देश के उभरते राजनीतिक परिदृश्य के बीच यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो और केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप दोनों विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार पर हमला करने में आगे रहे हैं।

## एनडीएमसी के 4500 कर्मचारियों को नियमित किया जाए : सीएम

- केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के 4500 कर्मचारियों को नियमित करने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने लिखा कि ग्रुप सी भर्ती नियमों के शीघ्र अनुमोदन के लिए प्रस्ताव कई बार भेजा गया। इसके बावजूद कर्मचारियों को नियमित करने की मांग अभी पूरी नहीं हुई है। कर्मचारी स्थायी नहीं होने के कारण मामूली तनख्वाह में इनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में मानवता के आधार पर इन कर्मचारियों को स्थायी किया जाए।

अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने 22 मार्च 2022 को अनुरोध किया था कि ग्रुप सी भर्ती नियमों के शीघ्र अनुमोदन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

## पिछले एक साल में बदली जेएनयू की छवि : कुलपति

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने मंगलवार को कहा कि पिछले एक साल में राष्ट्र विरोधी विश्वविद्यालय के रूप में जेएनयू की छवि बदली है और विश्वविद्यालय के समुदाय ने दिखाया है कि यह राष्ट्रवादी, रचनात्मक, समावेशी है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कुछ छात्रों पर भारत विरोधी बयान देने तथा साम्प्रदायिक दंगों में शामिल होने का आरोप लगाया गया और विश्वविद्यालय की छवि राष्ट्र विरोधी के तौर पर बना दी गई। कुलपति के रूप में शांतिश्री ने एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

# एमसीडी ने चलाया विशेष अतिक्रमण रोधी अभियान

- जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर निगम चला रहा 15 दिनों की विशेष मुहिम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चला रहा है। एक पखवाड़े तक चलने वाले इस मुहिम के तहत मंगलवार को सभी 12 जोन की टीमें सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया गया।

दिल्ली नगर निगम के इस विशेष अभियान के तहत मध्य क्षेत्र ने गोविंदपुरी, ओखला, सरिता विहार, अंसारी रोड, दयानंद रोड, महावीर वाटिका, परदा बाग और दरियागंज इलाकों में अभियान चलाया। मध्य जोन की जनरल ब्रांच की टीम ने 2 किमी के दायरे से अतिक्रमण हटाया और 22 वस्तुओं को जब्त किया। रोहिणी जोन ने अपने तीन वार्डों में अतिक्रमण रोधी अभियान का आयोजन किया और 4 किमी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाया। रोहिणी जोन ने पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन और नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास अभियान चलाया और 6 सामान जब्त किए। दक्षिण क्षेत्र ने भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 59 सामानों को जब्त किया।

दक्षिण क्षेत्र ने सिद्धार्थ बाजार, डबराल मार्ग, मदनगीर, दक्षिणपुरी, फतेहपुर बेरी और भाटी माइंस क्षेत्र में अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दक्षिण क्षेत्र ने 33 पक्के, अस्थायी ढांचों को तोड़ा जो अतिक्रमण कर रहे थे। करोल बाग जोन ने कीर्ति नगर लक्कड़ बाजार क्षेत्र के 1 किमी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया। अभियान के दौरान 53 सामानों को जब्त किया गया।

# राजधानी के ज्यादातर हिस्सों में खारा है भूजल : रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ने एक रिपोर्ट में कहा कि दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में भूजल खारा प्रकृति का है तथा राजधानी के उत्तरपूर्वी हिस्सों में भूजल में नाइट्रेट की सघनता अधिक है।

सीजीडब्ल्यूबी की भूजल वार्षिक पुस्तिका 2021-22 में कहा गया है, मई 2021 में एकत्रित भूजल के नमूनों के रासायनिक विश्लेषण से पता चलता है कि राज्य के ज्यादातर हिस्सों में भूजल में नाइट्रेट की मात्रा 45 माइक्रोग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा के भीतर पाई गई। हालांकि, दिल्ली के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में नाइट्रेट सघनता अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शहर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी सभी इलाकों में फ्लोराइड सघनता 1.5 माइक्रोग्राम प्रति लीटर की स्वीकार्य सीमा के भीतर पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के पूर्वी हिस्सों खासतौर से यमुना के मैदानी हिस्सों के आसपास के इलाकों और दिल्ली क्वार्टजाइट रिज जोन में विद्युत प्रतिरोधकता (ईसी) शून्य से 2,250 माइक्रोसिमेंस प्रति सेंटीमीटर की स्वीकार्य सीमा के भीतर पाई गई।

## वजीरपुर में 30 बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराया

**नई दिल्ली।** राजधानी के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी में लगाए गए 30 बच्चों को मुक्त कराया। यहां से छुड़ाए गए सभी बच्चों की उम्र 13 से 17 साल के बीच है, जिनमें चार लड़कियां भी शामिल हैं।

इन मासूम बच्चों को क्षेत्र में जूता बनाने की इकाइयों, होजरी इकाई, खिलौना निर्माण और स्टील के बर्तन बनाने वाली इकाइयों में बाल श्रमिकों के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था।

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोगी संगठन सहयोग केयर फॉर यू ने श्रम विभाग, एसडीएम रामपुरा, डीसीपीसीआर और दिल्ली पुलिस के साथ अभियान चलाकर बच्चों को मुक्त कराया।

# मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा पुजारियों ने किया प्रदर्शन

- भाजपा हिंदू, सिख, ईसाई धार्मिक स्थलों के धार्मिक नेताओं के वेतन की मांग उठाती रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा के नेताओं ने मंदिर के पुजारियों को मासिक वेतन देने की मांग को लेकर मंगलवार को सिविल लाइंस में सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया।

इस मौके भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करनैल सिंह ने कहा कि जब हिंदुओं के टैक्स के पैसे से मौलवियों को वेतन मिल सकता है तो फिर पुराजियों को भी मिलना चाहिए। प्रदर्शन में शहर के मंदिरों के पुजारियों ने भी शिरकत की। प्रदर्शनकारियों के भाजपा सांसद मनोज तिवारी भजन गा रहे थे। इस प्रदर्शन का आयोजन दिल्ली प्रदेश भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ ने किया था। प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा कर रहे थे। उनके साथ सांसद रमेश बिधूड़ी और विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

## बीएसईएस के 27 चार्जिंग स्टेशन शुरू, 73 और बनेंगे

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड ने दिल्ली नगर निगम के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के मकसद से सौ चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने और ईवी वाहनों को बढ़ावा देने की योजना बनाई है।

कंपनी ने पहले चरण में पूर्वी दिल्ली में 27 चार्जिंग स्टेशन शुरू किए हैं जबकि 73 और बनेंगे। उद्घाटन एमसीडी आरपीसेल के उपायुक्त अमित भारद्वाज और बीवाईपीएल के सीईओ अमरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर बीएसईएस, ईटीओ मोटर्स, ईवीआरई और एमसीडी के आला अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार



मयूर विहार में पर्यावरण सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने लगाए पौधे।

### आरएसएस ने पर्यावरण सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली।** मयूर विहार जिला के कोंडली नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धार्मिक संस्थान द्वारा एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम द्वारा 109 पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया। स्थानीय लोगों ने एक-एक पौधे लगा कर खुद पर्यावरण के प्रति अपनी भागीदारी को सुनिश्चित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य ने की एवं इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के दिल्ली प्रदेश संयोजक जय कुमार गोयल एवं दिल्ली प्रांत सह प्रमुख सतीश स्वामी तथा मयूर विहार जिला प्रमुख शिवभट्ट उपस्थित रहे।

### समृद्ध शास्त्रीय संगीत से छात्रों को परिचित कराया

**नई दिल्ली।** श्री सत्य साईं इंटरनेशनल सेंटर में मंगलवार को समृद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीत समारोह में संगीत की समृद्ध विरासत से परिचित कराया गया। बेनू हैरिटेज की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में पदमभूषण से सम्मानित शास्त्रीय गायक पंडित साजन मिश्रा के गायन और प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना की बांसुरी की धुनों को करीब 200 स्कूली छात्रों ने सुना। समारोह का शुभारंभ शास्त्रीय संगीत गायिका पदमजा चक्रवर्ती, मैट्रिक्स फ्राइट सिस्टम्स प्राइवेट लि. निदेशक सुधीर डे ने किया।

### बुजुर्गों को डिजिटल सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा प्रदान करने के लिए मंगलवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेल्पेज इंडिया द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों सशक्त बनाना है ताकि वो ऑनलाइन धोखाधड़ी और घोटालों से स्वयं को बचा सकें। 7 फरवरी को 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' मनाते हुए, हैल्पेज इंडिया ने 1000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को एक साथ प्रशिक्षित करने के लिए 16 राज्यों में डिजिटल सुरक्षा कार्यशालाओं की श्रृंखला शुरू की। इसके तहत ऑनलाइन भुगतान, वस्तुएं ऑर्डर करने, बैंकिंग और खरीदारी जैसी डिजिटल सेवाओं का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित कराना है।

# तुर्किये में भूकंप: भरी आंखों से अपनों की सलामती की दुआ को उठे हाथ

## दिल्ली में अपना कारोबार करने वाले तुर्की के नागरिक ने भारत सरकार की मदद के लिए प्रधानमंत्री मोदी को सराहा



- साकेत के सिटी सलेक्ट मॉल में मशहूर कबाब आउटलेट के मालिक ने हादसे में अपने बचपन के दोस्त को खोया

**अजीत तिवारी।** नई दिल्ली

भीषण भूकंप के बाद तुर्किये और सीरिया के लोगों को इस भयानक त्रासदी की भयावह यादों से उबरने में काफी वक्त लग सकता है। लेकिन उन लोगों के लिए यह और भी पीड़ादायक है जो घर से दूर दूसरे देशों में काम कर है और फोन या टीवी पर वहां का हाल देख व सुन रहे हैं। भारत में भी तुर्किये के नागरिक रहते हैं, जो अपनों की सलामती के लिए दुआ मांग रहे हैं और भारत सरकार द्वारा तुरंत वहां पर मदद भेजने की सराहना भी कर रहे हैं। हमने ऐसे कई लोगों से संपर्क साधने की कोशिश की लेकिन गम में डूबे अधिकांश लोगों ने बात करने से मना कर दिया। सिर्फ राजधानी के साकेत स्थित सिटी सलेक्ट मॉल में पिछले 15 साल से 'अलतुर्का' नाम से तुर्की कबाब का स्वाद मुहैया कराने वाले तुर्की के नागरिक सरकन उनसाल अपनी पीड़ा को साझा किया। उनसाल को लोग यहां प्यार से सर जॉन भी कहकर पुकारते हैं।

### मुश्किल हालात

सरकन उनसाल ने कहा कि तुर्किये के 10 प्रांत बेहद प्रभावित हुए हैं। हजारों से ज्यादा बहुमंजिला भवन जमींदोज हो चुके हैं। लाइट गायब होने के साथ वहां बारिश भी हो रही है। पारा भी शून्य से नीचे आ चुका है। इसके कारण राहत बचाव कार्य बाधित हो रहा है।

उनसाल के मुताबिक भूकंप की चपेट में उनके परिवार या संबंधी नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने बचपन के दोस्त और शिक्षक समेत की लोगों को खोया है।

पायनियर से बात करते हुए भावुक सरकन उनसाल ने कहा कि आप सभी तुर्किये में आई इस आपदा में लोगों की सलामती और सुरक्षित होने की प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि इस जलजले के बाद से वहां हर कोई दहशत और डर के साये में हैं। रविवार को तीन बार आए भूकंप के बाद, बारिश और शून्य से नीचे के तापमान ने बेघर हुए लोगों के लिए चुनौतियों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि तुर्किये में रविवार को आए विनाशकारी भूकंप से जहां अबतक 5,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं, वहीं कई हजार लोग अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।

उनसाल ने कहा कि इस मुश्किल और मुसीबत की घड़ी में दुनिया भर के देश मदद के लिए आगे आएं, यह मानवता को बचाने का सुखद प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से मदद के लिए सुरक्षा बचाव दल भेजने और मदद की घोषणा को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि आज समय है पूरी दुनिया मिलकर मानवता को बचाने का। उन्होंने दुनिया भर के 45 से अधिक देशों की तरफ से मदद की घोषणा पर आभार जताया है।

# गुरुग्राम में वायुसेना के आयुध डिपो के पास दीये से लगी आग में शुभ वाटिका हुई खाक

## शीतला माता रोड पर शुभ वाटिका में अलस्सुबह लगी आग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शीतला** माता रोड पर मंगलवार अलस्सुबह एक वाटिका आग लगने से जलकर खाक हो गयी। दमकल विभाग ने आग लगने का कारण फिलहाल वहां फेरों के मंडप में जलते दीये को बताया है। रात को शादी में फेरों के बाद दीया मंडप में जल रहा था।

शीतला माता रोड स्थित शुभ वाटिका में सोमवार रात एक शादी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम मंगलवार अलस्सुबह तक चला। शादी में फेरे, विदाई होने के बाद सभी मेहमान वहां से जा चुके थे। बताया जा रहा है कि करीब 7 बजे बैंक्वेट हॉल में एकाएक आग की लपटें उठने लगी। वाटिका के कर्मचारियों ने जब वहां आग लगी देखी तो तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना दी। देखते ही देखते आग लकड़ी, फाइबर व कपड़े से महल की तरह सुसज्जित वाटिका में चारों ओर फैल गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची, आग पूरी वाटिका में लग चुकी थी। दूर-दूर तक आग की लपटें नजर आ रहीं थीं। देखते ही देखते पूरी वाटिका जलकर खाक हो गई।






गुरुग्राम में शीतला माता रोड पर आग लगने से जलकर खाक हुई शुभ वाटिका तथा शुभ वाटिका में फेरों के मंडप में जलते दीये से फैली आग।

### मंडल में जलते दीये से फैली आग

**वाटिका** के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब खंगाली गई तो पता चला कि शादी के दौरान जहां मंडप में फेरे हुए थे, वहां फेरों के दौरान एक जलता हुआ दीया रखा है। उस दीये से लौ हवा के साथ फैल रही है। दीये से ही आग साथ वहां पर बैठने के लिए रखे गए गद्दों में और फिर गद्दों से पर्दों में लगी। इसके बाद तो आग वाटिका में लगी फाइबर की शीट्स व लकड़ी में लगती हुई पूरी वाटिका में फैल गई। दमकल विभाग की टीमों ने कड़ी मशक्कत से आग को जरूर बुझाया, लेकिन तब तक आग पूरी वाटिका को अपनी आगोश में ले चुकी थी। वाटिका जलकर खाक हो चुकी थी।

### आयुध डिपो के साथ बनीं हैं अनेक वाटिका

**शीतला** माता रोड पर सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में अनेक वाटिकाएं बनी हुई हैं। इसी के साथ ही वायु सेना का आयुध डिपो है। जिसके 900 मीटर दायरे में निर्माणों पर पहले प्रतिबंध के चलते उन्हें ढहाने की कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन बाद में इस दायरे को घटाकर 300 मीटर कर दिया गया। हालांकि 300 मीटर दायरे में भी हजारों मकान, अनेकों वाटिकाएं व अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान बने हुए हैं। इस क्षेत्र में दूसरी बार बड़ी आग लगी है। इससे पहले शीतला माता रोड पर ही सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में झुग्गियों में आग लगी थी। आग की इन घटनाओं से वायु सेना का आयुध डिपो खतरे में है। अगर आग किसी भी तरह से आयुध डिपो तक पहुंच जाती है तो गुरुग्राम की अस्तित्व तक खत्म हो सकता है। वायु सेना का गोला, बारूद यहां पर रखा गया है।

# नाइजीरियाई नागरिक मेट्रीमोनियल साइट से भारतीय महिलाओं से करते थे धोखाधड़ी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेट्रोमोनियल** वेबसाईट/ऐप के माध्यम से महिलाओं के साथ दोस्ती करके उन्हें विश्वास में लेकर धोखाधड़ी से रुपये ऐंठने वाले दो नाइजीरियाई नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से वारदात में प्रयोग 11 मोबाईल फोन, 1 लैपटॉप तथा 6 पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। आरोपी धोखाधड़ी से बात करने के लिए अस्थायी अंतरराष्ट्रीय मोबाईल नंबरों का प्रयोग करते हैं।

एक युवती ने 2 फरवरी 2023 को थाना साईबर अपराध (पूर्व) में शिकायत दी थी कि उसकी शादी ऐप तथा संगम ऐप पर प्रोफाइल है। जुलाई 2022 मे उसके पास एक लड़के की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। साइट पर उसका प्रोफाइल बेंगलुरु का था। उसने रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर ली और उससे बात करने लगी। आरोप है कि उस युवक ने खुद का परिचय कुमा जॉर्डन निवासी फ्रांस बताया। साथ ही बताया कि वह पायलेट की नौकरी करता है। बातचीत के दौरान उस युवक ने युवती से कहा कि वह इंडिया आ रहा है।




गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में भारत में महिलाओं से ठगी करने के आरोपी नाइजीरियाई नागरिक।

उसने 30 जनवरी 2023 की टिकट की फोटो भी युवती के पास भेजी। उसके बाद युवती के पास 31 जनवरी 2023 को मुंबई एयरपोर्ट से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह मुंबई एयरपोर्ट से बोल रहे हैं।

आपके दोस्त कुमा जॉर्डन को येलो कार्ड देने के लिए 55 हजार रुपये की जरूरत है। युवती ने 55 हजार रुपये उनके द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर रॉबर्ट कंग नाम के व्यक्ति के अकाउंट में गूगल-पे द्वारा ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद युवती के पास कुमा जॉर्डन का फिर फोन आया और उसने कहा कि उसे मुंबई से दिल्ली आने के लिए 15 हजार रुपये की जरुरत है। युवती ने उसकी बातों में आकर उसके बताए खाते में 15 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिए। वह खाता चैतन लूमहो नाम के व्यक्ति का था। उसके बाद फिर मुंबई एयरपोर्ट से युवती के पास एक महिला का फोन आया। महिला ने बताया कि वह कस्टम विभाग से है। उसके दोस्त कुमा जॉर्डन के पास यूरो करेंसी है, जो भारत में अवैध है। इसके लिए 95 हजार रुपये कस्टम ड्यूटी के तौर पर देने होंगे। इस दौरान युवती को कुछ फ्रॉड होने का शक हुआ। युवती ने पुलिस थाना में शिकायत दी। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध (पूर्व) में केस दर्ज कर लिया है।

### दिल्ली से गिरफ्तार किया

**एसीपी** साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशन में कार्य करते हुए पुलिस की टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मार्टीन वेलेनटॉम तथा टोनी इफएनी निवासी नाइजीरिया के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मार्टीन वैलेंटाम को सूरज विहार, दिल्ली तथा आरोपी टोनी इफेयंई को मोहन गार्डन नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी इस धोखाधड़ी में बात करने के लिए अस्थायी अंतरराष्ट्रीय मोबाईल नंबरों का प्रयोग करते हैं।

# नगर परिषद के प्रत्येक घर में पेयजल व सीवर लाइन देगा जनस्वास्थ्य विभाग

## विभाग ने 324 करोड़ की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सर्वे शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 35 हजार की आबादी वाले शहर और 13 में से 11 गांवों के प्रत्येक घर को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ने की योजना बना रहा है। इस पर करीब 234 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। परिषद गांव जखोपुर और रायसीना को पहले ही सीवर व पेजयल आपूर्ति से जोड़ा गया है।

जनस्वास्थ्य विभाग केन्द्र सरकार की हर घर को जल तथा नल से जल योजना से नगर परिषद सीमा क्षेत्र के प्रत्येक घर को जोड़ने की कवायद जल्द ही शुरु करेगा। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वैध तथा 50 फीसदी से अधिक आबादी वाली जिस भी अवैध कॉलोनी में नागरिक जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें सीवर व पेयजल आपूर्ति से जोड़ा जाएगा। शहरी क्षेत्र के पुरानी और नई आबादी वाली कॉलोनी व वार्डों में एक-एक गली की पहचान की जाएगी। जिसमें अभी तक सीवर लाइन चालू नहीं हुई है या नई लाइन नहीं डाली गई है। ऐसे आबादी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछाई जाएगी। ताकि छोटी से छोटी कॉलोनी और बड़े से बड़े वार्ड में रहने वाले नागरिक को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन की सुविधा से जोड़ा जा सके।

### सर्वे कार्य शुरु

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने परिषद सीमा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व सीवर लाइन सर्वे शुरु कर दिया है। कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों का गठन करके जिम्मा सौप दिया है। सर्वे रिपोर्ट आने पर जल्द ही तैयार कर उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। ताकि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक परिवार को योजना का लाभ मिल सके।

“ **शहरी** क्षेत्र में 10 से 15 फीसदी घरों का ही पेयजल व सीवर लाइन का कार्य अधूरा है। परिषद के 11 गांवों में सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है। योजना की मंजूरी मिलने पर नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ दिलाने का प्रयास रहेगा।

**( ओमप्रकाश-एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

## संक्षिप्त समाचार

### कानूनी साक्षरता विषय पर छात्राओं ने दर्शाया ज्ञान



**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, गुरुग्राम और राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 ने वर्ष 2022-2023 के लिए छात्र कानूनी साक्षरता मिशन (एसएसएलएम) के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मिशन एसएसएलएम का उद्देश्य छात्रों को विषयों पर जागरूक करना है। महाविद्यालय की छात्राओं को मानवाधिकार, मौलिक कर्तव्य, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार, निराश्रित महिलाओं और बच्चों का अधिकार, ड्रग डी-नशा, कन्या भ्रूण हत्या, स्वच्छता और सामान्य जागरुकता घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, यौन उत्पीड़न, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, रैगिंग, वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार आदि के प्रति जागरुक किया गया। नौ कॉलेजों को इस प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया। सेमेस्टर परीक्षाओं के कारण 26 छात्रों सहित पांच कालेजों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, निबंध लेखन, नारा लेखन, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कविता पाठ, पावर प्वाइंट प्रस्तुति, भाषण और वृत्तचित्र शामिल हैं। श्री। सेवानिवृत न्यायाधीश पवन कुमार, प्रोफेसर वागेश्वरी देसवाल (कानून संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय), अधिवक्ता अर्चना चौहान (जिला न्यायालय, गुरुग्राम), पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदु जैन, अधिवक्ता नरेंद्र यादव, अधिवक्ता सुनील शर्मा, अधिवक्ता मुनमुन गोयल, मीनू भारद्वाज, डॉ. अर्चना सूता (प्रिंसिपल जीसी, बावल), डॉ. कुसुम लता (प्रिंसिपल जीसी, कुलाना), डॉ. मधु अरोड़ा (प्रिंसिपल जीसीडब्ल्यू, सलाहहारी), केआईआईटी इंजीनियरिंग से कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। न्यायाधीशों ने भी विभिन्न मौजूदा सामाजिक मुद्दों पर अपने बहुमूल्य विचार सांझा किए और प्रेरित किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रमेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ. ज्ञान देवी (नोडल अधिकारी, कानूनी साक्षरता मिशन) और इस सेल के सभी समिति सदस्यों ने शिरकत की।

### अलीपुर में युवक पर गोली चलाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस ने अलीपुर में दो फरवरी की रात युवक पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान देशी बंदूक बरामद की है। अदालत ने दोनों ही युवकों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने सोमवार की शाम को तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ पर अलीपुर निवासी अरुण और गौतम को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी गांव अलीपुर थाना भोंडसी निवासी है। पुलिस के मुताबिक इन दोनों ने ही गांव के सौरभ पर 2 फरवरी की रात करीब सवा 11 बजे छत पर चढ़कर गोली चलाई थी। अपराध शाखा प्रभारी एसआई राजकुमार ने बताया कि सौरभ व आरोपी अरुण तथा गौतम के बीच 2 फरवरी को दिन में रंजीश को लेकर तू-तड़ाक हुई थी। इससे पहले भी इनके बीच में पहले भी कई बार झगड़े हुए हैं। जिसको लेकर सौरभ और अरुण व गौतम एक दूसरे से रंजिश रखे है। उन्होने बताया कि सौरभ पर अरुण ने दो राउंड फायर किए थे। हमले में सौरभ बाल-बाल बच गया था। सौरभ पर हमला करने के बाद दोनों ही आरोपी गांव से 2 फरवरी की रात को ही गायब हो गए थे। जिनकी तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर छापा मारा था। अपराध शाखा पुलिस ने आरोपी अरुण और गौतम को मंगलवार की दोपहर बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों ही आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में दक्ष सैनी ने जीता गोल्ड मेडल



**गुरुग्राम।** तीसरी इंटर अकादमी जिम्नास्टिक प्रतियोगिता-2023 में खिलाड़ी दक्ष सैनी ने गोल्ड मेडल जीता है। वारियर जिम्नास्टिक्स अकादमी में आयोजित इस प्रतियोगिता में ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में गोल्ड मेडलिस्ट सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल सुरिंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में दक्ष के अलावा देविन गुप्ता, विधि मंगला, उत्कर्ष, दीपराज ने पुरस्कार जीते। इस अवसर पर जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक्स अकादमी से मनीष गौतम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि सुरिंद्र शर्मा ने कहा कि हमें बच्चों को बचपन से ही खेलों में भी आगे लाना चाहिए। खेलों से शारीरिक, मानसिक दोनों तरह से विकास होता है। शिक्षा जरूरी है, लेकिन इसके साथ में बच्चे खेलों में भी भाग लेकर अपने व्यक्तिव का विकास कर सकते हैं। सुरिंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों की रुचि चाहे किसी भी खेल में हो, उसे माता-पिता खुद से या किसी के कहने से रोकें नहीं। आज के इन्हीं बच्चों में कल के चैंपियन हैं।

### ऑटो हटाने के लिए कहा तो दुकान के कर्मचारियों ने पीटा, मौत

**गुरुग्राम।** यहां ट्रंक मार्केट में एक व्यक्ति का ऑटो चालक से झगड़ा क्या हुआ, इसकी कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी। झगड़े के दौरान वे बेहोश होकर गिर गए। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना यह भी है कि उन्हें हार्ट अटैक आ गया था। इस घटना को मारपीट कर हत्या भी बताया जा रहा है। सुभाष नगर में रहने वाले मूलचंद वर्मा सुभाष चौक स्थित साईबा इंजीनियिरंग के नाम से खुली कंपनी में एकाउंटेट थे।

# शिक्षण संस्थानों में जोर-शोर से चलाया जा रहा सूर्य नमस्कार अभियान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आयुष** विभाग द्वारा जिला में 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा स्कूल, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में सूर्य नमस्कार करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को हयातपुर स्थित आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में करीब 1500 विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया गया।

आयुष विभाग से योगा स्पेशलिस्ट डॉ. भूदेव ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के मार्गदर्शन में जिला के सभी स्कूलों में हर रोज सूर्य नमस्कार करवाया जाता है। सूर्य नमस्कार के निरंतर अभ्यास से व्यक्ति के शरीर व



मन को सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ रखनें में सहायता मिलती है। सूर्योदय के सूर्य नमस्कार सहित योगाभ्यास करना चाहिए। इससे हमारे शरीर में विटामिन डी की सही मात्रा बनी रहती है, जिससे हमारी हड्डियां मजबूत रहती हैं। कोरोना काल के समय लगातार घरों में रहने से और समुचित सूर्य प्रकाश न मिलने से व्यक्तियों में विटामिन डी की मात्रा की शरीर में कमी आई है, जिसको प्रात: काल सूर्य नमस्कार आदि योगाभ्यास से पूर्ण किया जा सकता है।

# भट्टा कारोबारी पर हमला करने वाले बदमाश 48 घंटे बाद भी नहीं गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव अलीपुर में भट्टा कारोबारी की हत्या करने की नीयत से उन पर चार गोलियां दागने वाले बदमाशों तक पुलिस 48 घंटे बीत जाने के बाद भी तलाश नहीं सकी है। बदमाशों की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका से खौफजदा हैं।

पीड़ित परिवार ने सोमवार को डीसीपी साऊथ से मिलने पर बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मालूम रहे कि रविवार की सुबह खंड के गांव अलीपुर निवासी भट्टा कारोबारी बेदराम पर घर में रहते हुए नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग की थी। किसी तरह दरवाजे के पीछे छुप कर पीड़ित बेदराम ने अपनी जान बचाई थी। घटना के 48 घंटा बीत जाने के बाद भोंडसी थाना पुलिस एक नामजद आरोपी समेत बाइक सवार अन्य तीनों बदमाशों में से किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। ग्रामीणों को डर है कि पुलिस की पहुंच से दूर यह बदमाश किसी भी समय दूसरी बार हमला कर सकते हैं। दोबारा हमले और किसी अनहोनी की आशंका से खौफजदा ग्रामीण अपने घर से निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। गांव के किसी चौक-चौराहे पर ग्रामीण एक साथ बैठकर अपने मन की बातें करने से भी कतरा रहे हैं।

### डीसीपी ने जल्द गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

**पीड़ित** परिवार का मुखिया बेदराम सोमवार को गुरुग्राम डीसीपी साऊथ से मिला था। जहां उन्होने बदमाशों से अपनी और परिवार वालों की जान को खतरा बताते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार डीसीपी साऊथ ने बेदराम को आरोपियों को गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

**पुलिस** ने बेदराम पर हमला करने के आरोपियों की पहचान तथा उनके ठिकानों को लेकर कई जगह पर छापे डाले हैं। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**( अजय कुमार-थाना प्रभारी भोंडसी )**

# 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** शहर थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पिता ने दो युवकों पर नाबालिग बेटी को शादी करने के इरादे से बहला फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शहर थाना सीमा क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके चार लड़की और एक लड़का है। दूसरे नंबर की लड़की 16 वर्ष की है। बेटी सोमवार की दोपहर बाद दो बजे घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। उसे पूरा शक है कि उसकी लड़की को शादी करने के इरादे से शहर की नट कॉलोनी युवक और उसका साथी ले गए हैं।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीएफएस ग्लोबल के जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर और स्किलिंग एकेडमी का उद्घाटन किया

## वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (वीएसी) यूपी के लिए वैश्विक प्रवेशद्वार होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वीजा** की सुलभता को आसान बनाने की प्रक्रिया के तहत, वीएफएस ग्लोबल भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के साथ साझेदारी में एक एकेडमी खोलेगी। यह एकेडमी युवाओं को हॉस्पिटैलिटी के विश्वस्तरीय कौशल में प्रशिक्षित करेगी।

यूपी सरकार के कौशल कार्यक्रम के अनुरूप उन्हें नौकरी के योग्य बनाएगी। आईएचसीएल के ब्रांडों में प्रतिष्ठित ताज, जिसे दुनिया का सबसे मजबूत होटल ब्रांड और ब्रांड फाइनेंस-सेलेक्शंस के मुताबिक भारत के सबसे मजबूत ब्रांड की रैंकिंग दी गई है, विवांता और जिंजर शामिल हैं। इसके साथ ही लखनऊ भारत का 21 वां शहर बन गया है, जहां वीएफएस ग्लोबल वीएसी खोला गया है। यह भारत के टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में उपस्थिति बढ़ाने के कंपनी के विजन के



अनुरूप है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 4 फरवरी 2023 को वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (जेवीएसी) और वीएफएस ग्लोबल एकेडमी का उद्घाटन कर राज्य के लिए नया वैश्विक प्रवेशद्वार खोल दिया है। वीएफएस ग्लोबल सरकारों और राजनयिक मिशन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आउटसोर्सिंग और टेक्नोलॉजी सर्विसेज में विशेषज्ञ कंपनी है। यह बड़ा और सुविधाजनक केंद्र आधुनिक सुविधाओं और सेवाओं से पूरी तरह लैस है। इस केंद्र में एक साल में 1.2 लाख एप्लिकेशन को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए बेहद लाभदायक होगा, जिन्हें अभी तक अपने वीजा एप्लिकेशन जमा करने के लिए नई दिल्ली जैसे दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ती थी। 24 हजार वर्गफीट में फैला जेवीएसी ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, चेक रिपब्लिक, स्विट्जरलैंड, एस्टोनिया, हंगरी, पुर्तगाल, जर्मनी, इटली और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों की जरूरतें पूरी करेगा। आलमबाग (शालीमार गेटवे मॉल) में इंटरस्टेट बस टर्मिनल की पहली मंजिल पर स्थित, यह केंद्र उत्तर प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों से इंटरस्टेट बस सर्विस का प्रयोग करने वाले यात्रियों को बेमिसाल पहुंच प्रदान करेगा। लखनऊ रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट से गाड़ी से यहां थोड़े समय में पहुंचा जा सकता है।

आलमबाग मेट्रो स्टेशन से यहां पैदल चलकर आया जा सकता है। इस केंद्र में वीजा के लिए आवेदन जमा करने के 11 काउंटर और 3 बायोमीट्रिक इनरोलमेंट स्टेशन हैं। जेवीएसी यात्रा की मांग को त्वरित गति से पूरा करने के लिए आधुनिक संसाधनों से लैस है। वीजा ऐप्लिकेशन आसानी से जमा कराने की सुविधा की मांग करने वालों को यहां शानदार अनुभव मिलेगा। इस वीजा में प्रीमियम लॉन्ज जैसी विशेष वैकल्पिक सेवाएं भी लोगों को प्रदान की जाएंगी, जिससे लोगों को बिना किसी लाइन के अपने वीजा ऐप्लिकेशन फॉर्म जमा कराने की सुविधा मिलेगी।

# भिवानी में होगी भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक : डा. संजय शर्मा

## 10 फरवरी को प्रदेश पदाधिकारियों से होगी चर्चा

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी बैठक में करेंगे शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 10 और 11 फरवरी को भिवानी के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी। पहली बैठक 10 फरवरी को दोपहर बाद होगी। इसमें प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। 11 फरवरी को पूरी कार्यकारिणी की बैठक सुबह 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के उद्बोधन से शुरू होगी और देर शाम तक चलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में मिशन 2024 और राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हुए निर्णय पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा तीन महीनों के कार्यक्रमों की रिपोर्ट और समीक्षा भी होगी। मीडिया प्रमुख ने बताया कि 11 फरवरी को



डा. संजय शर्मा।

पहले सत्र में दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए निर्णयों पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में हरियाणा सरकार की लोकहितकारी योजनाओं और सरकार द्वारा किए गए कार्यों तथा राजनीतिक परिदृश्य के बारे में मंथन होगा। तीसरे सत्र में पिछले तीन महीनों के दौरान हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट और समीक्षा की जाएगी। मिशन-2024 के बारे में बताते हुए शर्मा ने कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव के बारे में मंथन होगा। बैठक में सरकार की योजनाओं की भी समीक्षा होगी और सरकार के मंत्री व पदाधिकारी अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय बैठक में संगठन की पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद पार्टी बूथ स्तर पर अपनी अगली रणनीति तय करेगी।

# कैप्टन अजय यादव के नेतृत्व में सोहना में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

**मंगलवार** को सोहना विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत गांव खेड़ला व दमदमा से की गई। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के नेतृत्व में सतबीर पहलवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों व वायदा खिलाफी को जन-जन तक पंहुचाया।

इस दौरान कैप्टन अजय सिंह यादव ने जनता से मिलकर पार्टी की नीतियों को अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की साथ ही राहुल गांधी के संदेशों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पूरे देश में चल रहा है। भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को भी आम लोगों का समर्थन और साथ मिल रहा है।

श्री यादव ने कहा आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश, खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। मोदी सरकार द्वारा अडानी



सोहना में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेन-देन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। विपक्ष संसद में इस मामले पर बहस करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष को बोलने नही दिया जा रहा है।

बजट में मनरेगा में सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपये कम कर दिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा बजट सभी में कटौती की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर पहलवान ने कहा केंद्र सरकार की गलत नीतियों से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी जनता से झूठे वायदे नहीं किए जो वायदे किए सत्ता में आने के बाद पूरे किए।

**हर वर्ग सरकार से आ चुका है तंग: डावर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा आज के समय में हर वर्ग मौजूदा सरकार से तंग आ चुका है। कर्मचारी सड़कों पर बैठे हैं। आज किसानों की दुर्दशा हो रही है, युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है, मंहगाई से लोगों का जीना दुभर हो रहा है। केंद्र सरकार के बजट से लोगों को बहुत उम्मीद थी लेकिन सभी की उम्मीद धरी की धरी रह गई। लोग कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। यात्रा के पहले दिन ही लोगों में भारी जोष देखने को मिला। यह अभियान अगले 2 महीने में हर बूथ तक पहुंचेगा।

# तुर्की के कलाकारों का दर्द छलका, बोले नहीं हो पा रही बात

## मेले आए तुर्की के शिल्पी परिजनों से बात न होने से काफी परेशान नजर आए

**कविता।** फरीदाबाद



तुर्की स्टॉल पर पांचों सदस्य।



तुर्की स्टॉल पर खरीददारी करते लोग।

**पांच** हजार जान चली गई, अब हम अपनों से बात नहीं कर पा रहे, यह कहना था सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में मौजूद तुर्की से पांच कलाकारों का। गौरतलब है कि तुर्की में सोमवार सुबह 04:17 बजे भूकंप आने से सबकुछ अस्त व्यस्त हो गया है। तुर्की के साथ सीरिया के कई शहरों में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। हर साल की तरह इस बार भी सूरजकुंड मेले में तुर्की के कई कलाकार अपनी हस्तकलां का प्रदर्शन करने के लिए आए है।

भूकंप के कारण हुई त्रस्दी का असर मेले में मौजूद तुर्की के स्टॉल नंबर 955 पर मौजूद ईविल आईए समेत पांच सदस्यीय दल के चेहरों पर साफ दिखाई दे रहा है। तुर्की से आए कलाकारों से जब पायनियर की तरफ से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि जो हालात हमें न्यूज के जरिये मिल रहे हैं, केवल उसकी जानकारी ही हमें है। भूकंप आने के बाद हम न तो अपने परिजनों से बात कर पा रहे है और न ही उनसे किसी तरह का सम्पर्क हो पा रहा है।

**खरीदारों की भीड़ :** तुर्की के स्टॉल डेकोरेटिव लाइट्स के अलावा ईविल आईए अपने उत्पादों से पर्यटकों का ध्यान लुभा रहे हैं। इन शिल्पकारों द्वारा गृह सज्जा के लिए छोटी-बड़ी लाईटें, मैरिन ग्लास तैयार किए जाते हैं। इटेलियन ग्लास हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। इस स्टॉल पर विशेषकर महिलाएं गृह सज्जा के उत्पादों में गहरी रुचि दिखा रही हैं। जिसके कारण स्टॉल पर काफी भीड़ लग रही है। भीड़ के बीच जब तुर्की के पांचों सदस्यों से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो वह मायूस हो गए। उनके चेहरे पर दुख और पीड़ा साफ नजर आई।

**बस इतना ही कहा :** पांचों तुर्की नागरिकों ने बस केवल एक ही बात कही कि पांच हजार लोगों की जान चली गई है, अब हम इसके बारे में क्या कहें। केवल इतना कह रहे है कि काम में मन लगा रहे है। ताकि ध्यान उस तरफ न जाए। उन्होंने आगे कहा कि कल से फोन मिलाकर परेशान हैं, दिमाग में अपने लोगों की चिंता है, लेकिन फिलहाल वह कुछ भी नहीं कर सकते। क्योंकि वह अपनों से इतनी दूर बैठे हुए हैं। सिर्फ मन मसोस कर जल्द से जल्द मेला समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं।

# एक्सप्रेस वे के अंडरपास में चाकुओं से गोदकर किशोर की हत्या

## बच्चे की बहन की शादी 18 फरवरी व बड़े भाई की 23 फरवरी को होनी है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल के शवगृह के पास खड़े मृतक के परिजन। विपिन का फाइल फोटो

**गांव** भनकपुर के निकट मुम्बई-बड़ौदरा एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे पहले से खड़े कुछ युवकों ने स्कूटी पर सवार होकर आ रहे तीन किशोरों को रोक लिया। युवकों ने एक किशोर और किशोरी को वहां से भगा दिया। जिसके बाद उन्होंने तीसरे किशोर पर चाकुओं से ताबड़ तोड़ वार करने शुरू कर दिया। खून से लथपथ हो जाने पर आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। अन्य दोनों बच्चों के बताने और हाइवे पर काम कर रहे मजदूरों का शोर सुनकर परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। घायल किशोर को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर का शव शवगृह में रखवा कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव भनकपुर में जसवंत अपाने परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चें है। 18 फरवरी को उनकी बेटी की शादी है जबकि 23 फरवरी को बड़े बेटे की बारात जानी तय है। सबसे छोटा 16 वर्षीय बेटा विपिन तेबतिया 11वीं कक्षा में पढ़ रहा था। मंगलवार को वह किसी काम से सीकरी गांव गया था। जहां से दोपहर को वह अपने एक दोस्त और उसकी बहन के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। तीनों जैसे ही भनकपुर गांव की सीमा के पास एक्सप्रेस वे के अंडरपास में पहुंचे, तभी वहां पहले से खड़े कुछ युवकों ने स्कूटी को रुकवा लिया।

युवकों ने विपिन को स्कूटी से उतार कर अन्य दोनों को वहां से भगा दिया। जिसके बाद आरोपियों ने विपिन पर चाकुओं से ताबड़ तोड़ वार करने शुरू कर दी। विपिन खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।

## परिजनों ने लगाया साजिश के तहत हत्या करने का आरोप

जिसके बाद आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। तभी एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे मजदूरों ने घटना को देख कर शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसे सुन कर भनकपुर के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस बीच अन्य दोनों बच्चों के बताने पर विपिन के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। विपिन को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने विपिन को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने प्याला गांव निवासी एक युवक पर हत्या करने का संदेह जताया है। उनका कहना कि आरोपी युवक ने साजिश रच कर विपिन की हत्या की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर एसीएस पावर के नाम सौंपे ज्ञापन



प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के सभी सर्कलों पर कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ दो घंटे जमकर विरोध प्रदर्शन कर खिलाफत में नारेबाजी की। प्रदर्शनों की इसी कड़ी में फरीदाबाद सर्कल की चारों डिवीजनों पर अपनी माँगों को लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन के राज्य कमेटी से केंद्रीय परिषद के नेता सतीश छाबड़ी के नेतृत्व व कर्मवीर यादव सर्कल सचिव सहित पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा की अगुआई में कर्मचारियों ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन में प्रधान पुष्पेंद्र सिंह व सचिव लेखराज चौधरी, एनआईटी फरीदाबाद डिविजिन में प्रधान विनोद शर्मा व सचिव बृजपाल तंवर, ग्रेटर फरीदाबाद डिविजिन में प्रधान सुनील चौहान व सचिव रविदत्त शर्मा, बल्लभगढ़ डिविजिन में प्रधान मदन गोपाल शर्मा व सचिव सुरेन्दर सिंह शर्मा, एचवीपीएन सर्कल के सर्कल सचिव प्रीतम सिंह व मुरारीलाल, मुकेश रोहिला की मौजूदगी कर्मचारियों ने गरजते हुए फरीदाबाद के पाँचों एक्सईएन (कार्यकारी अभियंताओं) के माध्यम ए.सी.एस पावर हरियाणा सरकार (अतरिक्त मुख्यसचिव) के नाम अपने विरोध दिवस को मनाते हुए अपने ज्ञापन सौपे। मांग पत्र में यूनियन की ओर से डिमांड्स करते हुए कहा कि निगम में लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और जब तक इन्हें पक्का नही करता है। प्रदर्शनों में अशोक लाम्बा, सुधीर कौशिक, सियाराम, संजय राठौर, हरिकेश, अजय शर्मा, सुमन्त, जगदीश, महेन्दर, सुखबीर, नितिन, प्रेम, मुकेश, राजेश, देवेंदर, सोनू, परवीन, बीरसिंह, महेन्द्रपाल, राजेन्द्र, नरेंद्र, विजय आदि सैंकड़ों की संख्या में दफ्तरों पर बिजली कर्मचारियों ने जोरदार हल्ला बोलते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया।

# दक्षिण अफ्रीका के जायके का अनुभव कराता फूड फेस्टिवल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**होटल** क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा (सीपीजीएन) द्वारा अपने रेस्त्रां मोज़ेक में 9 फरवरी 2023 तक साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से दिल्ली/एनसीआर वासियों को अपने शहर में अफ्रीकी सफारी फ्लेवर का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

जब भोजन की बात आती है, तो दिल्लीवासी और एनसीआर के लोग उत्साहित हो जाते हैं और किसी भी नए अनुभव को शानदार प्रतिक्रिया के साथ हाथों-हाथ लिया जाता है। वे खाने को लेकर संजीदा हैं और विभिन्न देशों, क्षेत्रों और संस्कृतियों से नए व्यंजन आजमाना चाहते हैं। उनकी पसंद और रुचि को ध्यान में रखते हुए, एसएटीबी के साथ सीपीजीएन ने इस उत्सव में प्रामाणिक और विविध स्वादों से भरपूर विशिष्ट व्यंजनों को एक साथ रखा है। साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल में दक्षिण अफ्रीका के शेफ अबीगैल और शेफ सिफोकाज़ी दिल्ली, एनसीआर में भोजन प्रेमियों को विदेशी मसालों की अनूठी सुगंध और पाक कला की बेहतरीन प्रस्तुति का अनुभव कराने के लिए एक असाधारण मेनू तैयार करेंगे। फूड फेस्टिवल के मेन्यू में एसए मल्टीकल्चरल कलिनरी इंफ्लुएंस में लैम्ब बोबोटी (नॉन-वेज), लेंटिल बोबोटी (वेज), येलो राइस एंड संबल शामिल हैं। वही तशिसान्यामा - ब्राई (बीबीक्यू) में लैम्ब चॉप्स/चिकन थाई/भैंस सॉसेज के साथ अपना इतिहास पेश करता है। (मांसाहारी) - स्मोक्ड कर्गेट/ऑबर्जिन/मशरूम(ब्राईड वेज), चकलाका, पैप एंड कोलेसलाव और स्वीट एंडिंग में जिंजर बीयर/जेमर (नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक) एवं मालवा पुडिंग के विकल्प उपलब्ध रहेंगे। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक, शरद के. उपाध्याय ने फेस्टिवल के बारे में बताया कि साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल अपनी तरह का फूड फेस्टिवल है, जिसे साउथ अफ्रीका टूरिज्म के सहयोग से भारत-दक्षिण अफ्रीका के 30 साल के द्विपक्षीय संबंधों के जश्न के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मास्टर शेफ दक्षिण अफ्रीका के प्रतियोगियों-शेफ सिफोकाज़ी मडलांकोमो और शेफ अबीगैल मबालो के नेतृत्व में, त्योहार 3 से 9 फरवरी 2023 तक हमारे संरक्षकों, मेहमानों और दोस्तों के लिए प्रामाणिक, स्वदेशी व्यंजन परोसते हुए प्रामाणिक दक्षिण अफ्रीकी व्यंजनों और चखने वाले मेनू के निष्पादन की पेशकश करता है। हमारे पुरस्कार विजेता मल्टी-कूजीन रेस्तरां मोज़ेक में सर्वश्रेष्ठ दक्षिण अफ्रीकी व्यंजनों का आनंद लेना सभी के लिए पहला और अनूठा अनुभव होगा। अपनी तरह का यह अनुभव खाद्य प्रेमियों को अपने मूल देश में हजारों मील की यात्रा किए बिना प्रामाणिक दक्षिण अफ्रीका व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर देगा।

# जमीं पर उतरे हिंदी सिनेमा के गोल्डन एरा के सितारे

## किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट, नोएडा में फोटोग्राफर जेएच ठक्कर की तस्वीरों की प्रदर्शनी आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हम** बंबई फिल्म उद्योग के सुनहरे दौर और इसके पीछे की शख्सियतों को एक नॉस्टेल्जिया के साथ याद करते हैं। यह हममें एक कल को भी जन्म देता है, क्योंकि वे जिस दुनिया को पेश करते हैं वह सदाबहार भी है और बदल भी रही है। अतीत के ये चेहरे किसी दूसरी ही दुनिया की तरह मालूम पड़ते हैं, जो बहुत दूर, कहीं गुम हो गए हैं, और अब बस उनकी पहली परछाइयाँ हमारे जेहन में घूमती रहती हैं।

सिनेमा के दीवानों को गोल्डन एरा की उन्हीं यादों में फिर से ले जाने के लिए किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए) ने जे.एच. ठक्कर द्वारा खींचे गए बंबई के फिल्मी सितारों के पोर्ट्रेट फोटोग्राफ़ को पेश करती प्रदर्शनी 'सितारे जमीं पर' का आयोजन किया है। रूबीना करोडे द्वारा क्यूरेटेड यह प्रदर्शनी इस उपमहाद्वीप में फिल्मी दुनिया के लंबे इतिहास के एक खास जमाने की झलक देती है। यह जमाना है 1947 से 1968 के बीच के अहम दशकों का यही वह जमाना है जिसे आम तौर पर हिंदी सिनेमा का सुनहरा दौर माना जाता है। सितारे जमीं पर शीर्षक से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने किया। उन्होंने कहा, बहुत ही अद्भुत फोटोग्राफ की प्रदर्शनी है यह। मेरा यहां आना सफल हुआ, मुझे यहां आना ही था, यह संकलन शानदार है और जिस तरह से इसे प्रदर्शित किया गया है वह शानदार और खूबसूरत है। यहां मौजूद हर फोटो एक से बढ़कर एक हैं और उस ज़माने में ले जाते हैं, जो अलग था, अपने आप में खास था, हमारे इतिहास का महत्वपूर्ण दौर था वो। सभी अपने दौर के महान कलाकार थे, यहां मैने उनके जबरदस्त फोटो देखे, एक से बढ़कर एक, बहुत ही खूबसूरती के साथ संकलित किया गया है फोटोग्राफ को। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो का जादू बहुत ही अद्भुत है। 'सितारे जमीं पर' के नाम से केएनएमए, नोएडा सेक्टर-126 में आयोजित यह प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक चलेगी।

# डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं भी सशक्त नारी' को मिला सर्वश्रेठ अवार्ड



अवार्ड जीतने वाले टीम के सदस्य कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के साथ।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को हरियाणा फिल्म महोत्सव-2023 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस महोत्सव का आयोजन विश्व संवाद केंद्र और सिने फाउंडेशन के तत्वावधान में हिसार के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 4-5 फरवरी को किया गया था।

विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अलग-अलग विषय पर भेजी गयी कुल आठ फिल्में महोत्सव में फिल्मांकन के लिए चयनित हुई थी। चयनित फिल्मों में विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं भी सशक्त नारी' को नॉन प्रोफेशनल फिल्मों की श्रेणी में सर्वश्रेठ फिल्म चुना गया है। इसके अलावा, एनीमेशन के विद्यार्थियों द्वारा भेजी गयी एनीमेशन फिल्म 'कर्म भूमि कुरुक्षेत्र' को सांत्वना पुरस्कार भी मिला है। डॉ. सोनिया, डॉ. सुधीर तथा प्रोडक्शन सहायक पंकज के नेतृत्व में 40 विद्यार्थियों की टीम फिल्म मोहत्सव में शामिल हुई थी। विभाग की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर एवं कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त की है।संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने भी विभाग की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया की विभाग के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस फिल्म श्रेणी में प्रदर्शित 57 फिल्मों में से विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को सर्वश्रेठ फिल्म का पुरस्कार मिला है।

# स्टेट रेस वाक चैंपियनशिप में वाकरों ने जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पदक विजेताओ के संग पदाधिकारी।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप का आयोजन 5 फरवरी को आईएमटी खरखौदा (सोनीपत) में किया गया। इस राज्य प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा आयोजित 14 से 15 फरवरी तक दो दिवसीय दसवीं नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियशिप रांची (झारखण्ड) में हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लेंगे। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर रेस वाक पुरुष वर्ग में रिषभ झज्झर ने स्वर्ण पदक, राममोहन चरखी दादरी ने रजत पदक और सुमित हिसार ने कांस्य पदक एवं महिला वर्ग में वर्षा फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक जीता। 18 साल आयु वर्ग लडका 10 किलोमीटर रेस वाक में हर्ष जींद ने पहला, साहिल जून झज्झर ने दूसरा और मोहित भिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 20 साल लडकी 10 किलोमीटर रेस वाक में आरती फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक, रिधिमा झज्झर ने रजत पदक और अनुष्का शर्मा ने कांस्य पदक जीतने का कार्य किया। लडकी वर्ग 5 किलोमीटर 18 साल रेस वाक इवेंट में पायल जींद ने पहला, सिया हिसार ने दूसरा और ज्योति रानी कुरूक्षेत्र ने तीसरा स्थान लेकर अपने अपने जिलों के लिए पदक जीते। राजकुमार मिटान ने बताया कि 16 साल आयु वर्ग के एथलीट लडका 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में ध्रुव झज्झर ने पहला, मनीष हिसार ने दूसरा और नवीन शर्मा झज्झर ने तीसरा स्थान और लडकी 3 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में मुस्कान झज्झर ने स्वर्ण पदक, प्रभजोत हिसार ने रजत पदक और रौशनी हिसार ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष वर्ग 35 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में सुमित फतेहाबाद ने स्वर्ण पदक और साहिल रोहतक ने रजत पदक एवं महिला वर्ग 35 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में रितु हिसार ने स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के निदेशक नरेंदर मोर, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, मुख्य कोच धर्मवीर चिकारा, भीम अवार्डी चरण सिंह राठी, अजय सहरावत, बीरबल दूहन करण राठी और अमित कटारिया ने सभी पदक विजेता खिलाडियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए नेशनल चैंपियनशिप में अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

# एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन नुक्कड़ नाटकों का आयोजन

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फ़रीदाबाद के प्राचार्य महेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में सात दिवसीय एनएसएस कैम्प यूनिट थर्ड ने चंदावली गांव में सामाजिक मुद्दों पर यात्रा निकालकर लोगो को जागरूक किया गया। एनएसएस व कैंप के प्रभारी डॉ दुर्गेश शर्मा ने बताया की स्वयं सेवकों ने सबसे पहले मंदिर में कीर्तन कर सामाजिकता के साथ साथ धार्मिक मुद्दों से स्वयं को जोड़ कर शुरुआत की। उसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ को लेकर गांव के 8 चौक चौपाल चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके तहत गांव के गली गली जाकर बेटियों को पढ़ने, आगे बढ़ने और घरों का कूड़ा कूड़ेदान व ईको ग्रीन की गाड़ी में डालने की अपील की। जिससे गंदगी सड़को पर ना फैलें और बीमारी ना फैलें। नुक्कड़ नाटकों के आयोजन में महाविद्यालय से सुमन जून, संगीता रानी, रीनाक्षी यादव भी उपस्थित रहे जिन्होंने ने नुक्कड़ नाटकों के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। डॉ दुर्गेश ने बताया कि आने वाले दिनों में नशा मुक्ति, जल बचाओ अभियान, भ्रूण हत्या कैम्प के दूसरे दिन समाज सेवी अरविंद शर्मा ने भी वॉलंटियर्स का हौसला बढ़ाया और गाँव पधारने पर स्वागत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कलाकारों ने मुख्य चौपाल पर मचाई धूम



**फरीदाबाद।** 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला की मुख्य चौपाल पर मंगलवार को कश्मीर ग्रुप डांस पार्टी ने बुम्रो-बुम्रो श्याम रंग बुम्रो गीत व नृत्य की प्रस्तुति से पर्यटकों को मंत्र मुग्ध किया। इरित्रिया देश से आए कलाकारों ने प्रेमभाव व भाईचारा और शांति कायम रखने का कवास डांस की प्रस्तुति देकर संदेश दिया। तिमोर-लेस्ते के दिली से आए बुनकर कलाकार ने अपनी ड्रैस स्वयं अपने हाथों से बुनकर कॉर्न (मक्का) की फसल अच्छी होने पर गाए जाने वाले लड़कियों के समूह नृत्य की मेले की चौपाल पर भव्य प्रस्तुति दी। नाइजीरिया से कलाकारों द्वारा देश की आजादी मिलने की खुशी पर गाए जाने वाले गीत व नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर पर्यटकों का मन मोह लिया। इसके बाद मिजोरम के लीली बैंड ने सरलाम नृत्य किया। घाना की राजधानी अकरा से आए कलाकारों ने यूथफुल, बसंत ऋतु, प्रकृति के बदलते सुंदर वातावरण पर बमाया डांस कर मुख्य चौपाल पर आए पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## रविन्द्र फागना ने जीता 49 रन से मैच

**फरीदाबाद।** वैनी 5 मैच वन डे सीरीज का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली और विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया। इस मैच मे रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने विटैलिटी को 49 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 193 रन का लक्ष्य दिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए करन डेढ़ा ने 92 गेंदों पर 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 96 रन, हरीश भड़ाना ने 43 गेंदों पर 24 रन, मृदुल मेदवाल ने 23 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 20 रन बनाए। विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपांशु ने 8 ओवर में 4 मैडेन 14 रन देकर 3 विकेट, सारांश ने 8 ओवर में 1 मैडेन 23 रन देकर 3 विकेट मुदित ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 26.3 ओवर में 144 रन बनाकर ढेर हो गई। विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहित डेढ़ा ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 37 रन, सारांश ने 25 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 34 रन और शोबित ने 19 गेंदों पर 2 चौकों और 2 छक्के की मदद से 29 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज ने 7 ओवर में 1 मैडेन 22 रन देकर 2 विकेट,आशीष बांबी ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट, हरीश ने 4 ओवर 1 मैडेन 22 रन देकर 2 विकेट, करन ने 4 ओवर 1 मैडेन 18 रन देकर 2 विकेट और अनिल मौर्या ने 1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच करन डेढ़ा को घोषित किया गया।

## कॉलेज में एक्सटेंशन लैक्चर आयोजित




**फरीदाबाद।** प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने बीबीए और बीबीए सीएएम के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए बिजनेस रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय में बेसिक्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी फॉर रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग एंड हाउ टू प्रिपेयर रिसर्च डिजाइन पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में इस तरह के आयोजन करता रहता है। दिन के वक्ता डॉ. सुमन गर्ग, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल ने अतिथि को पुष्प भेट कर स्वागत भाषण दिया। विंग-द्धद्धद्ध के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने इस तरह के सत्र आयोजित करने की प्रासंगिकता के बारे में बात की और व्यवसाय की सफलता के लिए डेटा संग्रह और विश्लेषण और पूर्वानुमान में अनुसंधान पद्धति के अध्ययन के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. सुमन ने अपने व्याख्यान में शुरुआत में अनुसंधान की बुनियादी अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित किया और फिर विभिन्न शोध डिजाइनों और शोध रिपोर्ट को कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की।सत्र वास्तव में बहुत दिलचस्प था क्योंकि छात्रों को आज के युग में शोध पद्धति के महत्व के बारे में पता चला। अनुसंधान प्रबंधकों के ज्ञान आधार का विस्तार करके व्यवसाय की विश्वसनीयता का निर्माण करता है। यह जिज्ञासा और नए विचारों के परिचय को प्रोत्साहित करके समस्या समाधान में मदद करता है। व्याख्यान बहुत ही संवादात्मक था क्योंकि वक्ता ने छात्रों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। छात्रों ने सत्र का आनंद लिया और इससे बहुत कुछ सीखा। व्याख्यान में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। सत्र धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ और प्रियम गुप्ता द्वारा संचालित किया गया।

## आयकर अधिनियम में विभिन्न बदलाव कर राहत प्रदान की

**फरीदाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के आम बजट में आयकर अधिनियम में विभिन्न बदलाव कर आयकरदाताओं को भारी राहत प्रदान की है। आयकर में बदलाव पर बात करते हुए कर-विशेषज्ञ सीए मनोज जैन ने कहा कि अगले साल आम चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोगों को इनकम टैक्स के मोर्चे पर बड़ी राहत दी। वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा की कि फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए नए टैक्स रिजीम चुनने वालों को 7 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही इन स्लैब में टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले यह छूट सीमा ढाई लाख रुपये तक ही थी। वहींए दो करोड़ रुपये से ज्यादा आय वालों के लिए सरचार्ज की उच्चतम दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरानी टैक्स व्यवस्था भी जारी रहेगीए लेकिन उसमें कोई राहत न मिलने से कर दाताओं को निराशा जरूर हाथ लगी है क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि सरकार नई टैक्स व्यवस्था को आकर्षक बनाने के साथ ही पुरानी टैक्स व्यवस्था अपनाने वालों को भी कुछ राहत देगी।

## डॉ. नेहा ने हरियाणा सिविल सर्विसेज परीक्षा क्लीयर की



**फरीदाबाद।** कोरोना काल में जब पूरा देश घर में बैठ कर मोबाइल फोन पर गेम्स व टेलिविजन में शो देखने में मशगूल था। इसी बीच फरीदाबाद सैक्टर-21 निवासी डॉ. नेहा ने इन सबसे अलग रहकर केवल और केवल अपने मिशन को फोकस करते हुए हरियाणा सिविल सर्विसज की तैयार करने के लिए उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 फरीदाबाद की डायरेक्टर डा. जयश्री चौधरी से सम्पर्क कर शिक्षा ग्रहण की। शिष्या व अध्यापिका दोनों ही कोविड़ ग्रस्त हो चुकी थी। बावजूद इसके दोनों ने हार नहीं मानी जिसका परिणाम यह निकाला कि पहले ही प्रयास में डा. नेहा ने हरियाणा सिविल सर्विसज की परीक्षा क्लीयर कर ली है। इसी प्रकार सैक्टर-55 निवासी अंकुश मंगला ने भी इस विषम परिस्थिति में उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 में शिक्षा ग्रहण कर हरियाणा सिविल सर्विसज की परीक्षा पास की। आज उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 की डायरेक्टर डा. जयश्री चौधरी ने डा. नेहा का परीक्षा पास करने पर जोरदार स्वागत किया और इस मौके पर दोनों ही शिष्या व अध्यापिका एक-दूसरे को गले लगाकर रोयी। डा. जयश्री चौधरी ने कहा कि आईएएस, आईपीसी करने वाले सभी छात्र-छात्राओं न कोरोना काल जैसे निकट परिस्थिति में भी अधिक से अधिक मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल की। अब डा. नेहा जैसे कई होनहार छात्र-छात्राएं परीक्षा पास कर देश व अन्य राज्यों की सेवाऐं देकर बेहतर कार्य जनता के लिए करेगें।

## विमर्श का केन्द्र

### भावनात्मक मुद्दे

**संभवत:** वर्तमान समय में धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दे भावनात्मक रूप से विमर्श के केन्द्र में आते जा रहे हैं। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड-एआईएमपीएलबी ने कुछ धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दे उठाए जिन पर प्रतिक्रिया स्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस को भी अपनी बात रखनी पड़ी। निश्चित रूप से आरएसएस को इस बहस में धकेला गया है। कुछ सप्ताह पहले बिहार के मंत्री चंद्रशेखर व उसके बाद समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रख्यात हिंदू महाकाव्य गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस पर अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसमें पुस्तक के कुछ हिस्सों को महिलाओं व तथाकथित 'नीची जातियों' के लिए अपमानजनक बताया गया था। तपस्वी छावनी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत रामहंस दास ने इस पर आवेश में आकर तीखी प्रतिक्रिया की। लेकिन इससे हतोत्साहित न होते हुए मौर्य के समर्थकों ने वृंदावन में रामचरितमानस के कुछ पन्नों की फोटोप्रतियां जलाईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून-व्यवस्था का कठोरता से पालन करते हुए इन लोगों को गिरफ्तार किया और अब इन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून-रासुका लगा दिया गया है। भले ही आधिकारिक रूप से समाजवादी पार्टी ने रामचरितमानस पर मौर्य की टिप्पणी से दूरी बना ली हो, पर पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बना कर परोक्ष रूप से उनका समर्थन भी किया गया। आरएसएस को रामचरितमानस-विरोधी टिप्पणी पसंद नहीं आई है जो 'मंडल विचारधारा' का हिस्सा रही है। आरएसएस हमेशा से सारे हिंदुओं को एकजुट करने के प्रयास में लगा है और समाज में विभाजन के हर प्रयास का विरोध करता रहा है। संत शिरोमणि रविदास की 647वीं जन्म जयंती पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'ईश्वर सत्य है। किसी का चाहे जो नाम, क्षमता या सम्मान हो, सभी समान हैं और उनके बीच कोई अंतर नहीं हैं। कुछ पंडित शास्त्रों के आधार पर जो कहते हैं, वह झूठ है।' आरएसएस ने आधिकारिक रूप से यह स्पष्टीकरण भी दिया कि मोहन भागवत द्वारा प्रयुक्त 'पंडित' शब्द का अर्थ 'विद्वान' से है।




आरएसएस का विश्वास है कि हिंदू धर्म-संस्कृति के बारे में उठे सवालों या पैदा भ्रांतियों का स्पष्ट रूप से जवाब दिया जाना चाहिए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत में पिछले कुछ सालों से 'हिंदुत्व' उभार पर है जिसके कारण एआईएमपीएलबी जैसे तत्व व्यथित हो गए हैं। अपनी हालिया बैठक में पास प्रस्ताव में उसने समान नागरिक संहिता-यूसीसी तथा जनता की संपत्तियों को ध्वस्त करने का विरोध किया है। उसके अनुसार, यूसीसी 'भारत जैसे बहु-धार्मिक, बहु-सांस्कृतिक व बहुभाषी देश में न प्रासांगिक है और न लाभदायक।' लेकिन ऐसे 'हिंदू-विरोधी' संगठन भूल जाते हैं कि संविधान निर्माताओं ने ही समान नागरिक संहिता को संविधान के निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल किया था और अब सरकार इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा समान नागरिक संहिता को अपने तीन 'प्रमुख मुद्दों' में शामिल किया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से जारी है तथा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया जा चुका है। अत: अब केवल समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन ही बाकी बचा है। भाजपा-विरोधी इसे भावनात्मक मुद्दा मानते हैं, पर ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर अनेक अभूतपूर्व व असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके साथ ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत 'अमृत काल' में हर प्रकार की 'गुलाम मानसिकता' से भी मुक्ति पाना चाहता है। भारत अतीत की उन व्याख्याओं से भी मुक्ति पाना चाहता है जिन्होंने 'हिंदू धर्म' का अपमान कर हिंदुओं में विभाजन पैदा करने के सारे प्रयास किए हैं।

# समावेशी विकास पर केन्द्रित बजट

**वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने निवेश व उपभोग को प्रोत्साहन के बीच न्यायोचित संतुलन स्थापित कर विकास तेज करने का प्रयास किया है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत को तेज व टिकाऊ विकास के रास्ते पर ले जाने तथा उसका मजबूत आधार स्थापित करने के समग्र उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने निवेश-नीत बजट पेश किया है। अधिकांश बजटीय आबंटन ढांचागत संरचना बनाने पर केन्द्रित हैं और सरकार ने इसके साथ ही निजी क्षेत्र द्वारा निवेश को प्रोत्साहित किया है। 2023-24 का बजट इस रणनीति को विस्तार देता है। 2019-20 के अपने पहले बजट में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का रोडमैप पेश किया था। इसके अनुसार उन्होंने अगले पांच साल में ढांचागत संरचना निर्माण हेतु 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश का अनुमान लगाया था। इसमें से 39 प्रतिशत या 39,00,000 करोड़ केन्द्र से तथा समान धनराशि राज्यों की ओर से आनी थी, जबकि बाकी 22,00,000 करोड़ रुपये का निवेश निजी क्षेत्र की ओर से प्रस्तावित था। 2020-21 के बजट में पूंजीगत खर्च-कैपेक्स का संशोधित अनुमान 439,000 करोड़, 2021-22 के बजट में 554,000 तथा 2022-23 के बजट अनुमान में 750,000 करोड़ रहा है।

यह कुल मिला कर लगभग 1,700,000 करोड़ रुपये होता है। वर्ष 2023-24 के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक लाख करोड़ रुपये का कैपेक्स निर्धारित किया है जो 2022-23 के संशोधित अनुमान से 37 प्रतिशत अधिक है। यदि 2024-25 में 1,200,000 करोड़ इसमें और जोड़ा जा सके तो केन्द्र पांच साल का लक्ष्य पूरी तरह प्राप्त कर लेगा।

उसे राज्यों द्वारा पूंजीगत खर्च बढ़ाने की भी उम्मीद है। वर्ष 2022-23 में केन्द्र ने उनको 50 साल के लिए 1,00,000 करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त कर्ज भी दिया है। 2023-24 के लिए सीतारमण ने ऐसे हस्तातंरणों में 30 प्रतिशत वृद्धि कर इसे 130,000 करोड़ रुपये कर दिया है। जहां तक निजी क्षेत्र द्वारा निवेश बढ़ाने का सवाल है, केन्द्र ने अनेक प्रकार के प्रोत्साहन दिए हैं। इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कोर्पोरेट टैक्स में छूट है जो नए विनिर्माण उद्यमों के लिए 15 प्रतिशत तथा वर्तमान उद्यमों के लिए 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत किया गया है। सितंबर, 2019 में पेश यह प्रस्ताव 31 मार्च, 2023 से लागू हो गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि पीएलआई-प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव योजना का विस्तार एक दर्जन अन्य क्षेत्रों तक किया गया है तथा 'स्टार्टअप' को कर प्रोत्साहन दिया गया है। 2020-21 के बजट में वित्त मंत्री ने 15 प्रतिशत दर का लाभ 'नई' बिजली कंपनियों को देने का भी प्रस्ताव किया है।

इसके साथ ही 'सहकारिताओं' को रियायतों व कटौतियों के बिना 22 प्रतिशत दर के लिए उचित बताया गया है। वित्त मंत्री ने डिविडेंट वितरण कर-डीडीटी भी समाप्त कर दिया है। 1 अप्रैल, 2020 से डिविडेंट की कटौती शेयरधारकों से की जाती है। 2022-23 के बजट में 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स के लिए नए विनिर्माण उद्यमों को सक्षम बनाया गया है जिनका गठन 31 मार्च, 2024 के पहले हुआ हो, जबकि पहले यह सीमा 31 मार्च, 2023 थी। स्टार्टअप को एक साल और, यानी 31 मार्च, 2023 तक टैक्स छूट दी गई है। सहकारिताओं के मुनाफे पर सरचार्ज को 12 प्रतिशत से घटा कर 7 प्रतिशत किया गया है और इसके साथ ही मैट-मिनिमम आल्टरनेट कर को वर्तमान 18.5 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत किया गया है। बजट 2023-24 में वित्त मंत्री ने नए विनिर्माण उद्यमों को 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स का लाभ देने का विस्तार एक साल और कर दिया है। अब यह विशेष दर सहकारिता क्षेत्र में स्थापित उद्यमों पर भी लागू होगी। स्टार्टअप के लिए कर मुक्ति एक साल और बढ़ा दी गई है। इसके अतिरिक्त उनको स्वामित्व बदलने की स्थिति में भावी मुनाफों का ध्यान रखते हुए 10 साल के कुल नुकसान को स्थगित रखने की अनुमति मिली है।

शुरुआत में निजी क्षेत्र ने मांग की कमी के कारण उपरोक्त विशेष व्यवस्थाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन वर्तमान वर्ष में यह गति तेज हुई है। विनिर्माण क्षेत्र द्वारा अप्रैल-दिसंबर, 2022 में घोषित नया निवेश 2019-20 के इसी कालखंड की तुलना में पांच गुना अधिक है। निसंदेह मोदी सरकार द्वारा किए प्रयासों से इच्छित वृद्धि दर तेज हुई है। इसके चलते 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी जिसके 2022-23 में 7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण है जिसका कारण यूक्रेन युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव तथा बढ़ती ब्याज दरें हैं। राजकोषीय घाटे-एफडी के मोर्चे पर क्या स्थिति है? 2021-22 में एफडी को जीडीपी के 6.7 प्रतिशत पर सीमित रखा जा सका, जबकि बजट अनुमान 6.8 प्रतिशत था। 2022-23 में भी सीतारमण ने बजट में इसके लिए 6.4 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशंसनीय है कि प्रमुख सब्सिडी में वृद्धि के बावजूद सरकार ऐसा करने में सफल हुई है। उर्वरक सब्सिडी का बजट अनुमान 105,000 करोड़ था, पर यह लगभग 225,000 करोड़ पहुंचेगी जबकि खाद्य सब्सिडी का अनुमान 207,000 करोड़ था जो 287,000 करोड़ पहुंचेगी। इसका संबंध अधिकांशत: केन्द्र की कर प्राप्तियों में वृद्धि से है जो 2100,000 करोड़ पहुंच गई हैं, जबकि बजट अनुमान 300,000 करोड़ था।

वित्त मंत्री ने 2023-24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा था। कर संग्रह में वृद्धि के बावजूद उनको सब्सिडी में वृद्धि का सामना करना पड़ा जो खाद्य सब्सिडी में 90,000 करोड़ तथा उर्वरक सब्सिडी में 50,000 करोड़ थी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई की वापसी के बार हालांकि सरकार खाद्य सब्सिडी में कमी कर सकती है, पर उर्वरक सब्सिडी में इसकी कोई संभावना नहीं है। बजट की एक खास बात व्यक्तिगत आय कर-पीआईटी में परिवर्तन है। 2020-21 के पहले किसी व्यक्ति को 2,50,001-5,00,000 प्रति वर्ष आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देना होता था। 5,00,000 से अधिक पर 10,00,000 से कम आय पर 20 प्रतिशत तथा 10,00,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स था। कर की इन दरों के साथ अनेक प्रकार की रियायतें व छूटें थीं। 2020-21 के बजट में 2,50,001-5,00,000 आय पर पांच प्रतिशत की दर बनाए रखी गई थी, पर 5,00,000 से अधिक 7,50,000 तक 10 प्रतिशत, 7,50,001-10,00,000 तक 15 प्रतिशत, 10,00,001-12,50,000 तक 20 प्रतिशत, 12,50,001-15,00,000 तक 25 प्रतिशत तथा 15,00,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स बना हुआ था। लोगों को नई योजना में शामिल होने या रियायतों व कटौतियों के साथ पुरानी वयवस्था में बने रहने का विकल्प दिया गया था। वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री ने नई योजना को अत्यधिक आकर्षक बनाने के लिए कर टैक्स की स्लैबों में परिवर्तन कर 3,00,000 रुपये तक आय पर शून्य, 3,00,001-6,00,000 तक पांच प्रतिशत, 6,00,001-9,00,000 तक 10 प्रतिशत, 9,00,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत, 1,200,001-1,500,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,500,000 से अधिक पर 30 प्रतिशत का प्राविधान किया है। इसके साथ ही '7,00,000 वार्षिक आय तक कोई टैक्स नहीं' की व्यवस्था की गई है।

इससे 1,50,000 तक आय स्तर वाले सभी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा। उदाहरणार्थ, 9,00,000 कमाई करने वाले व्यक्ति को केवल 45,000 कर देना पड़ेगा और बाकी 855,000 खर्च के लिए उपलब्ध होगा। इससे कुल मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा निवेश व आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी। इससे बड़े पैमाने पर करदाता नई योजना की ओर हस्तांतरित होंगे तथा छूटों व रियायतों और इससे जुड़ी विकृतियों का युग समाप्त होगा। इससे निवेश व उपभोग के न्यायोचित सम्मिश्रण से आर्थिक वृद्धि तेज होगी। वित्त मंत्री ने कृषि, एमएसएमई, स्टार्टअप, सहकारिताओं, सस्ते आवास, आदि क्षेत्रों को गति देने के लिए अनेक योजनाओं व बजटीय आबंटनों के साथ सामने आई हैं। ये 'समावेशी' व 'हरित' विकास तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का प्रमुख आधार बनेंगी।

# प्रकृति देती है कैंसर से लड़ने की क्षमता

> अधिकांश उपचार के तौर-तरीके जैसे कीमोथेरेपी, सर्जरी और विकिरण में बहुत दर्द और गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं।

**हरीश बर्थवाल**
(लेखक स्वास्थ्य व सामाजिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)



इसके लगातार बढ़ते प्रसार, उपचार की अत्यधिक लागत और उच्च मृत्यु दर के कारण, कैंसर डॉक्टरों, स्वास्थ्य योजनाकारों और अन्य लोगों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। कैंसर के अनुसंधान, निगरानी और उपचार पर भारी खर्च के बावजूद, इस खतरनाक बीमारी से पीड़ित लोगों में से केवल 70 प्रतिशत ही इसके शुरू होने के पांच साल बाद जीवित रह पाते हैं।

अधिकांश उपचार के तौर-तरीके जैसे। कीमोथेरेपी, सर्जरी और विकिरण में बहुत दर्द और गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं। बेशक, अमेरिका, डेनमार्क, स्वीडन और स्लोवाकिया जैसे देशों में नई, कम जहरीली और कम दर्दनाक थैरेपी से थोड़ी राहत देखी गई है। फिर भी, दुनिया भर में समग्र स्थिति गंभीर बनी हुई है। भारत में, कैंसर के प्रकार और स्थान के आधार पर, दी जा रही चिकित्सा और अस्पताल के प्रकार के आधार पर, किसी को 90,000 रुपये से 28 लाख रुपये के बीच खर्च करना पड़ सकता है। और ध्यान रखें कि सभी मरीज़ चिकित्सकीय रूप से बीमाकृत नहीं हैं या इसे वहन करने में सक्षम नहीं हैं।

कुछ साल पहले, द लैंसेट ने 2016 के निष्कर्षों के आधार पर, कुछ विकसित देशों में कैंसर के प्रबंधन में प्रगति और कैंसर के कारण मृत्यु दर में कुछ गिरावट की सूचना दी थी। फिर भी, कुल मिलाकर यह दुनिया भर में एक गंभीर स्वास्थ्य खतरा बना हुआ है। विश्व स्तर पर, डब्लूएचओ ने 2020 में लगभग 10 मिलियन मौतों का श्रेय कैंसर को दिया है, जो कि स्तन के मामलों में सबसे अधिक (2.26 मिलियन मामले), उसके बाद फेफड़े (2.21 मिलियन मामले), कोलन और मलाशय (1.93 मिलियन मामले), प्रोस्टेट (1.41 मिलियन मामले), त्वचा (1.20 मिलियन मामले) हैं। मामले) और पेट (1.09 मिलियन मामले)।



कैंसर कोशिकाओं की अप्रत्याशित गति और एक निर्धारित पैटर्न के बिना इसकी तीव्र वृद्धि शरीर के अन्य भागों में संचारित होती है, सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है; यह सामान्य कोशिकाओं के व्यवहार के विपरीत है। 'कैंसर कोशिकाएं पूर्व-क्रमादेशित होती हैं ... उनके जीवित रहने और रक्त प्रवाह के माध्यम से उनके प्रसार दोनों की सुविधा प्रदान करती हैं।' एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पॉल डेविस कहते हैं, 'दूरस्थ अंगों में कैंसर के अनुकूल निशान बनाने के लिए ट्यूमर रासायनिक संकेतों का उपयोग करने के तरीके में साजिश की हवा है।' कैंसर के प्रबंधन को खराब करने के लिए, लोगों में जागरूकता की भयानक कमी के कारण ज्यादातर मामलों का देर से पता चलता है।

महिलाएं विशेष रूप से समस्या को छुपाती हैं, और जब ट्यूमर 8-10 सेंटीमीटर लंबा हो जाता है तो उसे सर्जन के पास लाया जाता है। इस प्रकार कैंसर के प्रबंधन में स्क्रीनिंग केंद्रों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ कैंसर पर सार्वजनिक जागरूकता पहली प्राथमिकता है। फिर भी, अधिकांश विकासशील देशों में कैंसर के प्रबंधन में तीसरी बाधा संसाधन की कमी है। भारत कैंसर की देखभाल पर जितना खर्च करना चाहिए, उसका आधे से भी कम खर्च करता है, विशेषज्ञों को खेद है।

एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (एआरएसी), डब्लूएचओ की निगरानी शाखा, भौतिक कार्सिनोजेन्स (जैसे पराबैंगनी और आयनकारी विकिरण, रासायनिक कार्सिनोजेन्स (एस्बेस्टस, तंबाकू के घटक, धूम्रपान, शराब, एफ्लाटॉक्सिन (खाद्य संदूषक)), और आर्सेनिक (पीने योग्य पानी प्रदूषक) को शामिल करती है। ), और जैविक कार्सिनोजेन्स (जैसे वायरस, बैक्टीरिया, या परजीवी से संक्रमण) जिसने तेजी से हमारे अस्तित्व को चारों ओर से भर दिया है। कैंसर से बचने की दर अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, नॉर्वे, नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड में संयुक्त रूप से अधिकांश कैंसर के लिए उच्च पांच साल की सापेक्ष जीवित रहने की दर दर्ज की गई है। समय के साथ कम या कोई गतिविधि न होने के कारण कैंसर स्वस्थ कोशिकाओं का क्षय है। शरीर के अंग और अंग जो सक्रिय रहते हैं, फिट रहने और किक मारने के लिए आवश्यक रक्त प्रवाह को बनाए रखने में सक्षम होते हैं।

विडंबना यह है कि जब अतिरिक्त नैतिक समर्थन की आवश्यकता होती है तो परिवार के करीबी और अन्य लोग कैंसर रोगी को बहिष्कृत कर देते हैं। मुख्यधारा की गतिविधियों से अलगाव केवल पीड़ा को बढ़ाता है। रोगी को विलियम आर्थर वार्ड के रूप में बताया जाना चाहिए, 'पहाड़ों को जीतने के लिए बनाया गया है विपत्तियों को पराजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है; समस्याओं को हल करने के लिए भेजा जाता है।' इसके अलावा, बातचीत को सामान्य रखने, आवश्यकता पड़ने पर भोजन देने, स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ जाने, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने, और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल करने जैसे छोटे-छोटे संकेत अच्छी समझ पैदा करते हैं और स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्रदान करते हैं।

## आप की बात

### चीनी गुब्बारा

**अमेरिका** द्वारा चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने की घटना के कारण चीन व अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन की कुटिल चालों के चलते नित नए कारनामे सामने आ रहे हैं। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय तनाव के मद्देनजर भारत को चीन व पाकिस्तान दोनों के प्रति अधिक सजगता के साथ अपने आकाश, समुद्र, व जमीनी सीमाओं के भीतर निगरानी बढ़ानी होगी। यदि ऐसा कोई भी गुब्बारा या ड्रोन सीमा क्षेत्र के आसपास नजर आए तो उसे तुरंत मार गिराए जाने के आदेश सेना को दिए जाने चाहिए। आशंका है कि चीन जासूसी करने की आधुनिकतम तकनीकों से जानकारी एकत्र कर रहा है। वहीं वह साइबर अटैक व कई अन्य आधुनिक तकनीकों द्वारा बड़े पैमाने पर गुप्त जानकारियां जुटा रहा है। वह अपनी सैन्य शक्ति को भी अधिक आधुनिक संसाधनों से लैस कर रहा है। ऐसे हालातों से निपटने के लिए हमें भी आधुनिकतम तकनीकों से अपनी सीमाओं को लेस करना होगा। अमेरिकी सेना ने मार गिराए गुब्बारे का मलबा एकत्र करने की व्यापक योजना बनाई है। इसके विश्लेषण से ही पता चलेगा कि इसमें कोई जासूसी उपकरण था अथवा यह वास्तव में मौसम की शोध करने वाला गुब्बारा था जो भटक कर अमेरिकी हवाईसीमा में प्रवेश कर गया था।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भयानक भूकंप

**तुर्किये** और सीरिया में लोग सोमवार सुबह नींद से उठे भी नहीं थे कि प्राकृतिक आपदा ने उन्हें आ घेरा। रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता वाले भूकंप से दोनों देश कुदरत के कहर से दहल उठे। यहीं नहीं, इसके कुछ ही घंटों भीतर 7.6 और 6.0 तीव्रता के दो और भूकंप भी आए। इस आपदा में 4000 से ज्यादा मौतें हो गईं जबकि 13 हजार से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। भूकंप से हजारों इमारतें ढह गईं। कड़ाके की ठंड और बारिश से राहत कार्यों में बाधा आ रही है। खराब मौसम ने बेघर हुए लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भूकंप से प्रभावित लोग बचने के लिए बर्फीली सड़कों पर जमा हो गए। तुर्किये में विनाशकारी भूकंप का मंजर ऐसा था कि देखने वाले की रूह कांप उठे। देखते ही देखते चंद सेकंड में इमारतें धाराशाई हो गईं। कुछ जगहों का मंजर तो ऐसा रहा कि नींद के आगोश में समाए लोगों को चीखने तक का मौका नहीं मिला। वे मलबे तले दब गए और जान गवा बैठे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूकंप पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई है बल्कि इन्हें मदद करने की घोषणा भी कर दी है। एनडीआरएफ की दो टीमें उपयुक्त राहत सामग्री के साथ जल्द ही रवाना होंगी।

**सदन जी,** पटना

### सुरक्षित इंटरनेट

**प्रत्येक** वर्ष फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस बार आठ फरवरी को यह दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि सभी लोग, खासकर युवा व बच्चे इंटरनेट का सुरक्षित व संयमित उपयोग करें। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में सुरक्षित इंटरनेट दिवस की थीम-एक साथ एक बेहतर इंटरनेट के लिए, रखी गई है। भारत में इंटरनेट की शुरुआत 1986 में हुई थी और यह केवल शैक्षिक और अनुसंधान समुदाय के लिए उपलब्ध था। इंटरनेट तक आम जनता की पहुंच 15 अगस्त 1995 को शुरू हुई और 2020 तक 718.74 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जून 2022 तक भारत में ग्रामीण इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 339 मिलियन से अधिक थी तथा जुलाई 2022 तक 833 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। आज साइबर अपराध हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार व उसकी एजेंसियों के साथ ही जन-जागरूकता व प्रयोगकर्ताओं की सतत शिक्षा सबसे जरूरी कदम होंगे।

**सुनील कुमार महला,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पहले** भारत के घोर शत्रु रहे राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ 2002-2007 में शांति की असली शक्ति बन गए थे।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता



**पूर्व** विदेश मंत्री की गलत प्राथमिकतायें, कांग्रेस उस व्यक्ति की मृत्यु पर दु:खी है जिसने हमारे देश पर कारगिल युद्ध थोपा था।

– **गौरव भाटिया**
भाजपा प्रवक्ता



**गौतम अडाणी** के बिजनेस पर विवाद से भारत में निवेशकों का विश्वास घटने की आशंका नहीं है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा में आयुष की महत्वपूर्ण भूमिकाः दयालु

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के आयुष, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने मंगलवार को गोरखपुर में निर्माणाधीन आयुष युनिवर्सिटी का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवा और सशक्त वितरण प्रणाली के निर्माण में आयुष विभाग महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभा रहा है। डा दयालु ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को तय समय में कार्यों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि आयुष अस्पताल और औषधालयों के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं देने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हम सभी को मिलकर काम करना होगाए तभी प्रदेश के सभी लोगों को बेहतर सुविधायें सरल तरीके से एवं समय से उपलब्ध होगीं। डा दयाशंकर मिश्र ने कहा कि गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही नवाचारों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रदेश के आयुष चिकित्सा संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध होकर अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकेंगे।

# विदेशी निवेशकों की प्राथमिकता में शामिल डाटा सेंटर

## डाटा सेंटर पर साढ़े सत्रह व लॉजिस्टिक पार्क पर साढ़े सोलह हजार करोड़ से ज्यादा करेंगे निवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की टीम ने प्रदेश में विदेशी मेहमानों को निवेश के लिये आमंत्रित करने के लिये 16 देशों के 21 शहरों में रोड शो किया जिसमें सात लाख बारह हजार करोड़ के 108 एमओयू साइन किये गये। विदेशी मेहमानों ने 25 सेक्टर में से डाटा सेंटर, लॉजिस्टिक पार्क, रिन्यूएबल एनर्जी, अपैरल एंड टेक्सटाइल और फिल्म सिटी में निवेश के लिये सबसे ज़्यादा रुचि दिखाई है। इन सेक्टर में विदेशी मेहमानों की पहली पसंद प्रदेश को डाटा सेंटर का हब बनाने की है जिसमें उन्होंने सत्रह हज़ार करोड़ से ज़्यादा निवेश की इच्छा ज़ाहिर की है। वहीं दूसरी प्रायोरिटी में लॉजिस्टिक पार्क हैं जिसमें वह साढ़े सोलह हज़ार करोड़ से ज़्यादा का निवेश करेंगे। इसमें वह लॉजिस्टिक सर्विस सेंटर से लेकर बीपीओ और ट्रेनिंग सेंटर तक की स्थापना करेंगे। योगी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पहला डाटा सेंटर बनकर तैयार है। योगी सरकार की नीतियों का ही असर है कि विदेशी मेहमानों ने इस सेक्टर की ओर सबसे ज़्यादा दिलचस्पी दिखाई है। सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में हुए रोड शो के दौरान ग्लोबल स्टेट कैपिटल प्रा लि ने प्रदेश में डाटा सेंटर बनाने के लिए 8260 करोड़ रुपए और स्टार कंसोर्टियम प्राईवेट लिमिटेड ने 1000 करोड़ के निवेश से संबंधित एमओयू प्रदेश सरकार के साथ फाइनल किए। यही नहीं यूके और यूएसए में रोड शो के दौरान सिफी इंटरनेशनल ने इस सेक्टर के लिए 8300 करोड़ के निवेश पर सहमति जताई। इन आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा विदेशी मेहमानों ने 17560 करोड़ का निवेश कर प्रदेश को डाटा सेंटर के हब के रूप में विकसित करने की ओर कदम बढ़ाए हैं।

### निवेशकों की दूसरी पसंद है लॉजिस्टिक पार्क

**विदेशी** निवेशकों ने 25 सेक्टर्स में से दूसरी प्रायोरिटी के रूप में लॉजिस्टिक पार्क को रखा है। इसमें उन्होंने 16810 करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित एमओयू किए हैं। यूएई के रोड शो के दौरान शराफ ग्रुप ने तेरह सौ करोड़, हिंदुस्तान पोर्ट प्राईवेट लिमिटेड ने दो सौ दस करोड़ के एमओयू साइन किए हैं। कनाडा और यूएसए के दौरे के दौरान आठ हज़ार दो सौ करोड़ के निवेश पर अपनी हामी भरी है। वहीं सिंगापुर और ऑस्ट्रलिया के रोड शो में एक हज़ार करोड़ का निवेश लॉजिस्टिक सर्विस में होगा। वहीं यूनिवर्सल सक्सेस प्रईवेट लिमिटेड ने 5100 करोड़ रुपए से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण करने का निर्णय लिया है।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करें: जयवीर सिंह

### ● पर्यटन मंत्री ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलार को एकल अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय खेलकूद समारोह 2023 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पर्यटन मंत्री के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं योगी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की सरकार की देन है कि देश के प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत का स्वरूप इन खिलाड़ियों में माध्यम से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में मिल रहा है। भारत सबसे बड़ी अबादी वाला देश है विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा पुरस्कार भी मिलने चाहिए। एकल अभियान संगठन के द्वारा 27 सम्भागों से आये हुए नन्हें.नन्हें खिलाड़ी को देख कर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि परम्परागत भारतीय खेलों को बढ़ावा दिया जाए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि कोरोना संकट एवं रूस यूक्रेन युद्व के दौरान भारत की भूमिका विश्व के सामने सक्तशाली रूप में प्रगट हुई और भारत अब विश्व गुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 10 से 12 फरवरी तक उत्तर प्रदेश इनवेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में निवेश के अनुमान से तीन गुना ज्यादा सफलता मिलने जा रही है जिसमें खेल और खिलाड़ियों के लिए काफी निवेश की संभावना है। मंत्री जयवीर सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल ने पुरस्कार वितरण किया।

# राहुल गांधी का यह बयान उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता हैः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर राहुल गांधी की टिप्पणी ओछी और निंदनीय है जो यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि उन्हें न इतिहास पता और न ही वर्तमान ज्ञान है।


प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून का राज स्थापित किया है, विकास के कार्य हो रहे है। राहुल गांधी का यह बयान उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मोहनिंद्रा में हैं वह उत्तर प्रदेश में आए नहीं हैं। इसलिए उन्हें यूपी के विकास की जानकारी नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित विकास के एजेंडे पर लगातार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही हैं। प्रदेश तथा प्रदेशवासियों को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार अनवरत काम कर रही है लेकिन विपक्ष उत्तर प्रदेश का वातावरण खराब करने की कोशिशें लगातार कर रहा है लेकिन विपक्ष के मंसूबे कामयाब नहीं होगें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सर्वस्पर्शी सनातन संस्कृति के उपासक हैं। योगी जी के लिए मानव मात्र की चिंता, उसकी समस्याओं का निराकरण और बिना भेदभाव सबका कल्याण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस हमेशा से आस्था के साथ खिलवाड़ करती रही है। भगवान राम और कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वालों को गोरक्षपीठ की सामाजिक समरसता के बारे में ज्ञान नहीं है।

## आप के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अमित ने फिर थामा कांग्रेस का हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के निवर्तमान लखनऊ, महानगर अध्यक्ष और उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अमित श्रीवास्तव त्यागी अपने समर्थकों सहित एक बार फिर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने अमित श्रीवास्तव त्यागी का फूल माला से भव्य स्वागत करते हुए उनके गले में तिरंगी पट्टी पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि आज मैं अपने पुराने घर में वापस आने के बाद बहुत हर्ष का अनुभव कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छोड़ने का निर्णय गलत था। मैं पूर्व में लगभग 22 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी में रहा हूं जो सम्मान मुझे कांग्रेस में मिला है शायद वह और किसी अन्य दल में नहीं है। अमित श्रीवास्तव त्यागी के साथ फ खरूल इस्लाम, किशवर जहां, अमित सिन्हा एडवोकेट, अभय सिंह अप्पी, मो. दिलशाद, शील कुमार, पवन श्रीवास्तव, सुनील कुमार गौतम, सुरेश लोधी, रईस इस्लाम, रूही रिजवान, रफ ीक मलिक, मो. शानू, विनोद सिंह, निजामुद्दीन, जेबा मलिक, शन्नाक, सूरज कुमार पाल, शहनूर, विजय सागर सहित आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी गिम में आज उत्तर प्रदेश के जनपद बस्ती से सतीश कुमार सिंह के साथ आकाश पाण्डेय, अजीत कुमार, जयश्री मौर्या ने भी कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि आज देश में नफ रत एवं विघटन की राजनीति हो रही है। जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाकर उन्हें जाति-धर्म के नाम पर आपस में लड़ाने का प्रयास किया जा रहा।

# पीसीएसजे की प्रारंभिक परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● सीएस ने कमिश्नर व डीएम के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नियोजन, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, समाज कल्याण, लोक निर्माण आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि पीसीएस जे परीक्षा-2022 की प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी को प्रदेश के पांच शहरों आगरा, कानपुर, गोरखपुर, मेरठ व प्रयागराज में प्रस्तावित है। परीक्षा को पूरी तरह से नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करा ली जाएं। किसी भी स्थिति में पेपर लीक न हो, इसके लिये सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित कर लिये जाएं। अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं मण्डलायुक्त अपने जनपदों में जो नवाचार किया जा रहा हैए उस नवाचार को एक-दूसरे से साझा किया जाए जिससे उत्तर प्रदेश का विकास तेजी से होगा और यूपी की इकोनॉमी में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने जनपद की कैपिटल इनकम बढ़ाने पर विशेष बल दिया। सभी जनपदों में संभावित पर्यटन क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें विकसित करें। उन्होंने कहा कि कई बार जनपदों में अच्छे कार्य होते हैं लेकिन उनका डाटा पोर्टल पर फीड न होने के कारण उन्हें उपलब्धि हासिल नहीं होती है, इसलिये सभी जिलाधिकारी सांख्यिकी अधिकारी के साथ बैठक कर योजनाओं के सही आंकड़ें पोर्टल पर फीड कराएं। इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा ने अमृत महोत्सव का उपहार ग्राम दारा नगर अमरोहा अन्धेरे से उजाले की ओर विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम में विद्युत व्यवस्था हेतु 50 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया है। सोलर पैनल के साथ 70 किलोवाट का इनवर्टर लगाया है। ग्राम की वर्तमान आवश्यकता 38 किलोवाट है। ग्राम में प्रत्येक घर में विद्युत मीटर लगाते हुए 4 एलईडी बल्व एवं 2 सॉकेट की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 76 विद्युत पोल के माध्यम से पूरे ग्राम को विद्युत सप्लाई की गई है तथा सभी पोल पर एलईडी लाईट की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी सहारनपुर ने स्वीट रिवाल्यूशन मीठी क्रांति विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# जनता के बीच हमारी सक्रियता, जनता के बीच हमारा सरोकार बढ़ना चाहिएः धर्मपाल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** लखनऊ महानगर कार्यसमिति बैठक चांसलर क्लब सरोजनी नगर में आयोजित हुई। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यसमिति में हम अपने पिछले तीन महीनों के कार्यों की समीक्षा आगामी कार्यक्रमों की योजना, आयामों व अभियानों की समीक्षा के साथ कार्यकर्ता की समीक्षा करते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी करने का उपयुक्त अवसर है जहां आज हम संगठन, संगठनात्मक समीक्षा, संगठनात्मक कार्य तथा राजनैतिक परिस्थिति की चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण ही भारत को जी20 की अध्यक्षता का अवसर मिला है। यह भारत का विश्व गुरु बनने की ओर एक कदम है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनी है। कभी हम कहते थे मोदी है तो मुमकिन है, आज यह हमारा नारा ही नहीं पूरे विश्व का नारा बन चुका है। पूरे विश्व का विश्वास हमारे प्रधानमंत्री मोदी पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच हमारी सक्रियता, जनता के बीच हमारा सरोकार बढ़ना चाहिए। हम सबको बूथ की समिति मोहल्ले की समिति वार्ड की समिति में क्वालिटी के साथ क्वांटिटी बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज के हर वर्ग को भाजपा में जोड़ने की आवश्यकता है। समाज के हर व्यक्ति को लगना चाहिए कि भाजपा मेरी पार्टी है। लखनऊ महानगर के कार्यकर्ता को को ऐसा बनाना है कि हर व्यक्ति कहे कि भाजपा का कार्यकर्ता बनना है। उन्होंने कहा भाजपा की कार्यकारिणी एक फैक्ट्री है और अगर फैक्ट्री ठीक प्रकार से चलती है तो उसका प्रोडक्ट अच्छा होता है, महानगर कार्यसमिति अच्छी होगी तो यहां अच्छे कार्यकर्ताओं का निर्माण होगा। बैठक, समीक्षा और संवाद से कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं में परस्पर चर्चा होती रहनी चाहिए। कार्यकर्ताओं में संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। सामूहिक निर्णय, सब की सहभागिता होनी चाहिए, हमारा निर्णय श्रेष्ठता के आधार पर होना चाहिए। पार्टी का नेतृत्व जो भी निर्णय लेता है हम सब को उसको स्वीकार करना चाहिए। पार्टी के कार्यकर्ताओं की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत मंडल सशक्त करने, बूथ सक्रिय, सशक्त करने तथा पार्टी की योजनाओं के पत्रक घर-घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। सशक्त मंडल के लिए हर बूथ पर मन की बात का कार्यक्रम, मंडल के पदाधिकारियों का शक्ति केंद्रों पर प्रवास हो। मंडल व मोर्चा की कार्यसमिति सर्व स्पर्शी सर्वव्यापी व सर्वग्राही बने। हर बूथ सक्रिय बूथ बने, बूथ पर बूथ समिति के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद टिफिन बैठक हो। प्रत्येक कार्यकर्ता कुछ ना कुछ भोजन लाएं और साथ में भोजन करें। पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा की 2014 में जब हमारी सरकार आई थी तब भारत की अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज पांचवे स्थान पर है और अगर पीपीपी मॉडल के आधार पर भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत उस गौरवशाली परंपरा के अधिष्ठान पर खड़ा है जहां पूरे विश्व की निगाहें भारत की ओर है।

# सदी के सबसे बड़े अडानी घोटाले पर चुप्पी साधे है मोदी सरकारः नकुल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि मोदी सरकार सदी के सबसे बड़े अडानी घोटाले पर चुप्पी साधे हुए है। कुछ दिनों पहले अडानी मुद्रा पोर्ट पर हजारों करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई लेकिन सरकार के मुंह नहीं खुले। पूरे देश में आर्थिक अव्यवस्था को लेकर असंमजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि, लाखों करोड़ रुपए के ऋ ण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी संपत्ति के आधार पर अडानी समूह को देना क्या सरकार की नीयत पर सवाल नहीं खड़ा करता है?

दुबे सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम भारतीय नागरिकों की कीमत पर अपने करीबी दोस्त और चुनिन्दा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश विशेषकर मध्यम वर्ग परेशान और चिन्तित है। केन्द्र सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी एवं एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों जिसमें एलआईसी के लगभग 29 करोड़ पॉलिसी धारक और एसबीआई लगभग 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अडानी प्रकरण पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से विस्तार से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी सदन में लगातार संघर्ष कर रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं है।

### मो. आरिफ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त

**लखनऊ।** कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा तथा कार्यकुशलता को दृष्टिगत रखते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव द्वारा मोहम्मद आरिफ को विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता हम्माम वहीद ने बताया कि इस अवसर पर उप्र राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष रेहान खान, उप्र युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव अनुराग दीक्षित मुन्ना, उप्र राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व महासचिव मोहम्मद इरफ ान, विद्यांत कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सईद पपुआ आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए मनोज यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अडानी समूह घोटाले की जांच जेपीसी से कराने की मांग पर आप ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी ने अडानी समूह के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों को देश का सबसे बड़ा महाघोटाला करार दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच और अडानी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौतम अडानी के साथ-साथ सभी संबद्ध महत्वपूर्ण लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के अवध प्रांत अध्यक्ष सूरज प्रधान ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की पिछले कुछ दिनों में देश के करोड़ों नागरिकों का अडानी की कम्पनी में साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपया डूब गया जो उन्होनें अपने खून पसीने से बचत कर निवेश किया था। आम आदमी पार्टी ने कहा की अडानी का घोटाला पकड़ा गया तो उन्होनें कहा की ये देश पर हमला है लेकिन हिंडनबर्ग ने तो अमरीका, जापान आदि देशों की कंपनियों का घोटाला भी उजागर किया फिर उन देशों के उद्योगपतियों ने ये नहीं कहा की ये उनके देश पर हमला है और अगर ये देश पर हमला है भी तो देश के प्रधानमंत्री मोदी को जरूर बोलना चाहिए लेकिन वो खामोश बैठे हैं।

अडानी कोई भारत नहीं हैं और न ही भारत ही कोई अडानी हैं लेकिन देश का दुर्भाग्य की प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ अडानी से अपनी दोस्ती निभाते रहे और देशवासियों के साथ विश्वासघात किया।

## दिल्ली पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने वाला साल्वर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** वर्ष 2020 में दिल्ली पुलिस की आरक्षी भर्ती परीक्षा में स्वयं के स्थान पर सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलवाने तथा परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोह के एक सदस्य और 25 हजार के ईनामी नितिन कुमार को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। नितिन कुमार ने पूछताछ पर बताया कि उसके ही गांव का दिनेश चौधरी प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर परीक्षाओं में धांधली करने वाले गैंग से जुड़ा हुआ है। इस गैंग का गैंग लीडर दिनेश कुमार प्रजापति निवासी असावटी, थाना गदपुरी, पलवल, हरियाणा है। वर्ष 2020 में अभियुक्त नितिन कुमार उपरोक्त ने दिल्ली पुलिस के आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए अपना फ ार्म भरा था और साथ ही वह इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी ढूंढ़ने का भी काम कर रहा था। इस परीक्षा में वास्तविक अभ्यर्थी शिवकुमार हरियाणा के स्थान पर अर्पित निवासी नजफगढ़, दिल्ली एवं प्रवीन कुमार निवासी हरियाणा के स्थान पर दिनेश चौधरी निवासी हरियाणा तथा वास्तविक अभ्यर्थी नितिन कुमार निवासी हरियाणा (गिरफ्तार अभियुक्त) के स्थान पर अमन निवासी हरियाणा परीक्षा देने जा रहे थे, जो तीनों मौके से पकड़े गए थे।

# स्पोर्ट्स कालेजों में चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की निगरानी में होगाःडा. नवनीत सहगल

### ● स्पोर्ट्स कालेजों में पांच सदस्यीय समिति का किया गया गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल ने कहा कि स्पोर्ट्स कालेजों में बच्चों का चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की निगरानी में होगा। इसी क्रम में लखनऊ, गोरखपुर एवं सैफई स्थित तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में बच्चों का प्रारंभिक चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की देख-रेख में किया जायेगा। स्पोर्ट्स कालेजों में चयन ट्रायल्स के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी चयन समिति में अध्यक्ष होगा। इनके अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षक, संबंधित कालेज के प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी तथा कालेज से संबंधित खेल प्रशिक्षक को समिति में सदस्य बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि पूर्व में तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में संयुक्त रूप से प्रारंभिक चयन ट्रायल्स के माध्यम दाखिले की व्यवस्था थी। छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में अलग-अलग चयन ट्रायल्स कराया जायेगा। छात्र/छात्राएं जिस स्पोर्ट्स कालेज में प्रवेश के इच्छुक है, उनको वहीं पर ट्रायल्स देने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। तीनों स्पोर्ट्स कालेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश भी दिये हैं कि वह अपने यहां आयोजित प्रारंभिक चयन परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को मुख्य चयन ट्रायल्स परीक्षा में आमंत्रित करेंगे तथा संबंधित खेल की दो दिवसीय फिजिकल, स्किल तथा गेम परीक्षा आयोजित कराई जाये। जिसका परिणाम संबंधित कालेज अपनी वेबसाइट अपलोड करेंगे और अन्य माध्यम से चयनित छात्रों को सूचना उपलब्ध करायेंगे।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ के अधीन संचालित तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में आगामी मार्च माह में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 6 में दाखिले के लिए प्रारंभिक एवं मुख्य चयन ट्रायल लिया जायेगा। लखनऊ, गोरखपुर एवं सैफई तीनों स्पाट्स कालेजों में तीन दिनों की प्रारंभिक चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जायेगा। प्रारंभिक चयन परीक्षा में फिजिकल एवं गेम दोनों में उत्तीर्ण छात्रों का जन्म तिथि सत्यापन के बाद मुख्य चयन ट्रायल्स लिया जायेगा। छात्रों का आधार कार्ड के आधार पर जन्मतिथि का सत्यापन किया जायेगा। पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि का प्रमाण.पत्र मान्य होता था।

# यूपी में 16 गुना तेजी से होगा रेल कनेक्टिविटी का विकास

### ● केंद्र ने रेलवे बजट में यूपी को दिया 2009-14 की तुलना में 16 गुना ज्यादा बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की योगी सरकार जिस तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रही है उसमें उसे केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर करने में जुटी है और इसी प्रयास के तहत इस बार रेल बजट में उत्तर प्रदेश को 2009-14 की तुलना में 16 गुना ज्यादा बजट दिया गया है। 2009-14 के बीच जहां यूपी के हिस्से रेल बजट में सिर्फ 1109 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी मिली थी तो वहीं मोदी सरकार ने अकेले 2022-23 में उत्तर प्रदेश को 16 गुना ज्यादा यानी 17507 करोड़ रुपए का बजट दिया है। केंद्र सरकार ने इस बार रेलवे के लिए सबसे ज्यादा 2.4 लाख करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया है। योगी सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में अभी 7143 किमी लंबी नई लाइन पर 83 प्रोजेक्ट्स के तहत कार्य चल रहा है जिस पर करीब 94 हजार करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वहीं 3831 किमी लंबी रेलवे लाइन के लिए 55 सर्वे किए जाने हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश से अन्य राज्यों को जोड़ने के लिए नई लाइन से जुड़े जो प्रोजेक्ट हैं उनमें एक ललितपुर-सतना, रीवा-सिंगरौली और महोबा-खजुराहो है जिस पर 700 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसी तरह बहराइच-श्रावस्ती और बलरामपुर-तुलसीपुर लाइन पर 390 करोड़ का खर्च आएगा। 2023-24 में एनर्जी कॉरिडोर के लिए नई लाइन हेतु 284 करोड़, जनजातीय गौरव कॉरिडोर 284 करोड़, सहजनवा-दोहरीघाट के लिए 205 करोड़, देवबंद रुड़की के लिए 200 करोड़, मऊ-गाजीपुर-तारीघाट के लिए 150 करोड़, अंब्रेला प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़, आनंदनगर-घुगली के लिए 20 करोड़, पडरौना-कुशीनगर वाया गोरखपुर के लिए 10 करोड़ और मेरठ-पानीपत के लिए 30 लाख रुपए खर्च किए जाने हैं। गेज कन्वर्जेंस को लेकर भी प्रदेश में काफी काम हो रहा है। इसके माध्यम से छोटी लाइन्स को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया गया है। इनमें मथुरा-वृंदावन के बीच लाइन पर 100 करोड़, लखनऊ-पीलीभीत वाया सीतापुर, लखीमपुर पर 100 करोड़, बहराइच-मैलानी बाइपास पर 50 करोड़, इंदारा-दोहरीघाट 35 करोड़, पीलीभीत-शाहजहांपुर 3 करोड़ और कानपुर-कासगंज-मथुरा की लाइन पर 50 लाख रुपए का खर्च किया जाएगा। प्रदेश ने बीते कुछ समय में तेजी से कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। 2017 के पहले प्रदेश में 2 एयरपोर्ट थे आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हो चुके हैं और 10 पर काम जारी है। वहीं बेहतर कनेक्टिविटी के लिए पूर्वी यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे है तो बुंदेलखंड में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। राष्ट्रीय राजधानी से यूपी को जोड़ने के लिए यमुना और आगरा एक्सप्रेसवे है। यूपी की सीमा से जुड़े राज्यों और नेपाल से 4 लेन रोड की कनेक्टिविटी है तो प्रदेश के सारे जिले लखनऊ से 4 लेन सड़क से जुड़े हुए हैं। 5 शहरों में मेट्रो है तो हाल ही में रैपिड रेल का ट्रायल भी हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 फरवरी, 2023



# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को आकांक्षा समिति लखीमपुर की ओर से डायट खेल मैदान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर का सांस्कृतिक एवम खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व उनकी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने एसडीएम श्रद्धा सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, समिति की महिला साथियों की मौजूदगी में दीप जलाकर किया। कस्तूरबा की छात्रा माही मिश्रा ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने अपनी कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों का परिचय प्राप्त कर खेल के आरंभ की घोषणा की।

कार्यक्रम में जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आप सभी आने वाले कल का भविष्य है। आपमें जो स्फूर्ति और उत्साह है, उसी से आपको बहुत ऊंचाइयों तक ऊपर उठना है। छात्राएं अपने उद्देश्य को न भूलें। मन लगाकर पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ें। लक्ष्य को प्राप्त करने में तमाम कठिनाईयां आती हैं लेकिन उनसे भयभीत होने की आवश्यकता नही है। आशा का दामन थाम कर आगे बढ़ें और अपना लक्ष्य हासिल करें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अनुशासन, शालीनता और साहचर्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए खेल का मैदान सर्वोत्तम पाठशाला है। बड़े लक्ष्य को साध कर निरंतर परिश्रम करने वाले लोग ही विजय प्राप्त करते हैं, यह सीख हमें सिर्फ और सिर्फ खेल के मैदानों से ही मिलती है।

खो-खो, कबड्डी एवं दौड़ की प्रतियोगिताओं में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने अपना जौहर दिखाया। कबड्डी में विजेता पीटी उषा हाउस व उपविजेता कस्तूरबा गांधी हाउस रही। खो -खो में विजेता इंदिरा गांधी हाउस व उपविजेता लक्ष्मीबाई हाउस रही। कक्षा छह की 100 मीटर दौड़ में प्रथम मुस्कान, द्वितीय नंदिनी, तृतीय आयुषी सक्सेना रही। कक्षा सात की 100 मीटर दौड़ में प्रथम पलक कश्यप, द्वितीय प्रांशी, तृतीय अंजलि रहे और कक्षा आठ की 100 मीटर दौड़ में प्रथम अंजुम, द्वितीय आकांक्षा, तृतीय शुभी रही। आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने अपनी महिला साथियों एवं बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के साथ विद्यालय प्रांगण का भ्रमण किया। उन्होंने बालिकाओं द्वारा बनाये गये आकर्षक व रचनात्मक रंगोली एवं हाथ से बनी विविध आकृतियों को सराहा। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रशंसा की गयी । आकांक्षा चीफ ने केजीबीवी की कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया। कंप्यूटर प्रयोगशाला को पूरी तरह से कार्यात्मक बनाने के निर्देश दिए।

## भाजपा की मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित

**संवाददाता।** बेहजम खीरी

**भारतीय** जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को सजग दिखाई दे रही है पार्टी बूथ स्तर से चुनाव की पूरी तैयारी कर रही है। मंगलवार को कन्हैया इंटर कालेज प्रांगण में मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला मंत्री रामजी दीक्षित ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक गांव में बूथ स्तर पर हर एक मतदाता से सम्पर्क करने पर जोर दिया गया। कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा जी-जान से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया गया है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी सिंह, आदर्श मिश्रा, योगेश शुक्ला, जसकरण लाल, आदित्य शुक्ला उर्फ दीपू, आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**पठन** पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को ब्लाक लखीमपुर के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी, सहायक अध्यापिका दिव्या गौतम, जूली गौतम, अंजू राणा, शिवानी श्रीवास्तव, सविता दीक्षित मौजूद मिले। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। प्रधानाध्यापिका ने डीएम को बताया कि विद्यालय में नामांकित बच्चों की कुल संख्या 381 है, जिसमें 179 छात्र व 192 छात्राएं हैं। आज 168 विद्यार्थी उपस्थित हैं। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। डीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की, साथ ही पठन पाठन, साफ सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की दीवारों पर बाला पेंटिंग के अन्तर्गत गणित, सामान्य ज्ञान, एवं भाषा की थीम पर आधारित पेंटिंग कार्य की सराहना की। प्राथमिक विद्यालय राजापुर के निरीक्षण के दौरान भोजन अवकाश चल रहा था, रसोईया द्वारा बच्चों को दाल-चावल परोसा जा रहा था। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एक थाली में भोजन निकलवाया, उसे ग्रहण करते हुए उसकी गुणवत्ता परखी।

# जी-20 के अन्तर्गत रोहिलखंड विवि करायेगा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता।** बरेली



**महात्मा** ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली, स्थित मीडिया सेल के कक्ष में आज जी -20 के संबंध में शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसरण में विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जी-20 के लिए नोडल अधिकारी सुनीता यादव, सहायक कुलसचिव द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

सुनीता यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जी-20 के संबंध में विश्वविद्यालय में आज पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें काफी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि जी-20 के विषय में विश्वविद्यालय में कई अन्य कार्यक्रम भी आगामी दिनों में आयोजित किए जाएंगे जिसमें कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह की प्रेरणा से विश्वविद्यालय की चारदीवारी पर जी-20 थीम पर आधारित भित्तिचित्र अंकित किए जाएंगे जो विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों द्वारा बनाए जाएंगे व चित्रों पर छात्रों के नाम भी अंकित होंगे। इन चित्रों में से सबसे श्रेष्ठ 3 चित्रों को इनाम देने पर भी विश्वविद्यालय विचार कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षको को भी जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा कई अन्य सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय सक्रिय रुप से जी-20 समिट में अपनी भागीदारी निभाने को कटिबद्ध है एवं शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसरण में अपने कार्यक्रम निर्धारित करेगा।

# प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ तेजी से चलाया अभियान

● **मेडिकल कॉलेज की लाइफ लाइन कहे जाने वाले सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चला अभियान**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर** खीरी में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे वाली सड़क को इन दिनों प्रशासन की ओर से अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की कवायद तेजी से चल रही है, जो शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज के लिए सबसे अहम माने जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की रणनीति पर अपर जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह के संयुक्त निर्देशन एवं नेतृत्व में बीते सोमवार से कवायद शुरू हुई थी। सोमवार को दस अतिक्रमणकारियों के पक्के निर्माण को जेसीबी के जरिए हटाया गया। ठीक अगले दिन मंगलवार को एसडीएम श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल, राजस्व टीम, नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी ठीक दो बजे उस मार्ग पर जा पहुंचे। तय रणनीति के मुताबिक प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों का पक्का निर्माण गिराना शुरू किया। शाम तक इस मार्ग के 27 और अतिक्रमणकारियों का पक्का अतिक्रमण हटाया जा चुका था।

समाचार लिखे जाने तक अपर जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध शिकंजा कसती साफ नजर आईं। अपर जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर जिन व्यापारियों द्वारा स्वयं से अपना अवैध निर्माण ढहाया जा रहा है, उन्हें प्रशासन द्वारा 03 दिन की मोहलत दी जा रही है। शेष अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का अभियान बदस्तूर जारी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए इस मार्ग का अहम रोल है। प्रशासन बिना किसी भेदभाव के सभी अतिक्रमण को पूरी तत्परता के साथ बिना किसी देरी के हटाएगा। यह प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। रात्रि 8:00 बजे तक नगर पालिका परिषद मलबे को हटवा कर मार्ग को खाली करवाएगी ताकि आम जन को आवागमन में कोई असुविधा ना हो।

अभियान के दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, नायब तहसीलदार अश्विनी, नगर पालिका परिषद के अत अभियंता अमरदीप, सफाई निरीक्षक विशाल शुक्ला, तहसील सदर से सात लेखपाल, दो राजस्व निरीक्षक, एक ट्रक पीएसी सहित कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौकियों के उप निरीक्षक एवं भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## क्विक न्यूज

### नहीं सुधर रहे बेसिक स्कूलों के हालात

**सीतापुर।** शहर में तमाम तरह के ऐप और मिशन चलाने के बावजूद सीतापुर में बेसिक शिक्षा की व्यवस्था पटरी पर नही आ रही है। शिक्षा के मंदिरों कहीं गुरूजनों की मनमानी तो कहीं वहां पढ़ने वाले बच्चों की मजबूरी और बेबसी नजर आती है। ऐसा ही एक मामला सीतापुर जिले के परसेण्डी ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय कोरैया सरावां का सामने आया है। यहां से आई तस्वीरें इस बात की गवाही दे रहीं है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप कश्यप लाठी लेकर खड़े होकर मासूम बच्चों से झाड़ू पोछा लगवा रहे है। जाहिर है इन तस्वीरों को योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कतई नहीं माना जा सकता है। इतना ही नहीं प्राथमिक विद्यालयों में प्रार्थना का समय प्रातः 9 बजे तय है जबकि इस विद्यालय में 9:40 बजे मास्टर साहब खड़े होकर झाड़ू लगवा रहे थे।

### गोकशी करने वाले दो अपराधी गए जेल

**बरेली।** गोकशी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी इस्लाम पुत्र मुन्ने और यही के रहने वाले लईक पुत्र रसीद को पुलिस ने आज भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों पर थाने में गोकशी के कई मुकदमे दर्ज लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहे थे। आज पुलिस ने उन्हें मुखबिर की सूचना के बाद भोजीपुरा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया और जेल भेजा।

### हिंदू देवी देवताओं की तोड़ी गई मूर्तियां, लोग आक्रोशित

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों धर्म के नाम पर सियासत चरम पर है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से रामचरित मानस की चौपाइयों को लेकर शुरू किया गया विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार पलटवार का दौर चल रहा है। अब इस सबके बीच यूपी के सीतापुर में भी देवी देवताओं को अपमानित करने के एक मामले ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। फिलहाल चार नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफपुलिस ने केस कार्रवाई तेज कर दी है, लेकिन इस मामले के बाद क्षेत्र में लोगों में काफी आक्रोश है। पूरा मामला सीतापुर के महोली इलाके के कटिघरा गांव का बताया जा रहा है।

# थरूर ने अपील में देरी माफ करने संबंधी पुलिस की याचिका का किया विरोध

**सुनंदा पुष्कर मौत**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता शशि थरूर ने दिल्ली उच्च न्यायालय में पुलिस की उस याचिका का मंगलवार को विरोध किया, जिसमें पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में उन्हें आरोपमुक्त किए जाने के निर्णय के खिलाफ अपील दायर करने में हुई देरी को माफ करने का आग्रह किया गया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस की याचिका पर थरूर द्वारा दायर जवाब को रिकॉर्ड में लाया जाए और मामले की अगली सुनवाई 17 मई को सूचीबद्ध की। थरूर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने उच्च न्यायालय को बताया कि दिल्ली पुलिस ने 18 अगस्त, 2021 को निचली अदालत द्वारा उन्हें सभी आरोपों से मुक्त करने का आदेश पारित करने के 15 महीने बाद पुनरीक्षण याचिका दायर की है। कांग्रेस नेता ने जवाब में कहा है कि देरी की माफी के लिए पुलिस के आवेदन में इस बात का कोई विवरण नहीं दिया गया है कि निचली अदालत के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर करने के लिए अभियोजन निदेशालय द्वारा कब निर्णय लिया गया या इसे कब मंजूरी दी गई। थरूर ने जवाब में कहा है कि ऐसा लगता है कि सरकार केवल संशोधन याचिका दायर करने में हुई अत्यधिक और अकथनीय देरी को सही ठहराने के प्रयास में बहाना बना रही है। उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2022 में थरूर को सिर्फ पुलिस की देरी माफ करने की अर्जी पर नोटिस जारी किया था और कहा था कि वह पहले इस याचिका पर फैसला करेगा।

पुलिस ने, अतिरिक्त स्थाई वकील रूपाली बंधोपाध्याय के माध्यम से, निचली अदालत के 2021 के आदेश को रद्द करने और थरूर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) तथा धारा 498ए (पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) के तहत आरोप तय करने की मांग करते हुए पुनरीक्षण याचिका दायर की है। तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से सांसद थरूर को व्यवसाई पुष्कर के यहां एक लग्जरी होटल में मृत पाए जाने के सात साल से अधिक समय के बाद इस मामले में बरी कर दिया गया था। पुष्कर 17 जनवरी, 2014 की रात को एक लक्जरी होटल के एक कमरे में मृत पाई गई थीं।

दंपति होटल में रह रहे थे, क्योंकि थरूर के आधिकारिक बंगले का नवीनीकरण किया जा रहा था। थरूर पर क्रूरता और आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित आईपीसी के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए थे, लेकिन उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया था। कांग्रेस नेता के वकील ने कहा कि मामले में उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

# धन शोधन मामले में राना अय्यूब की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में गाजियाबाद की विशेष अदालत द्वारा समन किए जाने को चुनौती देने वाली पत्रकार राना अय्यूब की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। हालांकि शीर्ष अदालत ने मामले को निचली अदालत के समक्ष उठाने का मार्ग खुला छोड़ दिया। न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने अय्यूब को सुनवाई कर रही अदालत के समक्ष न्यायाधिकार का मुद्दा उठाने की अनुमति दी और कहा कि यह साक्ष्य का सवाल है। न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन ने पीठ की ओर से फैसला सुनाया और धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा तीन का जिक्र करते हुए कहा कि नवी मुंबई जहां अय्यूब का खाता है उसे अपराध से आय अर्जित का स्थान बताया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह सवाल कि क्या एक या अधिक गतिविधियां (पीएमएलए की धारा तीन के तहत) हुईं और साक्ष्य का सवाल तथा स्थान को सबूतों के आधार पर तय किया जाना है। इसलिए हम यह याचिकाकर्ता पर छोड़ते हैं कि वह इन मुद्दों को निचली अदालत के समक्ष उठाए। रिट याचिका को खारिज माना जाता है। शीर्ष अदालत ने 31 जनवरी को समन को चुनौती देने वाली अय्यूब की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर की आय सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं: केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि ओबीसी गैर-क्रीमी लेयर वर्ग की आय सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्र ने कहा कि निर्धारित 8 लाख रुपये की मौजूदा वार्षिक आय सीमा ही पर्याप्त है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने निचले सदन में एक लिखित उत्तर में कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए नॉन-क्रीमीलेयर की स्थिति निर्धारित करने के लिए वार्षिक आय सीमा को अब तक चार बार संशोधित किया जा चुका है। कांग्रेस सदस्य डीन कुरियाकोस ने सवाल पूछा था कि क्या अगले वित्तीय वर्ष के पूरा होने से पहले ओबीसी गैर-क्रीमी लेयर वर्ग की वार्षिक आय सीमा को मौजूदा 8 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने का कोई प्रस्ताव है।

मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि ओबीसी नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा में संशोधन का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि मौजूदा आय सीमा को पर्याप्त माना जाता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने मौजूदा ओबीसी क्रीमीलेयर मानदंड में संशोधन के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से कोई सिफारिश आधिकारिक तौर पर नहीं मांगी है।

# पेज एक का शेष

## अडाणी मामले...

किया। प्रसाद ने गांधी परिवार पर हमला करने के लिए नेशनल हेराल्ड मामले और अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले का भी जिक्रकिया। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को लेकर राहुल गांधी की स्मृति को ताजा करने का यह समय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, उनकी मां सोनिया गांधी और उनके दामाद रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाने के दो स्तंभों पर आधारित है। प्रसाद ने कहा, भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना राहुल गांधी और उनके परिवार का इतिहास रहा है। सुबह दो बार स्थगित होने के पश्चात लंच के बाद राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने कहा कि संसद में जेपीसी गठित करने की मांग कोई नई नहीं है और पूर्व में शेयर घोटालों को लेकर जेपीसी गठित भी हुई है। सिंह ने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वह जेपीसी के गठन की घोषणा करें। सिंह ने आधी रात के समय जीएसटी को देश में लागू करने की शुरुआत के लिए हुए कार्यक्रम की याद करते हुए कहा, मैंने मोदी जी जैसा स्वांग रचने वाला कोई व्यक्ति नहीं देखा। सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस सदस्य सिंह को याद दिलाया कि हरियाणा में स्वांग होता है और इस कला में ऐसा कुछ नहीं होता जिसका वह उल्लेख कर रहे हैं। सिंह ने सभापति से कहा कि जब नियम 267 के तहत सदस्यों को मुद्दे उठाने की अनुमति नहीं दी जा रही है तो इस नियम को नियम पुस्तिका से हटा दिया जाना चाहिए। सभापति धनखड़ ने अपनी व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि नियम 267 संबंधी जो भी नोटिस अस्वीकार किया गया वह इसलिए किया गया क्योंकि वह नियमों के प्रारूप के अनुरूप नहीं था।

## भारत ने...

के राजदूत बस्सम अल-खतीब ने कहा कि जब मुझे दमिश्क से फोन आने लगे, तो मैंने भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ संपर्क साधा। उन्होंने बहुत जल्द ही जवाब दिया। यह केवल कुछ घंटों का सवाल था और विदेश मंत्रालय ने मुझे बताया कि वे हर तरह से मदद के लिए तैयार हैं। सीरिया की मदद करने के लिए राहत और उपकरण बहुत जल्दी भेजने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आपदा के समय में सीरिया के साथ खड़ा हुआ। इससे पहले सोमवार को ही प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा की अध्यक्षता में आपात बैठक हुई और तुर्किए और सीरिया के लिए सहायता भेजने पर चर्चा हुई। इसके बाद तलाश एवं बचाव कर्मियों के एक समूह, विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्तों का दस्ता, ड्रिल मशीन, राहत सामग्री, दवाइयों के साथ प्रथम सी-17 परिवहन विमान मंगलवार तड़के ही तुर्किए के अदन में उतर गया। भारतीय वायुसेना का दूसरा विमान इसी प्रकार की सामग्री और बचाव कर्मियों-डॉक्टरों के दल के साथ मंगलवार दोपहर को तुर्किए के लिए रवाना हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत इस चुनौतीपूर्ण क्षण में अपनी एकजुटता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट में कहा कि विमान सी-17 को श्वान दस्ते, तलाश एवं बचाव उपकरण, मलबा हटाने की मशीन सहित एनडीआरएफ के दलों के साथ तुर्किए भेजा गया है। बचाव दल में मलबा हटाने व काटने की मशीनें, चिकित्सा व संचार उपकरणों के साथ-साथ एनडीआरएफ टीम में पांच महिला कर्मी व दो खोजी कुत्ते भी शामिल हैं। एनडीआरएफ टीम मलबे में दबे लोगों को निकालने में मदद करेगी। थल सेना के एक अधिकारी ने कहा कि भारत से सेना द्वारा भेजे गए 99 सदस्यीय चिकित्सकों के दल में गहन चिकित्सा विशेषज्ञ भी हैं।

## बजट में...

बैठकों का आयोजन किया है और विदेशी मेहमानों ने देश में उनके आवभगत की सराहना की है। उन्होंने तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के बारे में भी बात की और कहा कि भारत हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। मोदी ने गुजरात में 2001 में आए भूकंप को भी याद किया और त्रासदी के पैमाने को रेखांकित किया।

## गौरी ने...

के दौरान पीठ ने याचिककर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से कहा कि पात्रता और उपयुक्तता के बीच अंतर है। इस पर रामचंद्रन ने संविधान के अनुच्छेद-217 का जिक्र किया, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति और कार्यालय की शर्तों से संबंधित है। उन्होंने दलील दी कि एक व्यक्ति जो संविधान के आदर्शों और बुनियादी सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है, वह शपथ लेने के अयोग्य है, क्योंकि शपथ संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा की बात करती है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने रिकॉर्ड पर कुछ सामग्री रखी है और इन चीजों को कॉलेजियम के सामने भी रखा जाना चाहिए, जिसने उच्च न्यायालय की न्यायाधीश के रूप में गौरी के नाम की सिफारिश की थी। पीठ ने कहा कि जब कॉलेजियम कोई निर्णय लेता है, तब वह संबंधित उच्च न्यायालय के सलाहकार न्यायाधीशों की भी राय लेता है और आप यह नहीं कह सकते कि संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को इस बात बातों की जानकारी नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि गौरी को उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया जाता है। पीठ ने कहा कि यदि उम्मीदवार शपथ के प्रति ईमानदार नहीं है और यह पाया जाता है कि उसने शपथ के मुताबिक कर्तव्यों का पालन नहीं किया है, तो क्या कॉलेजियम को इसका संज्ञान लेने का अधिकारी नहीं है? ऐसे कई मामले रहे हैं, जिनमें लोगों की नियुक्ति की पुष्टि नहीं की गई है।

## महापौर के...

में बाधा डालने का आरोप लगा रहे हैं। विवाद का मुख्य विषय एल्डरमैन के मतदान के अधिकार को लेकर है। कुल 250 सदस्यीय निगम सदन में 134 सीट पर जीत के साथ बहुमत हासिल करने वाली आप ने आरोप लगाया है कि भाजपा मनोनीत सदस्यों को मताधिकार प्रदान करके उसे मिले जनादेश की चोरी करने की कोशिश कर रही है।

## अडाणी पर...

व्यापक हो जाए और भारत की साख पर असर डाले। एक अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर सर्विस ने कहा कि अडाणी समूह को कर्ज देने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक निजी बैंकों से कहीं आगे हैं लेकिन ज्यादातर बैंकों के कुल ऋण वितरण में अडाणी समूह की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। हालांकि मूडीज ने कहा है कि भारतीय बैंकों के कर्ज को लेकर भले ही जोखिम कम है लेकिन मौजूदा घटनाक्रम की वजह से अडाणी समूह को अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिलने वाले वित्त में गिरावट आ सकती है। अडाणी समूह ने कहा है कि उसके कर्ज का बड़ा हिस्सा विदेश से आया है। इस संदर्भ में मूडीज ने कहा, 'बैंकों का जोखिम बढ़ सकता है अगर अडाणी समूह बैंकों से लिए गए कर्ज पर अधिक निर्भर हो जाता है।' रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि भारतीय बैंकों के कंपनियों को दिए गए कर्ज की गुणवत्ता कुल मिलाकर स्थिर बनी रहेगी।

## महिला आरोपी...

पवित्रता, बल्कि उसकी मनोवैज्ञानिक पवित्रता के साथ जांच एजेंसी के हस्तक्षेप के समान है। अदालत ने यह भी कहा कि गरिमा का अधिकार तब भी निलंबित नहीं होता है, जब किसी व्यक्ति पर अपराध करने का आरोप लगाया जाता है या उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है तथा जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत ही निलंबित किया जा सकता है, जो न्यायोचित एवं निष्पक्ष होना चाहिए, न कि मनमाना, काल्पनिक और दमनकारी। अदालत ने कहा, आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार उसी क्षण निलंबित हो जाता है, जब उसे गिरफ्तार किया जाता है, क्योंकि यह राज्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक हो सकता है। हालांकि, आरोपी, विचाराधीन या दोषी व्यक्ति के गरिमा के अधिकार को निलंबित नहीं किया जा सकता।

## कम्युनिस्टों के...

दिख रहा है। पीएम आवास योजना में 3 लाख परिवार को आवास, स्वच्छ भारत मिशन में हर गरीब परिवार के पास शौचालय, पीएम उज्ज्वला योजना में हर परिवार के पास फ्री रसोई गैस कनेक्शन, हर घर नल योजना से अधिकतर गांवों में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ उपलब्ध कराना, आयुष्मान भारत योजना हो या मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाला काम। वह बिना भेदभाव सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास को चरितार्थ कर रहा है। सीएम ने कहा कि कम्युनिस्ट का कुशासन व कांग्रेस मिलकर चुनाव मिलकर लड़ रहे हैं। कुशासन को कई गुना बढ़ाने व अराजकता फैलाना के लिए वे फिर से मैदान में हैं। कांग्रेस ने सुरक्षा का भीषण संकट पैदा किया। वह कम्युनिस्टों के साथ मिलकर सुरक्षा में सेंध लगाने आई है। कांग्रेस ने किसी भी तबके तक शासन की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचने दिया। जब पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो कांग्रेस को बुरा लगता है। त्रिपुरा में 5 वर्ष बाद आने का अवसर मिल रहा है तो कह सकता हूं कि पीएम मोदी व सीएम डॉ मानिक साहा के नेतृत्व में बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है। कम्युनिस्टों व कांग्रेस ने विभाजन किया। आज जनजातीय समुदाय से जुड़ी बहन देश की राष्ट्रपति बनती हैं। केंद्र सरकार में कैबिनेट में सबसे अधिक मंत्री ओबीसी समुदाय से हैं। वे समाज का प्रतिनिधित्व कर सबका विकास कर रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की दूसरी रैली खोवाई जिले के कल्याणपुर-प्रमोद नगर विधानसभा क्षेत्र में हुई। यहां उन्होंने निवर्तमान विधायक व भाजपा उम्मीदवार पिनाकी दास चौधरी के पक्ष में वोट मांगे।

## सिर्फ तृणमूल...

क्योंकि दलों को राजनीतिक बैठकें आयोजित करने की अनुमति नहीं है और पत्रकारों ने समाचार एकत्र करने का अधिकार खो दिया। उन्होंने कहा कि दो साल पहले हमारी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया, उनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई। उनमें से कुछ को अवैध रूप से सलाखों के पीछे डाल दिया गया। राज्य में लोकतंत्र की हालत खराब है और हमारे नेताओं और सदस्यों को गलत कार्यों का विरोध करने के लिए यातना दी गईं। भाजपा का साफ तौर पर संदर्भ देते हुए बनर्जी ने कहा कि जो दल लोगों को 100 दिन के काम की गारंटी नहीं दे सकता है, उसे वोट मांगने का कोई हक नहीं है।

# सागौन की अवैध लकड़ी को छुड़ाने को लेकर एसडीएम व वन रेंजर में झड़प

## ● दोनों पक्षों ने की उच्चाधिकारियों से शिकायत

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर



**मौदहा** क्षेत्र के वन क्षेत्रों व सड़क किनारे लगे शीशम के बेशकीमती पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं व अधिकारियों की नजरें लगी हुई हैं। बीते पांच दशक में खंडेह के जंगल में खड़े सैकड़ों सागौन के पेड़ व सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ धीरे-धीरे गायब हो गए हैं जिनकी लकड़ी जनपद समेत क्षेत्र में तैनात रहने वाले उच्चाधिकारियों की आलीशान कोठियों की शोभा बढ़ा रही है। मंगलवार को लकड़ी माफ्याओं द्वारा काटे गए शीशम के आधा दर्जन पेड़ों की लकड़ी को छुड़ाने के चक्कर में उप जिलाधिकारी व वन क्षेत्राधिकारी के बीच खासी झड़प हो गई।

मौदहा क्षेत्र के खंडेह के जंगल ने सागौन के सैकड़ों पेड़ लगे हुए थे इसके अलावा सड़क किनारे भी शीशम के बेशकीमती पेड़ वन विभाग द्वारा लगवाए गए थे लेकिन इन बेशकीमती सागौन व शीशम के पेड़ों पर जनपद व क्षेत्र में तैनात रहने वाले अधिकारियों की नजरें लगी रही जिसके चलते पांच दशक के अंदर खंडेह के जंगल में खड़े सागौन के सैकड़ों पेड़ लकड़ी माफियाओं के माध्यम से काट लिए गए जिसमें अधिकांश लकड़ी उच्चाधिकारियों के बनने वाले आलीशान भवनों की शोभा बढ़ा रही है। वर्तमान समय में अब लकड़ी माफ्याओं व अधिकारियों की नजरें सड़क किनारे लगे शीशम के बेशकीमती पेड़ों पर गड़ी हुई हैं। मंगलवार को मौदहा अरतरा मार्ग पर लकड़ी माफियाओं ने शीशम के आधा दर्जन पुराने पेड़ों को धराशाई कर उन्हें ट्रैक्टर की ट्राली में लाद ले जा रहे थे तभी क्षेत्र में भ्रमण के लिए निकली वन विभाग की टीम को आता देख आरोपी शीशम की लकड़ी से लदी ट्राली मौके पर छोड़ ट्रैक्टर लेकर भाग निकले जिस पर वन दरोगा अमित कुमार ने लकड़ी से लदी ट्राली को वन विभाग कार्यालय लाकर खड़ा कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इधर मंगलवार को तहसील परिसर में स्थिति नितिन श्रीवास्तव के आंगन में नीम का एक पुराना हरा पेड़ खड़ा हुआ था जिस पर मंगलवार राजस्व कर्मी ने बिना किसी परमिशन के आरा चलवा पेड़ को धराशाई कर दिया। इसकी जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी राजस्व कर्मी द्वारा हरा पेड़ काटने की कोई अनुमति न दिखा पाने पर उसे अग्रिम कार्रवाई हेतु अपने साथ वन विभाग के कार्यालय ले आई।

इस मामले की भनक लगते ही उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह वन विभाग के कार्यालय पहुंच गए और वन क्षेत्राधिकारी को धमकाते हुए तहसील परिसर में अपना अधिकार जताते हुए बिना किसी कार्यवाही के आरोपी राजस्व कर्मी को छोड़ने का दबाव बनाया और इसके अलावा लकड़ी माफियाओं द्वारा काटी गई शीशम की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर की ट्राली को छोड़ने को लेकर वन क्षेत्राधिकारी को खासा धमकाया लेकिन वन क्षेत्राधिकारी ने उप जिलाधिकारी की न सुनते हुए शीशम की लकड़ी काटने वाले लकड़ी माफ्याओं व आरोपी राजस्व कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा है हालांकि उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने वन क्षेत्राधिकारी द्वारा लगाए गए अपने ऊपर आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताया है।

उप जिलाधिकारी की इस कार्रवाई व क्षेत्राधिकारी से किए गए व्यवहार को लेकर वन विभाग के स्टाफ में खासा आक्रोश है। क्षेत्र के उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने के चलते क्षेत्र में लकड़ी माफ्याओं का खाता बोलबाला है जिसके चलते वह जंगल व सड़क किनारे खड़े बेशकीमती पेड़ों को धड़ल्ले से कटवा रहे हैं और उच्च अधिकारियों के हस्ताक्षेप के चलते वन विभाग उनके सामने बौना नजर आ रहा है। मौदहा क्षेत्र में कई वर्षों से काबिल रहे वन विभाग के अधिकारियों सहित क्षेत्र के आला अधिकारियों के भवनों की जांच की जाए तो निश्चित तौर पर अपनी पहचान खो चुका खंडे गांव का सागौन के जंगल की पोल भी खुल सकती है कि इस जंगल की बेशकीमती लकड़ी किन-किन अधिकारियों के भवनों की शोभा बढ़ा रही है।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन दस को उरई में

**उरई**, जालौन। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी भगवत नारायण ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई द्वारा 10 फरवरी, 2023 को गॉधी इण्टर कालेज, उरई के परिसर में प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला-2023 (मेगा जॉब फेयर) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जालौन सहित देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों, नियोजकों द्वारा टैक्नीकल एवं नान टैक्नीकल दोनों प्रकार के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये संबंधित कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में साईन सर्विस ग्रुप कानपुर, संजीवनी आयुर्वेदा, ब्राइट फ्यूचर आयुर्वेदिक एण्ड हर्बल प्रा.लि., मैनकाइण्ड हैल्थ केयर सर्विस, कैरियर ब्रिज स्किल सॉल्यूशन, बैलसपन इण्डिया लि. गुजरात मे. जुबलिएंट फूड्स वर्क लि. एलआईसी उरई, युवा शक्ति फाउण्डेशन, एलआईसी जालौन, किसान ग्रोथ टैकनोलॉजी प्रा.लि., गिन्नी फिलामेण्टस मथुरा, निमिया, आईसेक्ट रोजगार मंत्रा, सिनर्जी कन्सलटैन्सी, एल एण्ड टी, मैक्स बूपा लाईफ इश्योरेन्स, प्रेरणा इन्नोवेटिव साल्यूशन प्रा.लि. आदि बहुत सी कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। मेले में जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक (बीए, बीएससी, बी कॉम), इंजीनियरिंग, आईटीआई, पॉलीटेक्निक कम्प्यूटर व कृषि सहित समस्त योग्यताधारी अभ्यर्थियों हेतु लगभग 2500 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं।

18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के समस्त पुरुष, महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायोडाटा, आवेदन पत्र तथा परिचय पत्र के साथ सीधे गांधी इण्टर कालेज, उरई में पहुंचकर परिसर में बने पंजीयन काउंटरों में तत्काल पंजीयन कराकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।

# झांसी में 23 को मंडलीय पेंशन अदालत होगी आयोजित

**उरई,** जालौन। वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी की अध्यक्षता में 23 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। इस आयोजित पेंशन अदालत में झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर व जालौन के समस्त राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त, मृत शासकीय कार्मिकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवानिवृत्तक लाभों, दावों (यथा- पेंशन, उपादान, सामूहिक बीमा, अवकाश का नगदीकरण, पेंशन पुनरीक्षण आदि) से संबंधित वाद-पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, पुराना विकास भवन, कमिश्नरी कम्पाउण्ड, झांसी मण्डल झांसी में व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल के द्वारा 13 फरवरी को सांय 5 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई वाद-पत्र स्वीकर नहीं किये जायेंगे, वाद पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार किये जायेंगे। इस प्रकार दिये जाने वाले वाद-पत्र, प्रत्यावेदन की एक प्रति संबन्धित कार्यालयाध्यक्ष (जहां से कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुआ है) को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि पेंशन अदालत में किसी न्यायालय, शासन द्वारा निर्णीत तथा न्यायालय में विचाराधीन एवं नीतिगत मामलों (जैसा कि वाद पत्र के क्रमांक 16 पर इंगित है) से संबंधित वाद पत्रों, प्रत्यावेदनों पर मण्डलीय पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# जिलास्तरीय अधिकारियों को लगाकर करायें वृक्षारोपण का सत्यापन : अभिषेक आनंद

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कहा कि नहरों में समय से पानी दें, ताकि फसलों की सिंचाई हो सके। एक्सईएन विद्युत से कहा कि ग्राम पंचायतों का बिल निकालकर डीपीआरओ को दें, ताकि जल्द से जल्द भुगतान हो सके।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि में सही ढंग से निरीक्षण कराकर भेजें। उपनिदेशक कृषि राजकुमार से कहा कि अतिवृष्टि व बाढ़ से हुई क्षति का डाटा निकालकर चेक करायें और जल्द भुगतान करायें। निराश्रित गौवंश के बारे में कहा कि जो भुगतान चरवाहों का नहीं हुआ है, उसे जल्द करायें। सीडीओ से कहा कि गौशालाओं की संख्या बढाने को ब्लाक वार प्रस्ताव बनाकर भेजें। लक्ष्य के अनुसार टीकाकरण करायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि दुधारु गौवंश की सुपुर्दगी कराकर प्रगति करायें। आयुष्मान कार्ड में पंचायत सहायकों, आंगनबाडी, आशा, एएनएम को लगाकर प्रगति करायें। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में जिन अधिकारियों को सत्यापन का लक्ष्य दिया गया है, वह तत्काल सत्यापन रिपोर्ट दें। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिये कि मनरेगा के कार्यों में प्रगति करायें। खेल के मैदानों व पार्कों में फोकस कर कार्य करायें।

# 5 लाख का विद्युत सामान ले भागने की शिकायत

**कोंच,** जालौन। पांच लाख रुपये कीमत का विद्युत सामान ले भागने को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। ग्राम बररु थाना साहील जिला औरैया निवासी अरुण उर्फ रोहित ठाकुर पुत्र बलराम ने मंगलवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वर्तमान में वह सिकरी रोड कोंच पर रहकर विधुत विभाग में वैभव इंटरप्राइजेज के नाम से ठेकेदारी करता है। उक्त कार्य में उसके साथ में विवेक पुत्र बच्चीलाल निवासी ग्राम खासबरा कानपुर देहात लेबर का काम करता है। बीती 26 जनवरी को विवेक करीब 5 लाख रुपये कीमत का विद्युत सामान पिकप में लादकर भाग गया जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चल सका है।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी पर पीड़िता ने लगाया शोषण का गम्भीर आरोप

संवाददाता। चित्रकूट

**सीतापुर** पुलिस चौकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह वन स्टाप सेंटर कर्वी चित्रकूट में सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर कार्य कर रही है। विभाग के जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करते हैं। पीड़िता के पक्ष में सामाजिक संगठनों ने चेताया है कि पांच दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर आन्दोलन को बाध्य होंगे।

मंगलवार को सीतापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे अश्लील हरकत करने के साथ छेड़छाड़ करते हैं। इच्छापूर्ति न करने पर सेवा मुक्त करने की धमकी देते हैं। छह सितम्बर को अपरान्ह ढाई बजे संजय श्रीवास्तव के जरिये रामबाबू विश्वकर्मा ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि वह उसकी व संजय श्रीवास्तव की एक बार इच्छा पूरी कर दो तो उसका प्रमोशन करवा देंगे। पहले प्रमोशन के निमित्त विश्वकर्मा उससे दो लाख रुपया ले चुका है और संजय श्रीवास्तव ने भी दो लाख रुपये लिए हैं। पीड़िता ने बताया कि रामबाबू विश्वकर्मा ने छह सितम्बर को आफिस बुलाकर अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार किया था। विरोध कर इज्जत बचाकर उसके आफिस से बाहर भाग आई। संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन छेड़छाड़ कर इच्छापूर्ति का दबाव बनाता है। घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से किया तो रामबाबू विश्वकर्मा ने नौ सितम्बर 2022 को उसे निलम्बित कर दिया। इसके बाद भी दोनों उसके आवास पहुंचकर अभद्र हरकतें कर प्रताड़ित करते हैं। उसके पास बातचीत की रिकार्डिंग भी मौजूद हैं।

पीड़िता इन दोनों की धमकी से भयभीत व जानमाल के खतरो के प्रति आशंकित है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सामाजिक संगठनों के शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सुशांत मिश्रा, राजदीप परौंहा, महेश, विमल सिंह व सूर्यभान सिंह ने चेताया है कि पांच दिनों के भीतर पीडित महिला के शिकायती पत्र पर कार्यवाही न होने पर वे सभी लोग आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस बारे में जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा का कहना है कि महिला द्वारा लगाये गये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## क्विक न्यूज

### श्रीराअबाइंका में इंटर की छात्राओं को दी गई विदाई



**फतेहपुर।** शहर के देवीगंज स्थित श्रीमती रामा अग्रहरि बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को इंटर की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने इंटर की छात्राओं को विदाई दी। विदाई के दौरान छात्राओं के आंसू छलक पड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संरक्षक पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त ने शिरकत की। संरक्षक व प्रधानाचार्य मोनी गुप्ता ने इंटर की छात्राओं को तिलक लगाकर शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने भी इंटर की छात्राओं को विदाई दी। विदाई के दौरान छात्राओं के आंसू छलक पड़े। पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी छात्राएं मेहनत करके इंटर की बोर्ड परीक्षा दें। अच्छे अंक लाकर अपना, अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। इस मौके पर रंजना शुक्ला, सविता उमराव, संध्या गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, प्रवीण कुमार के अलावा अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाई

**कुसमिलिया, जालौन।** डकोर थाना क्षेत्र के कुसमिलिया गांव में मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने ही घर के एक कमरे में फांसी का फंदा डालकर जीवन लीला समाप्त कर ली। आनन फानन में परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुसमिलिया गांव निवासी विक्रम (28) पुत्र प्रीतम ने मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों से अपने ही घर के एक कमरे में फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। विक्रम की हालत गंभीर देख परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई ले गए। डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद से ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### प्रेम विवाह के 6 महीने बाद ही प्रेमिका ने की आत्महत्या

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** प्रेम विवाह के 6 महीने बाद ही प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने मौत के लिए ससुराली जनों को जिम्मेदार बताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। यह दुखद एवं सनसनीखेज घटना आज कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर में घटी ।.बताया गया कि मृतका ने अपने प्रेमी के साथ अभी 6 माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह करने वाली इस विवाहिता का शव आज उसी के घर के कमरे में साड़ी से बनाए गए फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। मृतका का नाम राधा बताया गया । जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज के गांव सितौरा निवासी रामअवतार तथा लजावती की राधा 20 वर्षीय बेटी थी। यहां के लोगों ने बताया कि राधा ने इसी गांव नरसिंहपुर निवासी कुलदीप से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद कुलदीप और राधा खुशी . खुशी अपना दंपति जीवन बिता रहे थे । लेकिन अचानक आज न जाने क्यों राधा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राधा की एक बहन की शादी पहले से ही इसी गांव में मोतीलाल के साथ हुई थी । इसी संबंध के चलते राधा यहां आती जाती थी। इसी बीच वे दोनों एक दूसरे के पास आ गए और प्रेम विवाह करके पति.पत्नी के रूप में रहने लगे थे।

### गांव रवा में चोरों ने एक घर से पार की नगदी व जेवर

**कोंच, जालौन।** गांव रवा में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर नगदी समेत जेवर चोरी कर लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली की भेंड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम रवा निवासी सोनू महाराज सोमवारध्मंगलवार की रात अपने खेत में पानी लगाने गया हुआ था जबकि घर पर उसकी पत्नी अकेली थी और पिता पुरुषोत्तम दास अपने दूसरे घर पर लेटे हुए थे। तभी घर के अंदर घुसे अज्ञात चोर बगैर दरवाजों के कमरे में रखे बक्शे अलमारी के ताले तोड़कर 80 हजार रुपये नगद व सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गये। सुबह सोनू जब खेत से घर पहुंचा तब उसे चोरी की घटना का पता चल सका। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शिवनारायण वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित गृहस्वामी सोनू ने बताया कि सोमवार को ही वह हरी मटर का पेमेंट लेकर आया था। उसने पुलिस से घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### सुनीता गुप्ता को मिली पीएचडी की मानद उपाधि



**कोंच, जालौन।** नगर के मुहल्ला पटेल नगर निवासी स्व उमाशंकर लोहिया की पुत्रवधू सुनीता गुप्ता को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया है। उन्होंने गृह विज्ञान विषय में ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ एडजस्टमेंटस ऑफ जैरियाट्रिक्स ग्रुप एमंग वैरीयस टाइप्स ऑफ सेट अपस विषय पर शोध कार्य विश्वविद्यालय की प्रो डॉ मेघना के निर्देशन में पूरा किया है। सोमवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उन्हें यह उपाधि प्रदान की गयी। सुनीता वर्तमान में जनता इंटर कॉलिज औरैया में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। पति अवनीश लोहिया एसआरपी इंटर कॉलिज कोंच में प्रवक्ता हैं जबकि जेठ सुनील लोहिया भाजपा कोंच नगर अध्यक्ष हैं। सुनीता को पीएचडी की उपाधि मिलने पर नगरवासियों ने हर्ष जताया है।

### क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के आठ छात्र छात्राएं जेईई मैस में चयनित

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के जलालपुर रोड स्थित क्रेस्ट फॉर एजुकेशन शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत 4 छात्रो ने 90 परसेंटाइल से ज्यादा परसेंटाइल हासिल कर उनका चयन आईआईटी मेंस में हुआ है। आईआईटी, एनआईटी. देश के अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों में माने जाते हैं। सोमवार की रात घोषित हुए आईआईटी जेईई मेंस के एग्जाम में लकी गुप्ता ने 99.34 पर्सेंटाइल अर्जित किये। इसके अतिरिक्त सुयश गुप्ता ने 96.89 परसेंटाइल, अनुज सिंह ने 96.59 परसेंटाइल, अभिषेक आर्य ने 92.66 परसेंटाइल प्राप्त किया है। बताते चलें कि क्रेस्ट संस्थान बीते सात सालों से लगातार एनटीएसई व आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार चयन देता आ रहा है। संस्थान के मैनेजर विनय गुप्ता ने कहा कि परीक्षा में बेहतरीन परिणाम का श्रेय बच्चों को ही जाता है। अध्यापक तो केवल मार्गदर्शन देते हैं। बेहतरीन परीक्षा परिणाम छात्र की वर्ष भर की मेहनत होती है। हमारी कोशिश यहीं है कि जिस पढ़ाई के लिए परिवार को लाखो खर्च करने होते है वह शिक्षा यहां उनको कम खर्चे में प्राप्त हो जाती है।बैच में 6 छात्र थे जिसमें से 4 ने 90 से अधिक परसेंटाइल अर्जित किया।

# कालपी के अधिवक्ताओं ने रखी हड़ताल, सौंपा मांगों का ज्ञापन



**कालपी**, जालौन। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रदेश के आवाहन पर कालपी के अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ताओं के हितार्थ कई मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम कालपी अभिषेक कुमार को सौंपा! ज्ञापन में लिखा गया कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए और आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि 79 समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबे दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। जिलों में एवं तहसील में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए। अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जाए 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। अत: उपरोक्त समस्याओं पर अभिलंब विचार करके उपरोक्त समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने की राज्यपाल से मांग की गई। इस मौके पर अधिवक्ता जय किशोर कुलश्रेष्ठ बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालपी, राजेश कुमार यादव एडवोकेट महामंत्री बार एसोसिएशन कालपी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभु दयाल पासवान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश चंद्र निषाद, संयुक्त मंत्री कुंवर वरुण प्रताप सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मंगल सिंह यादव, मनोज सिंह जाटव, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रिंकू कुशवाहा, संजय सिंह आशुतोष श्रीवास्तव, रामकुमार तिवारी, रवि तिवारी, महाराज सिंह पाल, रामजी रामसखा, अखिलेश अहिरवार, दीपचंद्र सैनी सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# तलाक देने वाले पति ने शरीया कानून की दुहाई दे पिता के द्वारा हलाला कराये जाने की दी धमकी

## पीड़िता ने लगायी जिले के आलाधिकारियों से गुहार

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**तलाक** देने वाले पति ने शरीयत कानून की धमकी दे पिता के द्वारा हलाला कराने को कहा, पीड़िता ने जिले के आलाधिकारियों से गुहार लगायी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा के मोहगा तलैया साहबजादगान निवासी मोहम्मद शाकिर की पुत्री अर्शी फातिमा न आज न्याय पाने के लिए जिले के आलाधिकारियों से गुहार लगाई है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार डीएम कार्यालय से निकलकर अपनी गाड़ी में बैठे ही थे तभी उसी समय पीड़ित महिला उनके वाहन के पास खड़ी हो गई। सुरक्षाकर्मी ने महिला का प्रार्थना पत्र लेकर मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार को दिया। मामले को गंभीर देखकर मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार वापस डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने महिला की आप बीती फ़रियाद सुनी और पीड़िता इस दौरान रोने लगी और जमीन पर बैठकर हाथ जोड़कर न्याय देने के लिए फ़रियाद करने लगी। सुरक्षाकर्मी ने महिला को उठाया और कहा आराम से अपनी बात बताओ। थोड़ी देर बाद ही जब डीएम संजय कुमार ने पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ित महिला ने डीएम को भी शिकायती पत्र दिया। शिकायत के मुताबिक थाना मऊदरवाजा पुलिस ने महिला की शिकायत पर अपराध संख्या 373-2022 धारा 323 504 506 धारा-4 मुस्लिम महिला अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। अर्शी फातिमा का आरोप है पुलिस ने अभी तक अभियुक्तों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।

विवेचक में मोटी रकम लेकर नामजद आरोपी सईद उगा रिहाना निदा फैजी शोएब मुशीर सरवर हाफिज मास्टर का नाम मुकदमे से निकाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि एटा के मोहगा काजी मारहरा निवासी पति अली अशरफ कादरी शातिर किस्म का है। जिसने मुझे तीन तलाक दे दिया विरोध करने पर मेरी जमकर पिटाई की और तमंचा दिखाकर धमकाया कि यदि कोई कानूनी कार्रवाई की तो तेरी लाश का भी पता नहीं चलेगा। पति अली अशरफ ने चेतावनी दी है कि पिता से हलाला कराने के बाद ही तुझे घर पर रखेंगे हम शरीयत कानून को मानते हैं। महिला ने आशंका जाहिर की है कि मुकदमे की पैरवी में फतेहगढ़ अदालत आते जाते समय पति मेरी मां मेरी वृद्ध मां की हत्या करवा सकता है। न्याय न मिलने के कारण मैं मासूम बच्ची के साथ दर-दर भटक रही हूं।

महिला ने चेतावनी दी है कि मेरे जाहिर पति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो मैं मासूम बेटी के साथ आत्महत्या कर लूंगी। महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार जिले के आलाधिकारियों से की है। अब देखना यह है कि जिले के आलाधिकारी उसके पति के खिलाफ कोई उचित कार्रवाई करते हैं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# ट्रांसपोर्ट संचालक की सूझबूझ से फर्जीवाड़े का खुलासा

## ● पुलिस ने डीसीएम सहित चालक व हेल्पर को लिया हिरासत में

संवाददाता। जालौन, (उरई)



**फर्जी** नंबर प्लेट व फर्जी कागज लगाकर ट्रांसपोर्ट पर मटर की फली लादने के लिए डीसीएम गाड़ी खड़ी की। शक होने पर ट्रांसपोर्ट संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लिया और डीसीएम चालक व हेल्पर को हिरासत में लिया। सीओ ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया।

उन्नाव जिले के बेगम नगर निवासी कलीम सब्जी मंडी में दुकान नंबर 27 पर खान ट्रांसपोर्ट चलाते हैं। इस समय हरी मटर का सीजन चल रहा है। वह ट्रांसपोर्ट पर आने वाले वाहनों का व्यापारियों से संपर्क कराकर मटर लदवाकर भेज देते हैं। मंगलवार रात उनके ट्रांसपोर्ट पर डीसीएम चालक अनिल कुमार पुत्र पूनमचंद्र निवासी विलपांग तहसील रतलाम मध्यप्रदेश आया और ट्रांसपोर्ट संचालक को कहा कि वह उसकी डीसीएम में मटर लदवाकर भेज दें। वह डीसीएम में 15 टन मटर लाद लेगा और भाड़ा भी वह अपने हिसाब से दे दें। जबकि अन्य डीसीएम चालक भाड़ा तय करके 10 से 12 टन मटर ही लादकर ले जाते हैं। उसकी बातों पर शक होने पर जब ट्रांसपोर्ट संचालक ने उसकी डीसीएम के कागज मांगे तो उसने फर्जी कागजात दिखा दिए। जिसकी सूचना ट्रांसपोर्ट संचालक ने पुलिस को दी। उक्त मामले का कोतवाली में खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांडेय व कोतवाल कुलदीप तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि पुलिस ने जब डीसीएम के कागज और चेचिस व इंजन नंबर का मिलान किया तो वह सब फर्जी निकले। जिसके बाद कोतवाली में डीसीएम चालक अनिल कुमार, हेल्पर विजय मंडलोई पुत्र गोरधन निवासी ग्राम रिटौडा थाना कानवन जिला धार मध्यप्रदेश व डीसीएम स्वामी शक्ति सिंह राठौर पुत्र भगवान सिंह निवासी गंगाखेड़ी थाना व जनपद झाबुआ मध्य प्रदेश के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस द्वारा ट्रक चालक व हेल्पर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# भाकियू की बैठक में किसान व मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक धाता ब्लाक के ग्राम पौली में आयोजित हुई। जिसमें किसानों के साथ-साथ मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन मजबूती के उद्देश्य से पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शाहिद शेख ने की। बैठक को संबोधित करते हुए शेख ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे। किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात संगठन मजबूती के लिए युवा प्रकोष्ठ का कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही पौली ग्राम पंचायत की युवा प्रकोष्ठ कमेटी वं मेन बाडी का भी गठन हुआ। मुकीम अहमद को ग्राम पंचायत अध्यक्ष, शमशुल हक, मुराद अहमद को उपाध्यक्ष, फूलचंद्र को महासचिव के अलावा कमेटी में पप्पू पासवान को ग्राम पंचायत अध्यक्ष, रामनाथ पासवान को उपाध्यक्ष, मोहर्रम अली को उपाध्यक्ष, इरशाद अहमद को अध्यक्ष, सुनील कुमार पासवान को महासचिव, केशलाल पासवान को सचिवव अनिल कुमार को ग्राम पंचायत पौली का सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में धर्म सिंह चौहान, छोटू सिद्दीकी, ऐजाज सिद्दीकी, अहमद अलीम आदि उपस्थित रहे।

# तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप में मृतक संख्या 6200 हुई





एपी। अदन (तुर्किए)

**तुर्किए** और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप और उसके बाद के झटकों के कारण धराशाई हुई इमारतों में से और शवों के बरामद होने से मृतकों का आंकड़ा पांच हजार की संख्या को पार कर गया है। हजारों इमारतों के मलबे में बचे लोगों को ढूंढ़ने के लिए बचावकर्मी काम में लगे हुए हैं।

दुनियाभर के देशों ने बचाव एवं राहत कार्यों में मदद के लिए टीम भेजी है। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि 24,400 से अधिक आपातकालीन कर्मी मौके पर मौजूद हैं। लेकिन सोमवार के भीषण भूकंप से बड़े इलाके के प्रभावित होने और अकेले तुर्किए में ही लगभग 6,200 इमारतों के ढहने की पुष्टि के साथ उनके प्रयास बहुत कम साबित हो रहे हैं। आपदा में बचे हुए लोगों तक पहुंचने के प्रयास में शून्य से नीचे का तापमान और करीब 200 की संख्या में आए भूकंप के बाद के झटके भी बाधा बन रहे हैं, इससे अस्थिर ढांचों के भीतर लोगों को खोजना काफी खतरनाक हो गया है। नूरगुल अताय ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हते प्रांत की राजधानी अंताक्या में ध्वस्त इमारते के मलबे में दबी अपनी मां की आवाज को वह सुन सकती थीं, लेकिन उनके और अन्य लोगों के मलबे के अंदर घुसने के प्रयास राहतकर्मियों और भारी उपकरण न होने के कारण व्यर्थ चले गए। उन्होंने कहा कि उनकी मां 70 साल की थीं और ज्यादा समय तक जूझने में सक्षम नहीं थीं। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के केंद्र के दक्षिण पूर्व में स्थित हते में करीब 1500 इमारतें जमींदोज हो गईं और कई लोगों ने अपने परिजनों के मलबे में फंसे होने और किसी बचाव दल या मदद के नहीं पहुंचने की शिकायत की है।

तुर्किए के दक्षिण-पूर्वी प्रांत कहमनमारस में केंद्रित भूकंप ने दमिश्क और बेरूत के निवासियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। सीरिया में डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के मिशन प्रमुख सेबस्टियन गे ने कहा कि उत्तरी सीरिया में चिकित्सा कर्मी जी जान से जुटे हैं जो भारी संख्या में आए घायलों के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

तुर्किए के हते प्रांत में हजारों लोगों ने खेल केंद्रों या मेला हॉल में आश्रय लिया, जबकि अन्य लोगों ने बाहर रात बिताई और अलाव का सहारा लिया। इस्केंदेरुन बंदरगाह के एक इलाके से काला-घना धुआं उठ रहा है, जहां दमकल कर्मी अभी तक आग बुझाने में सफल नहीं हुए हैं। यह आग भूकंप के कारण पलटे मालवाहक कंटेनर (शिपिंग कंटेनर) में लगी थी। तुर्किए के उपराष्ट्रपति फुअत ओकते ने बताया कि तुर्किए में भूकंप के कारण मरने वालों की संख्या 3400 से अधिक है और 20,534 लोग घायल हुए हैं। तुर्किए और सीरिया में भूकंप से 5021 लोगों की मौत हुई है और 1602 लोग घायल हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सीरिया सरकार के कब्जे वाले इलाके में मृतकों की संख्या 812 हो गई जबकि 1450 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों को आशंका है कि सोमवार तड़के आए भूकंप और बाद के झटकों से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बचावकर्मी मंगलवार को भी मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। कम तापमान और भूकंप के बाद के करीब 200 झटके महसूस किए जाने के कारण बचाव कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मदद की नवीनतम प्रतिबद्धता के तहत दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक एओल ने कहा कि वह 60 सदस्यीय बचाव दल के साथ-साथ चिकित्सा सामग्री और 50 सैनिकों को तेजी से भेजने की तैयारी में हैं। पाकिस्तान की सरकार ने मंगलवार तड़के राहत सामग्री और 50 सदस्यीय खोज और बचाव दल को एक विमान से तुर्किए भेजा। पाकिस्तान ने कहा कि सीरिया और तुर्किए के लिए बुधवार से दैनिक सहायता उड़ानें होंगी। भारत ने कहा कि वह विशेष रूप से श्वान दस्तों और चिकित्सा कर्मियों सहित दो खोज और बचाव दल भेजेगा। इस्लामाबाद के एक बयान के मुताबिक, पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करने के लिए बुधवार को अंकारा की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो सहयोगी तुर्किए के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और सहायता की पेशकश करने के लिए एर्दोआन से फोन पर बातचीत की। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस ने कहा कि वह तुर्किए के प्रयासों में मदद के लिए खोज और बचाव दल भेज रहा है। सीरियाई शहर अलेप्पो और तुर्किए के दियारबाकिर शहर के बीच के 330 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले इलाके में हजारों इमारतों के ध्वस्त होने की खबर है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने सोमवार को आए भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी जिसका केंद्र जमीन के नीचे 18 किलोमीटर था। शायद पहले भूकंप के कारण दूसरा भूकंप 100 किलोमीटर दूर आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.5 थी।

# दुनिया पर मंडरा रहा है व्यापक युद्ध का खतरा : एंटोनियो गुतारेस

एपी। संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने सोमवार को आगाह किया कि दुनिया अभी तक के सबसे चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रही है और उस पर एक व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। गुतारेस ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को इस माह के अंत में एक साल पूरा होने जा रहा है। गुतारेस ने कहा कि 2023 में दुनिया की स्थिति का सर्वेक्षण करने वाले विशेषज्ञों ने दावा किया कि डूम्सडे क्लॉक में मध्य रात्रि (रात के 12 बजे) होने में अभी केवल 90 सेकेंड का वक्त बचा है, जो पूर्ण वैश्विक तबाही के सबसे करीब है।

बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स के अनुसार, डूम्सडे क्लॉक मानव निर्मित वैश्विक तबाही की आशंका को दर्शाने वाला प्रतीक है। विश्व निकाय के महासचिव ने यूक्रेन में युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, जलवायु तबाही, बढ़ते परमाणु खतरे, दुनिया के अमीरों तथा वंचित वर्ग के बीच बढ़ती खाई और भू-राजनीतिक विभाजन...वैश्विक एकजुटता व विश्वास को कम कर रहे हैं। गुतारेस ने 193 सदस्य देशों की महासभा से निकट भविष्य में फैसले करने के अपने नजरिए को बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी कदम का कल हम पर क्या असर होगा उसे देखते हुए कार्वाई करना गैर जिम्मेदाराना और अनैतिक है। इन्होंने कहा कि इस साल यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स (मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा) की 75वीं वर्षगांठ यह याद दिलाने वाली होनी चाहिए कि सभी लोगों के अपरिहार्य अधिकारों की नींव स्वतंत्रता, न्याय और शांति है।

गुतारेस ने कहा कि आज जिस बदलाव की जरूरत है, उसकी शुरुआत शांति से होनी चाहिए, जिसकी शुरुआत यूक्रेन में होनी चाहिए...जहां दुर्भाग्य से शांति की संभावनाएं कम होती जा रही हैं और तनाव तथा खून-खराबे की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने कहा, दुनिया आंख बंद करके एक बड़े युद्ध की ओर नहीं बढ़ रही। बल्कि पूरी तरह स्थिति से सजग होकर उसकी ओर बढ़ रही है। गुतारेस ने कहा न केवल यूक्रेन में बल्कि दशकों पुराने इज़राइल-फलस्तीनी संघर्ष, अफगानिस्तान जहां महिलाओं व लड़कियों के अधिकार खतरे में है...अफ्रीका का साहेल क्षेत्र जहां सुरक्षा संबंधी समस्या चिंताजनक स्तर पर पहुंच रही है.... दुनिया को हर जगह शांति स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

## रूस की गोलाबारी से यूक्रेन के एक अस्पताल में लगी आग

**कीव।** यूक्रेन में रूसी गोलाबारी में और अधिक संख्या में नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इस गोलाबारी में एक शहर के अस्पताल में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों को आशंका थी कि रूस की वर्षगांठ के करीब रूस नए सिरे से हमले करेगा, लेकिन यह अभी हो जाएगा ऐसा अनुमान नहीं लगाया था। क्षेत्रीय यूक्रेनी आपातकालीन सेवा की ओर से बताया गया कि गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरपूर्वी शहर वोवचांस्क के एक अस्पताल में सोमवार देर रात आग लग गई। पूर्वोत्तर खारकीव क्षेत्र की राज्य आपातकालीन सेवा ने एक ऑनलाइन बयान जारी करके कहा कि गोलाबारी से शहर में कई जगह आग लग गई जिसमें नगरपालिका अस्पताल की दो मंजिला इमारत शामिल है। अनुमानित रूसी हमला उन क्षेत्रों को हासिल करने के लिए हो सकता है जिन्हें मॉस्को ने गंवा दिया था। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि उन्हें देश के पूर्वी और दक्षिणी इलाके में रूस के नए हमले की आशंका है क्योंकि क्रेमलिन अवैध रूप से हासिल किए गए क्षेत्रों को अपने पास सुरक्षित रखना चाहता है। मैदान-ए-जंग में हुए नुकसान से क्रेमलिन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, लेकिन पुतिन युद्ध को प्रति जनता के समर्थन को पुख्ता करने के इच्छुक हैं।

## युद्ध की तैयारी को और पुख्ता करे उत्तर कोरियाई सेना : किम

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को युद्ध अभ्यास का विस्तार करने और जंग की तैयारियों को मजबूत करने का आदेश दिया है। इसे उत्तर कोरिया के बढ़ते मिसाइल एवं हथियार परीक्षण कार्यक्रम से कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के बीच प्योंगयांग द्वारा शक्ति प्रदर्शन की एक और कवायद के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि किम ने सोमवार को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान, उन्होंने सशस्त्र बलों को रक्षा विकास के क्षेत्र में एक नए चरण की शुरुआत करने के लिए जीत दिलाने वाले हैरतअंगेज कारनामे दिखाने और अतुलनीय सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। एजेंसी के मुताबिक, बैठक में शामिल आयोग के सदस्यों ने सेना में महान बदलाव लाने पर केंद्रित विभिन्न कार्यों पर चर्चा की, जिसमें युद्ध और लड़ाकू अभियानों के अभ्यास का लगातार विस्तार करना तथा युद्ध संबंधी तैयारियों को और अधिक पुख्ता करना शामिल है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब उत्तर कोरिया द्वारा बुधवार को कोरियन पीपुल्स आर्मी के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर राजधानी प्योंगयांग में भव्य सैन्य परेड निकाले जाने के संकेत मिल रहे हैं।

# पाकिस्तान में विकिपीडिया पर लगाया गया प्रतिबंध हटा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने विकिपीडिया नामक वेबसाइट पर दो दिन पहले लगाया गया प्रतिबंध तत्काल प्रभाव सै मंगलवार को हटा लिया। कथित ईशनिंदा वाली सामग्री वेबसाइट से नहीं हटा कर मुस्लिमों की भावनाओं को आहत करने के कारण पाकिस्तान के दूरसंचार नियामक ने ऑनलाइन विश्वकोश (विकिपीडिया) पर प्रतिबंध लगा दिया था।

पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण ने आपत्तिजनक सामग्री हटाने के लिए दी गई 48 घंटे की समय सीमा की अनदेखी करने के कारण विकिपीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया था।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तीन सदस्ईय एक मंत्रालई समिति की सिफारिश के बाद, सोमवार को अधिकारियों को विकिपीडिया पर से प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया। पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने प्रधानमंत्री के आदेश को अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि वेबसाइट (विकिपीडिया) की सेवाएं तत्काल प्रभाव से बहाल की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने विकिपीडिया और अन्य ऑनलाइन सामग्री से संबंधित मामलों पर गौर करने के लिए एक कैबिनेट समिति भी गठित की है। विकिपीडिया एक निशुल्क ऑनलाइन विश्वकोश है, जिसे दुनिया भर के स्वयंसेवियों द्वारा संपादित किया जाता है।

नियामक के प्रवक्ता मलहत ओबैद ने कहा, ऐसी चीजों से मुसलमानों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा कि वेबसाइट को सुनवाई का अवसर भी दिया गया था, लेकिन उसने न तो ईशनिंदा सामग्री को हटाने के आदेश का पालन किया और न ही प्राधिकरण के समक्ष पेश हुआ। वेबसाइट का संचालन करने वाले विकिमीडिया फाउंडेशन ने पिछले शुक्रवार को कहा था, ‘विकिपीडिया पर कौन सी सामग्री शामिल की गई है या उस सामग्री को कैसे बनाए रखा जाता है, इस बारे में वह फैसला नहीं करता है। आलोचकों ने विकिपीडिया पर प्रतिबंध लगाने के कदम की निंदा करते हुए कहा था कि यह सूचना तक पहुंचने के पाकिस्तानियों के अधिकारों का उल्लंघन है।



आस्ट्रेलिया के कैनबरा में पार्लियामेंट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस करते न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हैपकिंस व आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अलबेन्स

# मुंबई आतंकवादी हमले की यादें अब भी ताजा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले की यादें भारत और अमेरिका दोनों देशों के जेहन में अब भी ताजा हैं। बाइडन प्रशासन ने सोमवार को यह बात कही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 2008 में मुंबई में जो आतंकवादी हमला हुआ था, उसकी यादें बेशक आज भी ताजा हैं। वे भयानक यादें यहां (अमेरिका) और भारत में अब भी ताजा हैं। उन्होंने कहा, हम सब उस दिन के भयानक मंजर को याद कर सकते हैं, होटल पर हमला, उससे हुआ रक्तपात, और यही कारण है कि हमने इसके साजिशकर्ताओं की जवाबदेही तय करने पर जोर देना जारी रखा है, न सिर्फ उन हमलावरों की जवाबदेही, जिन्होंने उस दिन इतने निर्दोष लोगों की जान ली, बल्कि उन आतंकवादी समूहों की भी, जिनका हाथ इस हमले के पीछे था और जिन्होंने इन्हें अंजाम देने में मदद की थी।

भारत के इतिहास में हुए सबसे भयानक आतंकवादी हमलों में से एक 26।11 के मुंबई हमले में 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक घायल हुए थे। इस दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों ने हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के 10 आतंकवादियों में से नौ को मार गिराया था, जबकि अजमल कसाब इकलौता आतंकी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया था। कसाब को चार साल बाद 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई थी।

# संरा में कश्मीर मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने पाक को लताड़ा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा है कि इस्लामाबाद में असुरक्षा की गहरी भावना है और इसने भारत एवं इसकी धर्मनिरपेक्ष छवि के खिलाफ नफरत फैलाने की साजिश रची है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर राजेश परिहार ने सोमवार को कहा कि इस्लामाबाद भारत के बारे में बार-बार झूठ बोल रहा है। उन्होंने यूएनजीए में कहा, मेरे देश के खिलाफ पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा की गई तुच्छ टिप्पणियों का जवाब देने के लिए मुझे इस मंच का इस्तेमाल करने की जरूरत पड़ी। बार-बार झूठ का सहारा लेने की मानसिकता रखने वाले पाकिस्तान का इस तरह का बयान हमारी सहानुभूति का हकदार है। साथ ही, मेरे लिए, सही बात रखना महत्वपूर्ण है।

परिहार ने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि का चाहे जो कुछ भी मानना हो, केंद्र शासित क्षेत्रों जम्मू कश्मीर और लद्दाख सदा ही भारत का अक्षुण्ण एवं अभिन्न हिस्सा रहे हैं, अब भी हैं और हमेशा रहेंगे। हम इस प्रतिनिधि से कुछ नई चीज की उम्मीद नहीं करते हैं, जो असुरक्षा की गहरी भावना रखता है तथा भारत एवं इसकी धर्मनिरपेक्ष छवि और मूल्यों के खिलाफ नफरत की साजिश रचता है।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। शुरूआत में, परिहार ने सीरिया और तुर्किए में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा, भारत, सीरिया और तुर्किए के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है तथा इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार है।

# ऋषि सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर नए मंत्रालय बनाए



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए ऊर्जा केंद्रित विभाग बनाने के लिए चार नए या पुनर्गठित मंत्रालय बनाने की मंगलवार को घोषणा की। ऊर्जा सुरक्षा और नेट जीरो पर नए विभाग को ब्रिटेन के लिए दीर्घकाल तक ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने, घरेलू बिलों को कम करने तथा मुद्रास्फीति आधी करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्होंने अपनी सरकार में विज्ञान, नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी के लिए एक नया समर्पित विभाग, कारोबार एवं व्यापार के लिए संयुक्त विभाग बनाने के वास्ते कारोबार और व्यापार विभागों का विलय करने तथा संस्कृति, मीडिया एवं खेल विभाग को पुनर्गठित करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल में यह फेरबदल तब किया गया है जब सुनक ने मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाए जाने को लेकर अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को बर्खास्त कर दिया था। ग्रांट शैप्स को ब्रिटेन का नया ऊर्जा सुरक्षा और नेट जीरो मंत्री नियुक्त किया गया है। मिचेल डोनेलान ने विज्ञान, नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी विभाग तथा लूसी फ्रेजर ने संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री का प्रभार संभाला।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Deepak Kumar** who are purchasing the Plot No.163, area measuring 50 sq. yds out of total area measuring 100 sq. yds, carved out of Khasra No.64, situated in the area of Village Nawada, Delhi State Delhi, colony known as Vipin Garden Extn, Uttam Nagar, New Delhi; from **Mr. Ashok Kumar** who is owner/POA holder of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney, Agreement to sell & WILL dated 06.01.2020 and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot no.136, (Basement) Uday Park,
New Delhi-110049; Contact # 011-40046316

# इस्लामिक आतंकवाद का नया वैश्विक केंद्र उपसहारा अफ्रीका : संरा

● संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में किया गया दावा

एपी। नैरोबी (केन्या)

**हिंसक** इस्लामिक आतंकवाद का नया वैश्विक केंद्र उपसहारा अफ्रीका है जहां लोग धार्मिक कारणों से कम और आर्थिक कारणों से अधिक प्रभावित होकर इसमें बढ़चढ़कर शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यूएनडीपी की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि बेहतर आजीविका के लिए चरमपंथी समूहों में भर्ती होने वालों की संख्या में उन लोगों की अभिप्रेरणा के सापेक्ष 92 फीसदी की वृद्धि हुई है जिनका साक्षात्कार वर्ष 2017 में जारी रिपोर्ट के लिए लिया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से अफ्रीकी लोगों का जीवन कोविड-19 महामारी, अधिक महंगाई और जुलवायु परिवर्तन के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धार्मिक वजहों के कारण चरमपंथी समूहों में शामिल होने वाले लोगों की संख्या में 57 फीसदी कमी आई है। रिपोर्ट के लिए आठ अफ्रीकी देशों बुर्किना फासो, कैमरून, चाड, माली, नाइजर, नाइजीरिया, सोमालिया और सूडान में लगभग 2,200 लोगों का साक्षात्कार लिया गया। इसमें कहा गया है कि साक्षात्कार देने वाले 1,000 से अधिक लोग हिंसक चरमपंथी समूहों के पूर्व सदस्य (स्वैच्छिक और जबरन भर्ती किए गए) हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2017 के बाद से पूरे अफ्रीका में कम से कम 4,155 हमले दर्ज किए गए और इन हमलों में 18,417 लोगों की मौत हुई, जबकि सोमालिया में सबसे अधिक मौतें दर्ज की गईं।

यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टेनर ने रिपोर्ट के जारी होने से पहले एक प्रेस वार्ता में कहा, उपसहारा अफ्रीका हिंसक चरमपंथ का नया वैश्विक केंद्र बन गया है जहां वर्ष 2021 में वैश्विक आतंकवाद से होने वाली 48 फीसदी मौतें हुईं। रिपोर्ट में कहा गया कि चरमपंथी समूहों में शामिल होने वालों में से लगभग 71 प्रतिशत राज्य सुरक्षा बलों द्वारा मानवाधिकारों के हनन जैसे कि परिवार के सदस्यों की हत्या या गिरफ्तारी आदि से प्रभावित थे।

## तिब्बती बच्चों को लेकर चीन की नीति खतरनाक

**संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा।** चीन में करीब 10 लाख तिब्बती बच्चों को सरकारी बोर्डिंग स्कूलों में डालने की खबर के बाद संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार के मामलों से जुड़े विशेषज्ञों ने दमनकारी कार्वाइयों के जरिए तिब्बती अस्तित्व को मिटाने और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान-चीनी समुदाय के साथ मिलाने की चीन की नीति को लेकर आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, हम तिब्बती शैक्षिक, धार्मिक और भाषाई संस्थानों के खिलाफ दमनकारी कार्वाइयों के जरिए तिब्बती अस्तित्व को बहुसंख्यक हान-चीनी समुदाय के साथ मिलाने की नीति से चिंतित हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि चीन की सरकार की आवासीय विद्यालय प्रणाली के माध्यम से तिब्बती लोगों की सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पहचान मिटाने पर केंद्रित नीति से तिब्बती अल्पसंख्यकों के करीब 10 लाख बच्चे प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने सोमवार को एक बयान में कहा, हम तिब्बती बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय प्रणाली को लेकर चिंतित हैं, जो तिब्बतियों को बहुसंख्यक हान संस्कृति में शामिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक कार्यक्रम प्रतीत होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के विपरीत है। विशेषज्ञों के इस दल में अल्पसंख्यक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत फर्नांड डी वेरेन्स, शिक्षा के अधिकार पर विशेष दूत फरीदा शहीद और सांस्कृतिक अधिकारों के क्षेत्र में विशेष दूत एलेक्जेंड्रा जांथाकी शामिल हैं। बयान के अनुसार, आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सामग्री और वातावरण बहुसंख्यक हान संस्कृति के अनुरूप है, जिसमें पाठ्यपुस्तक की सामग्री लगभग पूरी तरह से हान छात्रों के अनुभवों पर आधारित है। तिब्बती अल्पसंख्यक बच्चों को पारंपरिक या सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक शिक्षा देने के बजाए मन्दारिन चीनी (पटु घुआ भाषा) में अनिवार्य शिक्षा पाठ्यक्रम पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है।

पटु घुआ भाषा के सरकारी स्कूल तिब्बती अल्पसंख्यकों की भाषा, इतिहास और संस्कृति की कोई खास पढ़ाई नहीं कराते।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई,
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, रानीखेत
घिंघारीखाल, रानीखेत, जिला-अल्मोड़ा। दूरभाष/फैक्स: 05966-220690 email: pmranikhet@rediffmail.com

पत्रांक : 289/निविदा/69 | दिनांक : 06.02.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य की मुहरबन्द निविदा निम्नांकित चार्ट में उल्लिखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दि० 22.02.2023 की सायं 3.00 बजे तक निर्माण इकाई रानीखेत में आमन्त्रित की जाती हैं, जो दि० 22.02.2023 को, इस कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दि० 07.02.2023 से 21.02.2023 तक, किसी भी कार्यदिवस एवं कार्यालय समय (प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) में उपरोल्लिखित कार्यालय से परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रानीखेत के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट या परियोजना प्रबन्धक के पदनाम के खाता सं० 0938000100201949 पंजाब नैशनल बैंक रानीखेत में जमाकर, प्राप्ति रसीद प्रस्तुत करने के पश्चात् विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि केवल बैंक की एफ०डी०आर० जो परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रानीखेत के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 मात्र के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + वस्तु एवं सेवा कर 18% | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलौनी में अवशेष सिविल कार्य। | 35300.00 (₹ पैंतीस हजार तीन सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |

नोटः- निविदा की अन्य शर्तें इस कार्यालय में उपलब्ध निविदा सूचना में देखी जा सकती है। **परियोजना प्रबन्धक**

# महाराष्ट्र कांग्रेस में तेज हुई कलह

● बालासाहब थोराट का विधायक दल अध्यक्ष पद से इस्तीफा, राज्य इकाई प्रमुख पटोले बोले- मुझे जानकारी नहीं

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र** में कांग्रेस के नेता बालासाहेब थोराट ने मंगलवार को विधायक दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले के साथ कथित मनमुटाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र के एक दिन पहले सामने आने के बाद यह घटनाक्रम हुआ।

हालांकि, पटोले ने कहा कि उन्हें थोराट के ऐसे किसी कदम की जानकारी नहीं है और दावा किया कि वह हम से बात नहीं करते हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि अगर कांग्रेस नेता पाला बदलना चाहते हैं तो उनके दरवाजे खुले हैं। थोराट अहमदनगर जिले की संगमनेर सीट से विधायक हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी आलाकमान को भेजा है।

हाल में नासिक मंडल स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधान परिषद का चुनाव जीतने वाले सत्यजीत ताम्बे थोराट के भांजे हैं। थोराट के एक करीबी ने बताया कि कांग्रेस नेता ने पार्टी आलाकमान को पत्र लिखकर उनके प्रति पटोले के क्रोध के कारण (पटोले के) साथ काम करने में असमर्थता जताई थी। थोराट ने कहा कि कोई भी फैसला करने से पहले उनसे विचार-विमर्श नहीं किया जाता।

यहां मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा, मुझे थोराट का त्याग पत्र नहीं मिला है। वह पिछले कुछ दिनों से हमसे बात नहीं कर रहे हैं। शायद वह मीडिया से बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा, अगर मुझे उनका पत्र मिलता है, तो मैं उस पर टिप्पणी करूंगा। भाजपा ने भी कांग्रेस की अंदरूनी कलह को भुनाने की कोशिश की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, बालासाहेब थोराट जैसे नेताओं के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। वह चाहें तो भाजपा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन वह कोई छोटे नेता नहीं हैं जो किसी के सुझाव या निर्देश पर भाजपा में शामिल हो जाएंगे।

बावनकुले ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति का सम्मान किया जाता है और जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी थोराट को कोई प्रस्ताव नहीं दे रही है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने सोलापुर में कहा कि यह साफ नहीं है कि थोराट ने इस्तीफा दिया है या सिर्फ पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि थोराट से बातचीत नहीं हो सकी है और मैं प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के साथ भी और उन्हें भी इस बारे में कुछ नहीं पता है। वहीं,पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि अगर थोराट ने विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दिया है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जालना में पत्रकारों से कहा, यहां (जालना) आने के बाद मुझे बालासाहेब थोराट के इस्तीफे की खबरों के बारे में पता चला। वह एक वरिष्ठ और बेहद धैर्यवान नेता हैं। लेकिन इस मुद्दे को जाने बिना इस पर अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। थोराट को कांग्रेस को बेहद वफादार माना जाता है। इससे पहले उन्होंने कई प्रमुख मंत्री पदों को संभालने के अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी हैं।

थोराट के बहनोई और नासिक मंडल निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी सुधीर ताम्बे ने विधान परिषद का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। हालांकि कांग्रेस ने उन्हें आधिकारिक तौर पर अपना उम्मीदवार बनाया था। सुधीर ताम्बे के बेटे सत्यजीत ताम्बे ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत गए। सूत्रों ने बताया कि इस प्रकरण के कारण कांग्रेस को शर्मिंदगी उठानी पड़ी जबकि थोराट चुप रहे। माना गया कि उन्होंने ताम्बे पिता-पुत्र को मौन समर्थन दिया है। थोराट का हाल में कंधे का ऑपरेशन हुआ है और वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

## शाह के कांग्रेस-माकपा से गठबंधन संबंधी आरोपों को देबबर्मा ने खारिज किया

**अगरतला।** टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन आरोपों को खारिज किया कि क्षेत्रीय संगठन की 16 फरवरी को होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त सहमति है। देबबर्मा ने आरोप लगाया कि शाह ने स्वदेशी लोगों की तिप्रासा भावना को नहीं समझा और उनकी भावनाओं को ठेस भी पहुंचाई।

देबबर्मा ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, जिसने भी अमित शाह के लिए भाषण लिखा था उसे होमवर्क नहीं करने के लिए पद से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। वह न सिर्फ तिप्रासा भावना को समझने में नाकाम रहे और हमारी भावनाओं को आहत किया, उन्होंने त्रिपुरा के लोगों को एक गलत संदेश भी भेजा कि कांग्रेसमाकपा और टिपरा में गठबंधन है। उन्होंने कहा, जो लोग कांग्रेस और माकपा को वोट देने से हिचक रहे थे वे अब मजबूर होंगे और ज्यादा संख्या में बाहर आएंगे इसे ही हम राजनीति में अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारना कहते हैं। शाह ने दक्षिण त्रिपुरा जिले के संतिरबाजार और खोवाई जिले के खोवाई में भाजपा की रैलियों को संबोधित करते हुए सोमवार को आरोप लगाया था कि टिपरा मोथा की कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त सहमति है और वह मूल निवासियों को गुमराह कर त्रिपुरा में फिर से वाम दल का शासन लाने का प्रयास कर रही है।

# भाजपा ने त्रिपुरा का चेहरा बदला : राजनाथ



भाषा। कैलाशहर (त्रिपुरा)

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर वर्षों तक त्रिपुरा के लोगों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया है।

उनाकोटि जिले के कैलाशहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्रिपुरा अब आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, पूरा पूर्वोत्तर इंटरनेट की मदद से तेजी से विकास देख रहा है। त्रिपुरा आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है।

सिंह ने कहा, माकपा खुद को गरीबों के रक्षक के रूप में दावा करती है लेकिन वे वही हैं जिन्होंने वर्षों तक गरीब लोगों का शोषण किया। उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया। लोगों ने भाजपा को जीरो से हीरो बनाया।

चुनावी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पहुंचे सिंह ने कहा कि भाजपा राज्य में विकास लेकर आई, जहां माकपा के शासन के दौरान बुनियादी ढांचा खराब था। उन्होंने कहा, अब, बिजली, पानी के कनेक्शन और सड़कें हैं क्योंकि भाजपा सरकार विकास को गति देने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। माकपा के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को सम्मान नहीं दिए जाने पर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि लेकिन भाजपा शासन के दौरान उन्हें सम्मान और लाभ मिल रहा है।

सिंह ने यह भी दावा किया कि त्रिपुरा में हिंसा रुक गई है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है और दुनिया यह सुनना चाहती है कि भारत क्या कहता है।

उन्होंने लोगों से राज्य के विकास को जारी रखने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 16 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना दो मार्च को होगी। रैली को पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने भी संबोधित किया।

# रैपिडो को राहत देने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा लाइसेंस नहीं देने के खिलाफ बाइक-टैक्सी सेवा प्रदाता रैपिडो को राहत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्ष 2019 में मोटर वाहन अधिनियम में किए गए संशोधन में यह साफ कर दिया गया है कि सेवा प्रदाता बिना वैध लाइसेंस के संचालन नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि पुणे के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने पिछले साल 21 दिसंबर को लाइसेंस के लिए उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा कि रोपेन ट्रांसपोर्ट सेवा प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) बंबई उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से 19 जनवरी को जारी अधिसूचना को चुनौती दे सकती है जिसमें गैर परिवहन वाहनों को कार पूलिंग से प्रतिबंधित कर दिया गया था। रैपिडो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के पास दोपहिया वाहनों के लिए कोई योजना नहीं है, इसलिए लाइसेंस के लिए आवेदन को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जरूरी कुछ शर्तों को पूरा कर पाना वास्तव में एक कंपनी के लिए असंभव है।

# न्यायालय ने बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल को जमानत देने से इंकार किया

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों कर रहे हैं।

कथित तौर पर 3,600 करोड़ रुपए का यह घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की खरीद से संबंधित है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि जेम्स की यह दलील कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि उसने मामलों में अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है, स्वीकार नहीं की जा सकती।

हालांकि पीठ ने कहा कि वह निचली अदालत के समक्ष नियमित जमानत के लिए रुख कर सकता है। जेम्स ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए के तहत जमानत का अनुरोध किया, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है तो उसे जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को छह महीने कारागार की सजा

**जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ जिले में दंगा और हमला करने के 2010 के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को छह महीने के साधारण कैद की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) स्नेहल शुक्ला की अदालत ने सोमनाथ से कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा और तीन अन्य को मंगलवार को छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सत्र अदालत में सजा के खिलाफ अपील करने के लिए, आरोपियों के वास्ते एक महीने तक सजा पर रोक भी लगा दी। चुडासमा और तीन अन्य आरोपी हितेश परमार, मोहन बढेर और रामजी बेरा भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) और धारा 147 (दंगा करने) के तहत दोषी पाए गए थे। अभियोजन के अनुसार, चुडासमा और अन्य लोग सात नवंबर 2010 को जब यातायात जाम में फंसे तो वे गैरकानूनी तरीके से एकत्रित हुए और हथियारों से लैस होकर उन्होंने शिकायतकर्ता मीत वैद्य पर हमला किया।

# बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब समय सीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की चुनौती: असम के डीजीपी

**अमीनगांव( असम )।** असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य में बाल विवाह के मामलों में 2,500 से अधिक गिरफ्तारियां होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की है।

सिंह ने कहा कि पुलिस की मंशा किसी को परेशान करने की नहीं है, लेकिन इसका लक्ष्य दो-तीन वर्षों के अंदर बाल विवाह की प्रथा को खत्म करना है।

सिंह ने यहां वाई-20 समिट से इतर कहा, हमने 4,074 मामले दर्ज किए हैं और मंगलवार सुबह तक 2,500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन मामलों के सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा तथा उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती अब 60 से 90 दिनों के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की है। असम पुलिस ने शुक्रवार को बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई की थी और शुरूआती दो दिनों में 2,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सिंह ने 65 आरोपियों को जमानत मिलने पर कहा, मेरे लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन कितने समय तक जेल में रहता है। महत्वपूर्ण यह है कि उन्हें आरोपी बनाया गया और वे अब कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

# राखी सावंत ने पति आदिल दुर्रानी पर मारपीट करने, पैसे, आभूषण लेने का आरोप लगाया

भाषा। मुंबई

**अभिनेत्री** राखी सावंत ने अपने पति आदिल दुर्रानी पर उनसे मारपीट करने तथा उनकी जानकारी के बिना उनके फ्लैट से पैसे और आभूषण ले जाने का आरोप लगाया है, जिसके बाद दुर्रानी को मंगलवार को शहर के ओशिवरा पुलिस थाने में लाया गया।

एक अधिकारी ने सोमवार रात को पुलिस में दिए गए राखी सावंत के बयान का हवाला देते हुए बताया कि सावंत (41) जनवरी 2022 में दुर्रानी (30) के संपर्क में आई और दोनों ने एक संयुक्त व्यावसायिक खाता खुलवाया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, दुर्रानी ने एक कार खरीदने के लिए, जून में उस खाते से 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि निकाली, लेकिन सावंत ने कोई आपत्ति नहीं जताई, क्योंकि दुर्रानी ने कहा था कि वह उनसे शादी करेंगे। बाद में दुर्रानी ने कथित तौर पर सावंत से दो बार मारपीट की, जिसके कारण उन्हें दुर्रानी के खिलाफ गैर-संज्ञेय शिकायत दर्ज करानी पड़ी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सावंत के मुताबिक दुर्रानी ने उन्हें धमकी दी कि वह उनके चेहरे पर तेजाब फेंक देगा या उन्हें सड़क हादसे में मरवा देगा। सावंत ने दुर्रानी पर उन्हें नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने का भी आरोप लगाया। अधिकारी ने बताया कि रविवार रात को सावंत को पता चला कि उनकी अलमारी से पांच लाख रुपए नकद और उनकी मां के ढाई लाख रुपए के आभूषण गायब हैं। इसके बाद उन्हें अंधेरी की अपनी इमारत के चौकीदार से पता चला कि उनकी गैरमौजूदगी में दुर्रानी फ्लैट पर आया था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद सावंत ने ओशिवरा पुलिस थाने में सोमवार रात को शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद दुर्रानी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (विश्वासघात) और 323 (जानबूझकर नुकसान पहुंचाना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।



कोलकाता में केंद्रीय बजट के समर्थन में घोड़े पर सवार होकर प्रचार करता भाजपा कार्यकर्ता

# कुमार स्वामी ने दिया स्पष्टीकरण

भाषा। बेंगलुरु

**केंद्रीय** मंत्री प्रह्लाद जोशी को लेकर एक विवादित बयान देने के कुछ दिन बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया क्योंकि उन्होंने सभी ब्राह्मणों पर आरोप नहीं लगाया था।

दरअसल, कुमारस्वामी ने कहा था कि केंद्रीय मंत्री जोशी ब्राह्मणों के एक ऐसे वर्ग से ताल्लुक रखते हैं जिसने श्रृंगेरी शंकराचार्य पीठ का अपमान किया था और महात्मा गांधी की हत्या की थी। जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि उनके पास हमेशा कुछ प्रतिष्ठित धार्मिक नेताओं की तस्वीरें रहती हैं जो ब्राह्मण समुदाय से आते हैं।

कुमारस्वामी ने इस बयान को लेकर आलोचना किए जाने के कुछ दिनों बाद स्पष्टीकरण दिया, मैंने कभी जाति आधारित राजनीति नहीं की। जब भी लोग मेरे पास मदद मांगने आते हैं तो मैं कभी उनसे उनकी जाति नहीं पूछता। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो लोगों की जाति के लिए उनका अपमान करते हैं। ब्राह्मण समुदाय सभ्य तरीके से जीवन जी रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केवल उन लोगों का जिक्र किया था जिन्होंने श्रृंगेरी में चंद्रमौलेश्वर मंदिर पर हमला किया था, एक ऐसा वर्ग जिसने महात्मा गांधी और मराठा शासक शिवाजी की हत्या की थी। इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोग कर्नाटक से नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से थे।



संसद भवन परिसर में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और उसके पुत्र राहुल गांधी

# स्थानीय लोगों के काला जादू के आरोप पर रूसी समूह ने कहा, गलतफहमी थी

भाषा। पणजी

**गोवा** में कुछ रूसी नागरिकों की ओर से पेश किए जा रहे एक नाटक को कुछ स्थानीय लोगों ने रुकवा दिया। उनका आरोप था कि रूसी नागरिक काला जादू कर रहे थे लेकिन विदेशियों ने मंगलवार को इस आरोप का खंडन करते हुए दावा किया कि गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ और वे तो राजा विक्रमादित्य की जिंदगी पर नाटक का मंचन कर रहे थे।

यह घटना 30 जनवरी को उत्तर गोवा जिले की पेरनेम तालुका की है जब स्थानीय लोगों के एक समूह ने नाटक के मंचन को रुकवा दिया।

रूस की नागरिक ओल्गा माखनोवेत्स्की और बेलारूस के नागरिक मिकोला टेनिच ने खुद को थिएटर कलाकार और रशियन स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स से स्नातक बताया है। उन्होंने पणजी में घटना को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रस्तुति से पहले स्थानीय पंचायत को सूचित कर दिया था।

मखनोवेत्स्की ने कहा, हम वह गलतफहमी दूर करना चाहते हैं जो हमारी प्रस्तुति के दौरान काले जादू की अफवाह के चलते उत्पन्न हुई है। हम इसे पूरी तरह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम पादरी नहीं हैं और किसी भी धार्मिक संगठन के समर्थक नहीं है।

उन्होंने बताया कि वह रूस के जाने-माने फिल्मकार यूरी मरिन की बेटी हैं। मरिन को विंडो टू पेरिस के लिए जाना जाता है।

पेरनेम घटना पर उन्होंने कहा, हम सिर्फ प्रस्तुति देते हैं। हमारी प्रस्तुति की कहानी भारतीय महाकाव्य राजा विक्रमादित्य और शनि ग्रह के साथ उनकी सात साल की आजमाइश पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पूरी कहानी भारतीय संस्कृति की मजबूत विरासत को बताती है जिसे हम बहुत पसंद करते हैं।

# छद्म युद्ध के लिए नार्को-आतंकवाद का इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान : द्विवेदी

भाषा। श्रीनगर

● सेना की उत्तरी कमान के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग इन चीफ ने कहा

**सेना** के एक वरिष्ठ कमांडर ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में नार्को-आतंकवाद में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, क्योंकि पाकिस्तान अब इसे जम्मू कश्मीर में अपने छद्म युद्ध में एक नए हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

सेना की उत्तरी कमान के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग इन चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पड़ोसी देश यहां के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के प्रयास में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थ और हथियार भेज रहा है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने उत्तरी कमान के सभी कर्मियों से आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मोर्चों पर विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, कश्मीर ने नार्को-आतंकवाद में चिंताजनक वृद्धि देखी है, क्योंकि पाकिस्तान अब इसे अपने छद्म युद्ध में एक नए हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के प्रयास में हाल में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों के साथ-साथ हथियारों को भेजने की दोहरी रणनीति देखी गई है।

सैन्य कमांडर ने कहा कि नशीले पदार्थों की सीमा पार से होने वाली तस्करी के जरिए केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल इस प्रवृत्ति और खतरे को रोकने के लिए पहले से ही ड्रोन रोधी उपाय शुरू कर चुके हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम समझौता कायम है। उन्होंने कहा, घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए बहुत सख्त निगरानी और एक मजबूत प्रौद्योगिकी-सक्षम बहुस्तरीय घुसपैठ रोधी ग्रिड बनाया गया है। संघर्ष विराम उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिशों या दुश्मनों के किसी भी दुस्साहस से मजबूती से निपटा जाएगा।

# बिहार की अदालत में मोहन भागवत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई

भाषा। मुजफ्फरपुर



**बिहार** के मुजफ्फरपुर जिले की एक अदालत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ मंगलवार को एक शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें उनपर ब्राह्मणों का कथित अपमान करने का आरोप लगाया गया है। वकील सुधीर कुमार ओझा ने मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में उक्त याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने रविवार को मुंबई में भागवत के संबोधन की मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया जहां वह मध्यकालीन कवि संत रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग ले रहे थे।

मराठी में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस प्रमुख ने हिंदू समाज में व्याप्त कठोर जाति पदानुक्रम के लिए पंडितों (पुरोहित वर्ग) को दोषी ठहराया था। मीडिया में आई कुछ खबरों के मुताबिक भागवत द्वारा ब्राह्मण समुदाय के बारे में बात की गई थी जो पूजा-पाठ से जुड़े रहे हैं। बाद में आरएसएस द्वारा जारी एक बयान में इस बात से इनकार किया गया था कि भागवत ने किसी विशेष जाति का उल्लेख किया था। संघ ने दावा किया कि पंडित शब्द ज्ञानियों के लिए इस्तेमाल किया था न कि किसी जाति या धर्म के लिए।ओझा ने अपनी याचिका में आग्रह किया है कि भागवत के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सार्वजनिक शांति भंग करने से संबंधित भादंवि की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख तय की है।

# द्रविड़ ने गिल को दिया स्वीप खेलने का मंत्र

## स्पिनरों के खिलाफ किया भारतीयों ने अभ्यास

**भाषा।** नागपुर



**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों की मददगार पिचों पर खेलने का दांव उलटा पड़ने से बचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों ने मंगलवार को यहां दो पालियों में ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ नेट अभ्यास में जमकर पसीना बहाया। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर स्टीव ओ कीफ ने छह साल पहले पुणे में स्पिनरों की मददगार पिच पर 12 विकेट झटक कर भारत को परेशान किया था। यह आंकड़ा उनके टेस्ट करियर के 35 विकेट में से एक तिहाई से ज्यादा है। इसी श्रृंखला के अगले मैच में नाथन लियोन की ऑफ स्पिन ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

भारतीय टीम ने मंगलवार को नेट सत्र में नौ स्पिनरों के खिलाफ अभ्यास किया। इसमें चार स्पिनर 15 सदस्ईय टीम का हिस्सा है जबकि पांच भारत की ए और घरेलू टीमों से जुड़े खिलाड़ी हैं। रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव पांच दिनों के मैच के लिए अपनी ऊर्जा बचाते दिखे तो वही ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग और जयंत यादव के साथ-साथ लेग स्पिनर राहुल चाहर और वामहस्त रविश्रीनिवासन साई किशोर और सौरभ कुमार ने भारतीय बल्लेबाजों को अभ्यास कराया। घरेलू क्रिकेट में ऑफ स्पिन के अच्छे गेंदबाजों की कमी यहां साफ देखी जा सकती थी। नारंग और भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके जयंत मौजूदा घरेलू सत्र में शीर्ष 10 विकेट लेने गेंदबाजों की सूची में भी नहीं है। जलज सक्सेना को यहां भी उपेक्षा झेलनी पड़ी जबकि जयंत की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय बल्लेबाज लियोन के खतरे से वाकिफ है।

भारतीय उपकप्तान लोकेश राहुल ने टीम की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, जाहिर है हमने स्पिन को खेलने पर प्रमुखता से काम किया है। हम जानते हैं कि यहां भारत में पिचें कैसी होंगी और उससे क्या उम्मीद की जाए।

इसे ध्यान में रखते हुए हमने स्पिन खेलने का अभ्यास किया। शुभमन गिल और विराट कोहली अभ्यास सत्र में स्वीप शॉट खेलते हुए दिखे तो वहीं चेतेश्वर पुजारा ऑफ स्पिन के प्रभाव को कम करने के लिए क्रीज से काफी आगे निकल कर बल्लेबाजी कर रहे थे। राहुल ने कहा, प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी व्यक्तिगत योजनाएं होती हैं। हर कोई एक निश्चित तरीके से खेलना चाहता है। हर किसी का अपना एक तरीका होता है, जिस पर कोच के साथ चर्चा की गई है। हमने स्पिन को बेहतर तरीके से खेलने की कोशिश करने के प्रयास में एक बल्लेबाजी समूह के रूप में इस पर चर्चा की है। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अभ्यास सत्र में गिल के साथ काफी समय बिताया। कोच ने इस दौरान इस युवा खिलाड़ी को स्वीप शॉट के दौरान गेंद को नीचे रखने के तरीके बताए। गिल को इसके बाद क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की देखरेख में फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर कैच का अभ्यास करते हुए देखा गया। भारत की अंतिम एकादश को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन गिल के शानदार लय को देखते हुए उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा है। स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंद पहले दिन से ही काफी टर्न करेगी और ऐसे में टीम में बेहतर विकेटकीपर की जरूरत होगी। इस मामले में कोना भरत का दावा इशान किशन के मुकाबले मजबूत है।

भरत कानपुर के ग्रीन पार्क मैदान पर कम उछाल वाली पिच में अश्विन के खिलाफ शानदार विकेटकीपिंग का कौशल दिखा चुके है। किशन हालांकि बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और ऋषभ पंत की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। टीम को एक और चयन में काफी विचार करना है तथा अक्षर और कुलदीप में किसी एक को चुनना होगा। स्पिनरों की मददगार पिचों में अक्षर ने पिछले सत्र में काफी प्रभावित किया था और वह बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं।




## खेलो इंडियाः सब्जी उगाने वाले किसान परिवार के भारोत्तोलक ने जीता कांस्य पदक

**भाषा।** इंदौर

**खेलो** इंडिया युवा खेलों के दौरान लड़कों के 61 किग्रा. भार वर्ग में मंगलवार को कांस्य पदक जीतने वाले महाराष्ट्र के भारोत्तोलक शुभम विजय कालभोर अपनी इस कामयाबी पर खुश हैं। कालभोर ने खेलो इंडिया युवा खेलों में स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर कुल 240 किग्रा. वजन उठाया और तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, मैंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की कोशिश की। मैं अगर थोड़ा वजन और उठा लेता, तो रजत पदक जीत सकता था। अगली बार मैं बेहतर तैयारी के साथ खेलूंगा। कालभोर ने बताया कि उनका परिवार महाराष्ट्र के पुणे के पास ग्रामीण इलाके में खेती करता है और सब्जियां उगा कर बेचता है। उन्होंने कहा, मैं पहले किक बॉक्सिंग खेलता था। मेरे चाचा ने मुझे भारोत्तोलन के लिए प्रेरित किया। कालभोर ने कहा कि उन्होंने दो साल तक अपने गांव में ही भारोत्तोलन का प्रशिक्षण लिया और बाद में एक सरकारी प्रशिक्षण केंद्र में खेल के गुर सीखे। खेलो इंडिया युवा खेलों में महाराष्ट्र के इस नौजवान खिलाड़ी का हौसला बढ़ाने उनके दादा तुकाराम मारुति कालभोर भी इंदौर पहुंचे थे। कालभोर की कामयाबी को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उनके गदगद दादा ने कहा, आप हमारे चेहरे की हंसी देखिए। हम सब बहुत खुश हैं। शुभम हमारे पूरे परिवार का पहला खिलाड़ी है जो इस मुकाम पर पहुंचा है। खेलो इंडिया युवा खेलों में लड़कों के 61 किग्रा. भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश के शंकर लापुंग ने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर कुल 248 किग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि असम के सिद्धांता गोगोई ने कुल 243 किग्रा. वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया।

## क्विक न्यूज

### जैक सोक डलास ओपन के दूसरे दौर में

**डलास (एपी)।** वाइल्ड कार्डधारी जैक सोक ने डलास ओपन के पहले दौर में इया इवांश्का को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। आठवीं रैंकिंग वाले फ्रिट्स पिछले साल इस इंडोर हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गए थे। गत चैम्पियन रीली ओपेलका इस साल नहीं खेल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीत सकता हैः डुमिनी



**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय टीम टेस्ट मैचों में घरेलू परिस्थितियों में हमेशा मजबूत मानी जाती है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला जेपी डुमिनी का मानना है कि चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी होगा और टीम 2-1 इसे जीत सकती है। इस श्रृंखला में भारत को ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नही मिलेगी लेकिन हरफनमौला रविन्द्र जडेजा घुटने की सर्जरी से उबर कर वापसी करने के लिए तैयार है। नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के बारे में पूछे जाने पर डुमिनी ने कहा, मेरा मानना है कि यह काफी करीबी श्रृंखला होगी लेकिन मुझे सच में लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छा मौका है। वे निश्चित रूप से ऐसी टीम है जो भारत को हरा सकती है। डुमिनी ने दक्षिण अफ्रीका (एसए) टी20 लीग के द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम इसे 2-1 से जीतेगी और उस्मान ख्वाजा श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ख्वाजा ने इस साल जनवरी मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी टेस्ट मे नाबाद 195 रन की पारी खेली थी। एसए टी20 लीग में पार्ल रॉयल्स टीम को कोचिंग दे रहे डुमिनी ने हालांकि कहा कि घरेलू परिस्थितियो मे भारत को कमजोर आंकना गलती होगी।

## सानिया और बेथानी अबु धाबी ओपन के पहले दौर से बाहर

**भाषा।** अबुधाबी



**भारतीय** टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी को अबुधाबी ओपन के पहले दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने हरा दिया। सानिया और माटेक को करीब सवा घंटे तक चले मैच में 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। छह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सानिया 19 फरवरी से शुरू हो रही दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रही है। पिछले महीने सानिया और रोहन बोपन्ना आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में उपविजेता रहे थे। उन्हें ब्राजील के रफेल मातोस और लुइसा स्टेफानी ने हराया था। वह ग्रैंडस्लैम में सानिया का आखिरी मैच था।

## नेपाल से हार के कारण भारत पर जल्दी बाहर होने का खतरा

**भाषा।** ढाका



**भारत** को मंगलवार को यहां नेपाल से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर सैफ अंडर-20 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप से जल्द बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है।

अपूर्णा नारजरी ने 21वें मिनट में गोल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन नेपाल ने अच्छी वापसी करके फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। उसकी तरफ से अंजलि चंद (48वें), प्रीति राय (69वें पेनल्टी) और अमीषा कार्की (89वें) ने गोल किए। भारत के अब तीन मैचों में चार अंक हैं जबकि नेपाल के छह अंक हैं।

मेजबान बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसे फाइनल में पहुंचने के लिए भूटान के खिलाफ केवल मैच ड्रा कराना होगा।

## आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**भाषा।** मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के सबसे सफल टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और 2021 में टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान आरोन फिंच ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 36 वर्ष के फिंच हालांकि बिग बैश लीग और घरेलू टी20 मैचों में खेलते रहेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया, हमारे विश्व कप विजेता और सबसे लंबे समय तक टी20 कप्तान रहने वाले आरोन फिंच ने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। अपने योगदान के लिए धन्यवाद आरोन फिंच।

फिंच का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेना तय माना जा रहा था। उन्होंने पिछले साल वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया और आखिरी टेस्ट भी 2018 में खेला था। उनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने दुबई में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप 2021 जीता था। पिछले साल हालांकि अपनी सरजमीं पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम नहीं पहुंच सकी। फिंच ने आखिरी टी20 मैच भी उसी टूर्नामेंट में खेला जब आस्ट्रेलिया की आयरलैंड पर 42 रन से जीत में उन्होंने 63 रन बनाए थे।

### अकमल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया



**कराची( भाषा )।** पाकिस्तान के पूर्व विकेट कीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किए जाने के बाद मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। कामरान ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोचिंग को पेशे के तौर पर अपना लिया है और इसलिए उन्होंने तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि एक बार कोचिंग में जाने या राष्ट्रीय चयनकर्ता बनने के बाद आप खेलने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हो। पाकिस्तान की तरफ से 2017 तक 268 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले कामरान को पाकिस्तान सुपर लीग की टीम पेशावर जल्मी ने भी बाहर कर दिया था।

## स्नेह राणा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर

**दुबई ( भाषा )।** भारत की स्नेह राणा आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पायदान पर पहुंच गई हैं जबकि दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर आ गई हैं। आफ स्पिनर राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 21 रन देकर दो विकेट लिए थे। दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर एन एमलाबा ने दीप्ति को पछाड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। भारत के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 16 रन देकर दो विकेट लिए थे। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर एक पायदान ऊपर दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं दीप्ति शर्मा दो पायदान चढकर 23वें और हरलीन देयोल 20 पायदान चढकर 110वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला चोले ट्रायोन शीर्ष पर बनी हुई हैं। दस फरवरी से शुरू हो रहे महिला टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलिया की बल्लेबाज ताहलिया मैकग्रा सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाली खिलाड़ी बन सकती हैं।

## 409 खिलाड़ियों की सूची से अधिकतम 90 के लिए लगेगी बोली

**डब्ल्यूपीएल नीलामी**

**भाषा।** मुंबई



**हरमनप्रीत** कौर, स्मृति मंधाना, एलिसा हीली और सोफी एक्लेस्टोन जैसी दिग्गजों ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए 13 फरवरी को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में खुद को 50 लाख रुपए की सर्वाधिक रकम वाली श्रेणी में रखा है। इस नीलामी में पांच फ्रेंचाइजी टीमें कुल मिलाकर 90 खिलाड़ियों के लिए बोली लगा सकती हैं जिसके लिए 409 क्रिकेटरों की अंतिम सूची जारी की गई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा था कि लीग के सभी 22 मैच चार से 26 मार्च तक मुंबई में होंगे। इन 409 खिलाड़ियों में से 246 भारतीय है जबकि 163 विदेशी खिलाड़ी हैं। इसमें से आठ एसोसिएट देशों के खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों में 202 ने राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। इस सूची में 24 खिलाड़ियों ने खुद को 50 लाख रुपए के सर्वोच्च रकम वाली श्रेणी में रखा है जबकि 38 खिलाड़ी 40 लाख रुपए की श्रेणी में है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत, सलामी बल्लेबाज स्मृति , ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज हीली और इंग्लैंड की शीर्ष स्पिनर एक्लेस्टोन के अलावा हाल ही में अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, इंग्लैंड की नेट साइवर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग ने खुद को 50 लाख रुपए की शीर्ष श्रेणी में रखा है। दक्षिण अफ्रीका में इस विश्व कप जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के सितारे भी इस अभियान का हिस्सा होंगे। इनमें पार्शवी चोपड़ा, अर्चना देवी, टिटास साधु, श्वेता सहरावत और मन्नत कश्यप (सभी 10 लाख रुपए की श्रेणी में) शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग की नीलामी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 13 फरवरी 2023 होगी। इसके लिए कुल 409 क्रिकेटरों सूची जारी की गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती सत्र के नीलामी के लिए कुल 1525 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया और अंतिम सूची को 409 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने पांच टीमों के लिए बोली में 4669.99 करोड़ रुपए हासिल करने के बाद इस लीग का प्रसारण अधिकार 951 करोड़ रुपए में बेचा। मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल जैसी आईपीएल टीमों के अलावा कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स (लखनऊ) और अडानी स्पोर्टलाइन ने डब्ल्यूपीएल के लिए फ्रेंचाइजी टीमें खरीदी हैं। नीलामी में हर फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों पर 12 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है।

## खेलों के कारण उग्रवादी बनने से बच गईः सरिता

**भाषा।** अमीनगांव (असम)



**चैम्पियन** मुक्केबाज लैशराम सरिता देवी ने मंगलवार को यहां कहा कि एक बार वह उग्रवादी बनने की तरफ बढ़ रही थी लेकिन खेलों ने उनकी जिंदगी बदल दी। सरिता देवी ने यहां वाई20 सम्मेलन में नब्बे के दशक के उन दिनों को याद किया जब मणिपुर में उग्रवाद अपने चरम पर था और कहा कि खेलों के कारण वह उग्रवादी बनने से बच गई।

उन्होंने कहा कि मैं उग्रवादियों से प्रभावित होकर उग्रवाद की तरफ बढ़ रही थी। मैं उनके लिए हथियार मुहैया कराती थी, लेकिन खेलों ने मुझे बदल दिया और मुझे अपने देश का गौरव बढ़ाने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। सरिता ने कहा, मैं एक छोटे से गांव में रहती थी और जब मैं 12-13 साल की थी तो हर दिन उग्रवादियों को देखती थी। घर पर रोजाना लगभग 50 उग्रवादी आते थे। मैं उनकी बंदूकें देखती थी और उनके जैसा बनना चाहती थी। मैं उग्रवाद की तरफ बढ़ रही थी। पूर्व विश्व चैंपियन ने स्वीकार किया कि एक समय वह उग्रवादियों के हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करती थी। उन्होंने कहा, मैं उनके जैसा बनने का सपना देखती थी और मुझे बंदूकों से खेलना बहुत पसंद था।

मुझे नहीं पता था कि खेलों से आप खुद को और देश को प्रसिद्धि दिला सकते हैं। एक दिन उनके भाई ने उनकी पिटाई की जिसके बाद उनकी जिंदगी बदल गई। सरिता ने कहा, मैं खेलों से जुड़ी और फिर मैंने 2001 में पहली बार बैंकॉक में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीता। चीन की मुक्केबाज ने स्वर्ण पदक जीता था।

उनका राष्ट्रगान बजाया गया और सभी ने उसे सम्मान दिया। यही वह क्षण था जब मैं भावुक हो गई थी। उन्होंने कहा, इसके बाद मैंने कड़ी मेहनत की और 2001 से 2020 तक कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर ढेरों पदक जीते। खेलों ने मुझे बदल दिया। मैं अपने देश के युवाओं में इसी तरह का बदलाव देखना चाहती हूं।

## पहले टेस्ट में बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं ग्रीन, कहा गिलक्रिस्ट ने

**भाषा।** सिडनी



**महान** विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि आस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में हरफनमौला कैमरन ग्रीन बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं। तेईस वर्ष के ग्रीन दाहिने हाथ की ऊंगली की सर्जरी के बाद अब फिटनेस हासिल करने की राह पर हैं।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान उनकी ऊंगली की हड्डी टूट गई थी।

आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड पहले ही कह चुके हैं कि ग्रीन फिलहाल गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। गिलक्रिस्ट ने सेन रेडियो से कहा कि मुझे लगता है कि चयनकर्ता उन्हें छठे नंबर पर उतारेंगे बशर्ते वह पूरी तरह से फिट हों और ऊंगली की चोट का असर नहीं हो। उन्होंने कहा , इस टीम को एक दूसरे पर काफी भरोसा है और हर हालत में एक दूसरे का साथ देने को तैयार है। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड भी चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। गिलक्रिस्ट ने कहा कि अगर बोलैंड खेलता है तो टीम के लिए बहुत अच्छा होगा। वह काफी आक्रामक और सटीक गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि स्टार्क का नहीं खेल पाना बहुत बड़ा झटका है लेकिन भारतीय टीम में भी तो ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह नहीं है। मुकाबला बराबरी का होगा।

## सिराज-शुभमन महीने के सर्वश्रेष्ठ आईसीसी खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित

**भाषा।** दुबई




**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को मंगलवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामांकन मिला है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे पुरस्कार की दौड़ में तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक इस साल में विभिन्न प्रारूपों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगा दिए हैं।

गिल ने पिछले महीने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि सिराज ने जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में नई गेंद के साथ वनडे में बेहतरीन गेंदबाजी की है। गिल ने मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहला टी20 खेला जिसमें सात रन ही बना सके लेकिन तीसरे मैच में 46 रन बनाए। इसके बाद तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में पहले वनडे में उन्होंने 149 गेंद में 208 रन की पारी खेली जबकि दूसरे छोर से कोई बल्लेबाज 28 के पार नहीं जा सका था। वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए।

इसके बाद अगली दो पारियों में नाबाद 40 और 112 रन बनाए। उन्होने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में सर्वाधिक स्कोर के पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 360 रन बनाए। दूसरी ओर सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में सात ओवर में 30 रन देकर दो विकेट लिए।

इसके बाद अगले दो मैचों में क्रमशः तीन और चार विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में उन्होंने चार विकेट लिए और दूसरे मैच में छह ओवर में महज दस रन देकर एक विकेट लिया।